16 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 266

झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से



# धरती पर लौटे शुभांशु शुक्ला

## अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र में 18 दिन रहे

- कैलिफोर्निया के तट पर हुई स्पेसक्राफ्ट की लैंडिंग
- परिवार के साथ पूरे देश भर में खुशी की लहर



एजेंसी

**कैलिफोर्निया।** शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष केंद्र में 18 दिन रहने के बाद पृथ्वी पर लौट आये हैं। करीब 23 घंटे के सफर के बाद ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट की मंगलवार को दोपहर तीन बजे कैलिफोर्निया के तट पर लैंडिंग हुई। इसे स्प्लैशडाउन कहते हैं। चारों एस्ट्रोनॉट एक दिन पहले यानी सोमवार की शाम 4:45 बजे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से पृथ्वी के लिए रवाना हुए थे। बताते चलें कि एक्सिओम मिशन 4 के तहत 25 जून को दोपहर करीब 12 बजे चारों एस्ट्रोनॉट रवाना हुए थे। स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट से जुड़े ड्रैगन कैप्सूल में इन्होंने कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरी थी। सभी एस्ट्रोनॉट 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आइएसएस) पहुंचे थे।

भारत ने चार दशक बाद मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में वापसी की है। एक्सिओम-4 मिशन के तहत ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आइएसएस से सफलतापूर्वक धरती पर लौटने से देश में खुशी का माहौल है। वहीं, ग्रुप कैप्टन शुक्ला और उनकी टीम को देशभर से शुभकामनाएं दी जा रही हैं। शुभांशु के माता-पिता ने लखनऊ में टीवी स्क्रीन पर अपने बेटे की पृथ्वी पर वापसी देखी। बेटे की सकुशल वापसी पर आंसू छलक गये। उनकी इस खुशी में पूरा देश शामिल हुआ।

**17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं शुभांशु:** शुभांशु 17 अगस्त तक भारत लौट सकते हैं। अंतरिक्ष यात्रियों को लैंडिंग के बाद मेडिकल जांच और पुनर्वास (धरती के वातावरण के अनुकूलन) के लिए आमतौर पर सात दिन लगते हैं, ताकि वे पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण में फिर से ढल सकें। इसके बाद ही शुभांशु भारत लौटेंगे।



'ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का अंतरिक्ष यात्रा के बाद धरती पर स्वागत है। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक्सिओम-4 मिशन में उनकी भूमिका ने भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के साथ-साथ विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है। इस मिशन से जुड़े लोगों को मेरी बधाई।'

- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



'मैं पूरे देश की तरफ से ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला का स्वागत करता हूं, जो अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन से धरती पर लौटे हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में उन्होंने अपनी मेहनत, साहस और नये रास्ते खोलने की भावना से एक अरब लोगों के सपनों को प्रेरित किया है। यह हमारी अपनी मानव अंतरिक्ष उड़ान योजना गगनयान की ओर एक और बड़ा कदम है।'

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### एक नजर में शुभांशु की वापसी

- शाम 4:45 बजे आइएसएस से पृथ्वी के लिए निकले थे शुभांशु
- 14 जुलाई को दोपहर करीब 02:15 बजे क्रू ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में पहुंचा।
- शाम 4:45 बजे स्पेसक्राफ्ट आइएसएस के हार्मनी मॉड्यूल से अनडॉक हुआ।
- 15 जुलाई को दोपहर करीब तीन बजे कैलिफोर्निया के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ।

# नामकुम बिजली कार्यालय में हथियारबंद अपराधियों का हमला



### तीन घंटे तक कर्मचारियों को बनाया बंधक, जान से मारने की दी धमकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में अपराधियों का हौसला दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। सोमवार की देर रात हथियारबंद करीब 25 अपराधियों ने नामकुम स्थित ग्रिड सब स्टेशन और ट्रांसमिशन सेंट्रल स्टोर को अपना निशाना बनाया। हथियारों से लैस 25 अपराधियों ने वहां तैनात ऑपरेशनल स्टाफ और होमगार्ड जवानों को तीन घंटों तक बंधक बना लिया। इस दौरान अपराधियों ने कर्मचारियों के मोबाइल फोन छीनकर उन्हें बंद कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने स्टोर और सब स्टेशन के ताले काट डाले और कॉपर मटेरियल, रिले जैसे कीमती सामान चुराने की कोशिश की। हालांकि यह जानकारी फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पायी है कि कितने सामान की चोरी हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराधी चड्ढी-बनियान पहन कर और मुंह पर गमछा लपेट कर आये थे। उन्होंने सीसीटीवी का तार काट दिया। बताया जा रहा कि लाखों रुपये का सामान लेकर वह गये हैं। अपराधियों ने करीब रात 1:30 बजे, उन्होंने सभी कर्मचारियों के मोबाइल वापस किये। कंट्रोल रूम के स्टाफ के अनुसार वे जाते-जाते यह कह गये कि अगर किसी ने पुलिस या अधिकारियों को इस घटना के बारे में बताया, तो वे फिर लौटकर आयेंगे। फिलहाल पुलिस को सूचना दी गयी है और मामले की जांच जारी है।

# दलमा मंदिर जाने के लिए वन विभाग ने लगायी एंट्री फीस, लोगों ने किया विरोध

### पांच रुपये से डेढ़ सौ रुपये तक फीस
### भाजपा ने बताया सनातन आस्था पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** झारखंड के दलमा पहाड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में श्रावण महीने के दौरान दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं से वन विभाग द्वारा पहली बार एंट्री फीस वसूले जाने के फैसले को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस निर्णय से धार्मिक संगठनों के साथ-साथ राजनीतिक हलकों में भी नाराजगी देखी जा रही है। भाजपा ने इस फैसले का तीखा विरोध करते हुए इसे सनातन धर्म और धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा प्रहार बताया है। वन विभाग के आदेश को 'तुगलकी फरमान' करार दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त से इस आदेश को तुरंत रद्द करने की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद ने भी तीखा विरोध जताया है। परिषद ने इसे सनातन धर्म और श्रद्धालुओं की आस्था के विरुद्ध बताते हुए




राज्य सरकार के इस निर्णय को अविलंब रद्द करने की मांग की है। जिला प्रशासन को इस संबंध में ज्ञापन भी सौंपा है। बताते चलें कि दलमा पहाड़, वन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इस क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को जंगल के रास्ते से गुजरना पड़ता है। इसी आधार पर वन विभाग ने यह शुल्क निर्धारित किया है।

**पांच से डेढ़ सौ रुपये तक शुल्क:** वन विभाग ने प्रति व्यक्ति पांच रुपये फीस निर्धारित किया गया है। वहीं, दोपहिया वाहन के प्रवेश पर 50 रुपये, तीन पहिया वहन पर 100 रुपये और चार पहिया वाहन पर 150 रुपये फीस निर्धारित किया गया है। नोटिस पर लिखा गया है कि सावन माह के अवसर पर श्रद्धालुओं के श्रद्धा एवं भक्ति को ध्यान में रखते हुए वाहनों को निर्धारित दलमा वन्य प्राणी आश्रयणी में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है। अब यह फैसला धार्मिक आस्था और प्रशासनिक नीति के टकराव का विषय बन गया है।


### विधायक मंगल कालिंदी पैदल आने वाले श्रद्धालुओं के शुल्क का करेंगे भुगतान

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जुगशालाइ विधायक मंगल कालिंदी ने जमशेदपुर परिसदन में वन विभाग के डीएफओ सबा आलम अंसारी के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विधायक मंगल कालिंदी ने श्रावण माह में दलमा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में दर्शन के लिए पैदल आने वाले श्रद्धालुओं से ली जाने वाले शुल्क के बारे में बात की। इस शुल्क को मंगल कालिंदी अपने वेतन के पैसे से भुगतान करने की बात कही। उन्होंने डीएफओ को निर्देश दिया की इसकी सुचना अन्य अधिकारियों को दे दी जाये और आज से ही पैदल श्रद्धालुओं से शुल्क ना लिया जाये। शुल्क की जितनी भी राशि होंगी उसे वह अपने वेतन के पैसे से भुगतान करेंगे।

### 'आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाना होगा : जयशंकर

**बीजिंग (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को चीन के तिआनजिन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिये। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। इस हमले में 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गयी थी। जयशंकर ने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से मुकाबले के उद्देश्य से की गयी थी।










# बिहार में तेजस्वी यादव के लिए लग गया 'पप्पू ब्रेक'

## ■ पप्पू यादव ने लोकसभा चुनाव में स्ट्राइक रेट के अनुसार सीट बंटवारे का दिया सुझाव

## ■ कांग्रेस के दो बड़े नेताओं को सीएम फेस बता कर बजायी खतरे की घंटी

## ■ राहुल के मंच पर चढ़ने से रोकने के अपमान का बदला लिया पप्पू यादव ने

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों गठबंधनों ने तैयारी तेज कर दी है। महागठबंधन के घटक दलों की समन्वय समिति और उप समितियों की बैठक में सीट बंटवारे सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गयी। इस बैठक के बाद दिल्ली में कांग्रेस की भी बैठक हुई, जिसमें राहुल गांधी के विशेष आमंत्रण पर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी शामिल हुए। बैठक के बाद पप्पू यादव ने बिहार में इंडी अलायंस के नेता तेजस्वी यादव को अपरोक्ष रूप से तगड़ा झटका दिया है। पप्पू यादव ने पिछले लोकसभा चुनाव के स्ट्राइक रेट के आधार पर इंडी अलायंस में सीटों के बंटवारे की मांग की। इतना ही नहीं, उन्होंने साफ कह दिया कि तेजस्वी यादव के साथ कांग्रेस के दो नेता, राजेश राम और तारिक अनवर भी सीएम का चेहरा हो सकते हैं। यानी बकौल पप्पू यादव, तेजस्वी यादव अकेले सीएम का चेहरा नहीं हैं। पप्पू यादव के इन बयानों से साफ हो गया है कि बिहार में इंडी अलायंस की गाड़ी सही तरीके से नहीं चल रही है। इसमें अंदरूनी गड़बड़ी तो है ही, साथ ही उबड़-खाबड़ रास्ते पर चलने से इसकी हालत अभी से ही खराब हो चली है। ऐसे में सीटों के बंटवारे समेत दूसरे बड़े चुनावी मुद्दों पर गठबंधन के भीतर सहमति कैसे बनेगी, यह देखना बेहद दिलचस्प हो सकता है। उधर तेजस्वी यादव के लिए यह 'पप्पू ब्रेक' कितना कारगर होगा और इसका इंडी अलायंस की चुनावी संभावनाओं पर क्या असर होगा, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव के लिए मची आपाधापी के बीच विपक्षी महागठबंधन, यानी इंडी अलायंस के भीतर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बड़ा तूफान पैदा कर दिया है। इंडी अलायंस की बैठक के बाद जहां उन्होंने सीट बंटवारे के नये फॉर्मूले को अपनाने का सुझाव दिया, वहीं कांग्रेस की बैठक में राहुल गांधी से मुलाकात के बाद उन्होंने कह दिया है कि बिहार में इंडी अलायंस का चेहरा तेजस्वी यादव ही नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस के दो नेता, राजेश राम और तारिक अनवर भी हो सकते हैं। पप्पू यादव के इन बयानों को तेजस्वी यादव के लिए 'पप्पू ब्रेक' माना जा रहा है।

### संसदीय चुनाव में स्ट्राइक रेट के आधार पर हो सीटों का बंटवारा

तीन दिन पहले इंडी अलायंस की बैठक के बाद पप्पू यादव ने साफ तौर पर कहा कि गठबंधन के भीतर सीटों का बंटवारा लोकसभा चुनाव के स्ट्राइक रेट के आधार पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस में सीटों का बंटवारा पिछले लोकसभा चुनाव के आधार पर होना चाहिए। उस चुनाव में कांग्रेस का स्ट्राइक रेट सबसे शानदार रहा था। उन्होंने कहा कि वैसे दलों को सीट लेने से पहले सोचना चाहिए, जिनकी लोकसभा चुनाव में जमानत जब्त हो गयी थी। बता दें कि पप्पू यादव कांग्रेस के सीटों को लेकर लगातार अपनी बात रखते रहे हैं। इससे पहले भी उन्होंने विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को एक सौ सीटों को लक्ष्य बना कर कम से कम 90 सीटों पर लड़ने को सलाह दी थी। उन्होंने कहा था कि बिहार में दलित, अति पिछड़ा, पिछड़ा अल्पसंख्यक, महिला, युवा और सभी समाज के गरीब कांग्रेस के भरोसे पर ही महागठबंधन से जुड़ेंगे, अन्यथा उनका भरोसा नहीं जगेगा। बिहार में विपक्ष को सभी वर्गों का वोट चाहिए, तभी बदलाव होगा। पप्पू यादव के इस बयान के बाद बयानबाजी भी तेज हो गयी थी।

### लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया था

पिछले लोकसभा चुनाव में बिहार की 40 सीटों में से कांग्रेस ने नौ सीटों पर चुनाव लड़ा और तीन सीटें जीत ली थीं, जबकि उसके प्रमुख साझीदार राजद ने 26 सीटों पर दमखम दिखाया, पर केवल चार जीत पायी थी। इस तरह कांग्रेस का स्ट्राइक रेट राजद से बहुत बेहतर रहा था। माना जा रहा है कि सांसद पप्पू यादव इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

### कांग्रेस के नेताओं को बताया सीएम चेहरा

सीट बंटवारे पर पप्पू यादव के सुझाव के बाद पैदा हुआ तूफान अभी शांत भी नहीं हुआ





था कि निर्दलीय सांसद ने एक और बड़ी बात कह दी। दिल्ली में कांग्रेस की विशेष बैठक में शामिल होने और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद निर्दलीय सांसद पूरे जोश में बाहर निकले। उन्होंने एक तरह से तेजस्वी यादव को गठबंधन का मुख्यमंत्री उम्मीदवार मानने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास भी कई काबिल नेता हैं, जो विधानसभा चुनाव में सीएम उम्मीदवार बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पास दलित समाज से आने वाले प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार राम और मुस्लिम समुदाय से आने वाले सांसद तारिक अनवर जैसे सक्षम नेता हैं, जो सीएम उम्मीदवार हो सकते हैं। पूर्णिया सांसद ने राहुल गांधी की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब भी अपने नेता से मिलता हूं, नयी ऊर्जा से भर जाता हूं। पप्पू यादव ने कहा कि बिहार चुनाव के लिए कांग्रेस पूरी तरह से तैयार है।

### अपने अपमान का बदला लिया पप्पू यादव ने

राजनीतिक हलकों में पप्पू यादव के इन बयानों को नौ जुलाई को बिहार बंद के दौरान हुए उनके अपमान से जोड़ कर देखा जा रहा है। नौ जुलाई को इंडी अलायंस द्वारा बुलाये गये बिहार बंद के दौरान पप्पू यादव और कन्हैया कुमार को राहुल गांधी के मंच पर चढ़ने नहीं दिया गया था। कहा जाता है कि ऐसा मंच पर मौजूद तेजस्वी यादव के इशारे पर किया गया था और इसे पप्पू यादव का अपमान बताया गया था।

### पप्पू यादव और लालू यादव का रिश्ता जगजाहिर

पप्पू यादव और लालू यादव की दोस्ती और दुश्मनी की कहानी जगजाहिर है। जब दोनों में दोस्ती थी, तो पप्पू ने वह दोस्ती निभायी, जिसकी मिसाल दी जाती है। और अब जब दुश्मन है, तो तल्खी दिखती है, जिसमें दोस्ती की गुंजाइश बरकरार रहे। इसी गुंजाइश के लिए पप्पू यादव कांग्रेस में शामिल भी हुए, टिकट की कोशिश भी की और जब टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय चुनाव जीतकर सांसद बन गये और फिर से कांग्रेस के सुर में सुर मिलाने लगे। लेकिन शायद तेजस्वी से उनके सुर तो अभी नहीं ही मिल रहे हैं।

### लालू परिवार के विरोधी हैं पप्पू यादव

कुछ लोग कहते हैं कि पप्पू यादव की राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने ही उन्हें लालू यादव का दुश्मन बना दिया, तो कुछ लोग कहते हैं कि तेजस्वी यादव को बिहार की राजनीति में स्थापित करने के लिए लालू यादव ने पप्पू यादव को किनारे लगा दिया। कुछ लोगों का मानना है कि लालू परिवार की बाहुबली आनंद मोहन के परिवार से बढ़ी नजदीकियों ने पप्पू यादव को राजनीति में हाशिये पर डाल दिया। कारण चाहे कुछ भी हो, यह सच है कि पिछले एक दशक से पप्पू यादव लगातार लालू परिवार के खिलाफ झंडा उठाये हुए हैं। लालू परिवार भी पप्पू यादव को देखना नहीं चाहता। इस परिवार का पप्पू यादव से विरोध का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तेजस्वी यादव खुद पूर्णिया लोकसभा सीट से राजद की उम्मीदवार बीमा भारती के नामांकन में पहुंचे थे। इससे भी बात नहीं बनी, तो तेजस्वी यादव ने पूर्णिया में कैंप कर दिया, जिसमें पार्टी के 40 से ज्यादा विधायक पूर्णिया पहुंच गये, ताकि पप्पू यादव की हार सुनिश्चित की जा सके। पप्पू यादव ने कांग्रेस द्वारा टिकट नहीं दिये जाने पर निर्दलीय चुनाव लड़ा और बीमा भारती को हरा दिया।


अब पप्पू यादव कांग्रेस की गाड़ी पर सवार होकर तेजस्वी की राह में बाधाएं तो खड़ी कर रहे हैं, लेकिन इसका सबसे बुरा असर पूरे इंडी अलायंस पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि गठबंधन के बिना एनडीए का मुकाबला असंभव नहीं, तो मुश्किल जरूर है।

---

# बिहार के वोटर लिस्ट से 30 लाख नाम कटेंगे

- वेरिफिकेशन में 14 लाख लोग बीएलओ को नहीं मिले
- 10.50 लाख लोगों की हो चुकी है मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**पटना।** बिहार में वोटर लिस्ट बनाने और उसे अपडेट करने का काम अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। चुनाव आयोग की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक राज्य के सात करोड़ 89 लाख 69 हजार 844 मतदाताओं में से अब तक छह करोड़ 60 लाख 67 हजार 208 लोगों ने अपना फॉर्म भर दिया है। ये कुल का 88.18 प्रतिशत है। यानी अब सिर्फ 11.82 प्रतिशत मतदाताओं का ही फॉर्म भरना बाकी रह गया है। आयोग ने बताया कि घर-घर जाकर दो बार बीएलओ ने सर्वे किया। इसमें पता चला कि 1.59% यानी 10 लाख 50 हजार 468 वोटरों की मौत हो चुकी है। वहीं, 2.2% यानी करीब 14 लाख 53 हजार 478 लोग बीएलओ को मिले ही नहीं। बताया गया कि वे हमेशा के लिए दूसरी जगह चले गये हैं। इसके अलावा 0.73 प्रतिशत, यानी चार लाख 82 हजार 290 लोगों का नाम दो जगह दर्ज पाया गया। इन तीनों वर्गों को मिलाकर देखा जाये, तो कुल 29 लाख 86 हजार 237 लोगों का नाम वोटर लिस्ट से कटेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि अभी भी लगभग 11 दिन बाकी हैं। आयोग का प्रयास है कि राज्य का कोई भी योग्य वोटर छूटे नहीं। जो लोग बिहार से बाहर चले गये हैं, उनके लिए भी अखबारों, सोशल मीडिया, कॉल और सीधी बातचीत के जरिये सूचना दी जा रही है। आयोग चाहता है कि सभी लोग अपना फॉर्म समय पर भरें, ताकि उनका नाम आगामी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में प्रकाशित हो सके। यह लिस्ट एक अगस्त को जारी की जायेगी। चुनाव आयोग के मुताबिक फॉर्म भरने का काम तेजी से हो रहा है। इस काम में करीब एक लाख बीएलओ लगे हुए हैं। उन्हें अब तीसरे चरण का सर्वे करने के लिए कहा गया है। इनके अलावा डेढ़ लाख बीएलओ भी मैदान में हैं, जो सभी पार्टियों की ओर से नियुक्त होते हैं। ये बीएलओ रोजाना 50 फॉर्म तक सत्यापित और जमा कर सकते हैं। आयोग ने बताया कि राज्य के सभी 261 नगर निकायों के 5683 वार्डों में विशेष कैंप भी लगाये जा रहे हैं, ताकि कोई भी योग्य शहरी वोटर छूट न जाये।

---

# श्रावणी मेले के लिए चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजकीय श्रावणी मेले के सफल आयोजन और नागरिक मूलभूत सुविधाओं को बेहतर ढंग से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर विकास विभाग ने चार सहायक नगर आयुक्तों की प्रतिनियुक्ति की है। इसकी अधिसूचना विभाग के उप सचिव राजकुमार ने मंगलवार को जारी की है। अधिसूचना के अनुसार रांची नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त सूरज प्रकाश चौधरी, चंद्रदीप कुमार, धनबाद नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त मोटाय बानरा और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र के सहायक नगर आयुक्त अरविंद तिर्की को देवघर श्रावणी मेले के लिए प्रतिनियुक्त किया गया है। ये सभी अधिकारी तत्काल प्रभाव से देवघर नगर निगम में अपना योगदान समर्पित करेंगे। जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है उनसे संबंधित नगर निकायों के प्रमुखों को अविलंब विरमित करने का निर्देश दिया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारियों के आवास की व्यवस्था देवघर नगर निगम की ओर से की जायेगी। यह आदेश श्रावणी मेले के अंत तक प्रभावी रहेगा।

# राज्य आंदोलनकारी चिह्नितिकरण आयोग का कार्यकाल समाप्त

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड राज्य आंदोलनकारी चिह्नितिकरण आयोग का कार्यकाल 13 जुलाई को समाप्त हो गया। इस आयोग के अध्यक्ष दुर्गा उरांव थे। अब या तो नये अध्यक्ष का पदस्थापन होगा या फिर इस आयोग का कार्यकाल बढ़ाया जायेगा। आंदोलनकारियों को चिह्नित करने का कार्य फिलहाल बंद हो गया है। झारखंड में चिह्नित आंदोलनकारियों को निर्धारित रकम का भुगतान किया जाता है। तीन माह से कम जेल में रहने वालों को सरकार प्रशस्ति पत्र भेजती है वहीं, वैसे आंदोलनकारी जो लंबे समय तक जेल में रहे उन्हें कैटेगरी वाइज तीन हजार, पांच हजार और साढ़े सात हजार रुपये का मासिक भुगतान किया जाता है। दुर्गा उरांव इस आयोग के 2021 से इसके अध्यक्ष हैं। उम्मीद है कि इस आयोग का कार्यकाल बढ़ा देगी।**

---

# रांची में आज से शुरू होगा फुटबॉल का रोमांच

- 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का होगा भव्य आगाज
- पांचों प्रमंडलों के कुल 240 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग, तीन वर्गों में होगा मुकाबला
- लीग-कम-नॉकआउट प्रणाली में होगा प्रतियोगिता का आयोजन
- प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 16 समितियों का गठन
- 17 जुलाई को मंत्री रामदास सोरेन करेंगे प्रतियोगिता में शिरकत
- खेलगांव और बीआइटी मेसरा के मैदान में आयोजित होगी प्रतियोगिता

**प्रतियोगिता में प्रमंडल और उनके विजेता जिले निम्नलिखित हैं**

- ■ उत्तरी छोटानागपुर: हजारीबाग, धनबाद
- ■ पलामू प्रमंडल: लातेहार, गढ़वा, पलामू
- ■ दक्षिणी छोटानागपुर: रांची, गुमला
- ■ कोल्हान प्रमंडल: पश्चिमी सिंहभूम
- ■ संथाल परगना प्रमंडल: देवघर, दुमका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उन्हें राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के उद्देश्य से 64वीं राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 16 जुलाई से 19 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता प्रैक्टिस मैदान खेलगांव, रांची और बीआइटी मेसरा के मैदान में आयोजित की जायेगी। प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गयी है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 16 समितियों का गठन किया गया है। मुख्य आयोजन समिति में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव उमाशंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन, जेइपीसी के प्रशासी पदाधिकारी सचिदानंद दि. तिग्गा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग और जन सूचना पदाधिकारी सुरेश महतो शामिल हैं। अतिरिक्त सभी समितियों में शामिल कुल 36 पदाधिकारी एवं कर्मी आयोजन के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करेंगे। विद्यालय स्तर से शुरू होकर राज्य स्तर तक पहुंची इस प्रतियोगिता में अब पांचो प्रमंडलों के विजेता खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जो राष्ट्रीय सुब्रतो कप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्गों में कुल 240 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। यह प्रतियोगिता लीग-कम-नॉकआउट प्रणाली में आयोजित की जायेगी। सभी खिलाड़ियों का पंजीकरण बिरसा मुंडा स्टेडियम, खेलगांव रांची में किया जा रहा है। कार्यक्रमों की व्यस्तता के कारण स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन 17 जुलाई को शाम 4 बजे राज्यस्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। बुधवार से प्रतियोगिता के अंतर्गत मुकाबले शुरू हो जायेंगे। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष की सुब्रतो कप प्रतियोगिता को विद्यालय स्तर पर दिनांक 14 जून तक आयोजित की गयी थी। प्रखंड स्तर पर इसका आयोजन दिनांक 16 से 19 जून, जिला स्तर पर दिनांक 24 से 28 जून और प्रमंडल स्तर पर दिनांक 7 से 11 जुलाई तक किया गया था।







# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मिले सीएम हेमंत सोरेन से

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को नयी दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संरक्षक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। शिबू सोरेन झारखंड की राजनीति के सबसे कद्दावर और वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं।

# सुदेश महतो ने दिल्ली में हेमंत से गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू प्रमुख एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने नयी दिल्ली स्थित न्यू झारखंड भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर गंगाराम अस्पताल में भर्ती पूर्व उपमुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बताया कि गुरुजी के स्वास्थ्य में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। सुदेश महतो ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इससे पूर्व आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भी हेमंत सोरेन से नयी दिल्ली में मुलाकात कर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली थी। उल्लेखनीय है कि शिबू सोरेन को 19 जून को



अस्पताल में भर्ती किया गया था। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक और किडनी संबंधी समस्याओं के कारण आइसीयू में रखा गया था। सर गंगा राम अस्पताल के डाक्टरों के अनुसार न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के विशेषज्ञ उनकी देखभाल कर रहे हैं।

# लंबोदर महतो ने हेमंत सोरेन से मिलकर गुरुजी का हालचाल जाना



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो ने मंगलवार को नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गुरुजी के शीघ्र स्वस्थ होने और उनके दीघार्यु होने की कामना की है। कहा कि दिशोम गुरु झारखंड लौटकर फिर से लोगों की सेवा करेंगे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना। उच्चस्तरीय लोगों से सम्पर्क बनाने की कोशिश कामयाब होगी।
- **वृष** यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति होगी।
- **मिथुन** प्रभावशाली लोगों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, सुख-सौहार्द की वृद्धि।
- **कर्क** औपचारिक सम्पर्क और सम्बन्ध बढेगा,आत्मविश्वास में वृद्धि,धन-द्रव्य का लाभ।
- **सिंह** सक्रियता बनाये रखें,सभी काम देर-सबेर पूरा होगा,बेरोजगारों को रोजगार के अवसर बनेंगे।
- **कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र एक अगस्त से

# 4 अगस्त को पेश होगा प्रथम अनुपूरक बजट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में आगामी एक अगस्त शुक्रवार से झारखंड विधानसभा का षष्ठम तृतीय मानसून सत्र आहूत किया जायेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले मानसून सत्र में दो दिनों का अवकाश और पांच कार्य दिवस होगा।

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रबींद्रनाथ महतो ने मंगलवार को सत्र से संबंधित औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दी है। इस निर्धारित कार्यक्रम के तहत एक अगस्त को शपथ ग्रहण और झारखंड विधानसभा के सत्र में नहीं



रहने की अवधि में राज्यपाल की ओर से प्रख्यापित अध्यादेश की प्रतियां सभा पटल पर रखने के अलावे शोक सभा किया जायेगा।

वहीं दो और तीन अगस्त को सत्र में अवकाश घोषित है। इसी तरह चार अगस्त को प्रश्न काल और द्वितीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी का उपस्थापन किया जायेगा। पांच अगस्त को प्रश्न काल और वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रथम अनुपूरक विवरणी पर सामान्य वाद विवाद, मतदान एवं तत्संबंधित विनियोग विधेयक का सभा पटल पर स्थापना तथा पारण होगा। इसी तरह छह अगस्त को प्रश्न कल के साथ-साथ राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य किये जायेंगे। वहीं सात अगस्त को प्रश्न काल के साथ-साथ राजकीय विधेयक और अन्य राजकीय कार्य एवं गैर सरकारी संकल्प होगा।

# महेंद्र सिंह धोनी ने अत्याधुनिक बैडमिंटन कोर्ट का किया उद्घाटन

**गीतिलपीढ़ी में खुले आश्री बैडमिंटन कोर्ट में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं, कोचिंग की भी व्यवस्था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रांची के बिरसा चौक स्टेशन रोड स्थित आश्री बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन किया। इस अवसर पर झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव भी उनके साथ मौजूद थे।

दोनों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस अत्याधुनिक बैडमिंटन सुविधा का शुभारंभ किया। धोनी ने इस मौके पर कहा कि ऐसे कोर्ट खुलने से रांची जैसे शहरों में बैडमिंटन जैसी खेल गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। आम लोग भी अब अच्छे माहौल में ट्रेनिंग ले सकेंगे। मैं भी कभी-कभी यहां अभ्यास के लिए आ सकता हूं।



### विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस : अजय नाथ शाहदेव

अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि यह कोर्ट आधुनिक उपकरणों से सुसज्जित है और यहां खिलाड़ियों को विश्वस्तर की ट्रेनिंग सुविधा मिलेगी। कोर्ट के संचालक मंजुल केरकेट्टा ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए दो पुरुष और दो महिला कोच नियुक्त किये गये हैं। इनमें राकेश कुमार, सुषमा केरकेट्टा, सिद्धार्थ केरकेट्टा और अभिषेक केरकेट्टा शामिल हैं। कोर्ट सुबह 5 बजे से 9 बजे तक और शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक खुलेगा। इच्छुक लोग संपर्क कर सदस्यता और प्रशिक्षण से जुड़ी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। धोनी की मौजूदगी और इस तरह की विश्वस्तरीय सुविधा के शुरू होने से रांची के बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक नयी पहचान और बेहतर प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। मौके पर बड़ी संख्या में खेल प्रेमी और स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

## जेएसएससी-सीजीएल पेपर लीक की सीबीआइ जांच वाली याचिका पर 19 अगस्त को सुनवाई

रांची (आजाद सिपाही)। जेएसएससी-सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) पेपर लीक मामले की सीबीआइ जांच कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर हाइकोर्ट अब 19 अगस्त को सुनवाई करेगा। मंगलवार को यह मामला सुनवाई के लिए सूचीबद्ध था, लेकिन इस मामले की सुनवाई नहीं हो पायी। पिछली सुनवाई में सरकार ने कोर्ट को जानकारी दी थी कि मामले में कई आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दायर की जा चुकी है। सीबीआइ जांच अंतिम चरण में है।

# राज्य सरकार विकास से सीधे जुड़े विभागों की अनदेखी कर रही है : प्रतुल शाह देव

**विकास कार्य करने वाले कई विभागों में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पद रिक्त या प्रभार में**

**क्या सरकार को इन पदों के लिए 'योग्य' व्यक्ति नहीं मिल रहा?**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विभागों की अनदेखी करने का बड़ा आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा कि राज्य सरकार ने कई महीनों से जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग में अभियंताओं के महत्वपूर्ण पदों पर स्थाई नियुक्ति नहीं किया है। पूरा सिस्टम प्रभार पर चल रहा है या ठप हो गया है। प्रतुल ने कहा कि इसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो रहा है और विकास की बड़ी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर पा रही हैं। प्रतुल ने कहा कि जल संसाधन विभाग की स्थिति अत्यंत ही दयनीय है। अभियंता प्रमुख के दो-दो पदों पर



पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। सिस्टम प्रभार पर है। जिसके कारण बड़े टेंडर का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। पथ निर्माण विभाग में भी अभियंता का जो प्रमुख पद है वह प्रभार पर चल रहा है और पूर्णकालिक नियुक्ति नहीं हुई है। प्रतुल ने कहा कि भवन निर्माण विभाग में भी लंबे समय से मुख्य अभियंता का पद रिक्त है। वर्तमान में अधीक्षण अभियंता को प्रभार देकर काम चलाऊ व्यवस्था लागू की गयी है। आरइओ में भी पूर्ण कालिक अभियंता प्रमुख का पद रिक्त हैं। प्रतुल ने कहा कि 5 करोड़ रुपये से ऊपर के टेंडर के लिए अभियंता प्रमुख की अध्यक्षता में टेंडर कमेटी निर्णय लेती है जिसमें मुख्य अभियंता और वित्त अधिकारी भी होते हैं। प्रतुल ने राज्य सरकार से जानना चाहा कि क्या उनको इन पदों के लिए योग्य अभियंता मिल नहीं पा रहे हैं या सरकार ने योग्यता का कुछ और पैमाना तय किया है जिस पर कोई अभियंता खरा नहीं उतर रहा है। विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली राज्य सरकार के समय विकास की बड़ी योजनाओं की बहुत दयनीय स्थिति हो गयी है। इसलिए सरकार को रिक्त पदों और प्रभार पर चलने वाले पदों पर पूर्णकालिक अभियंताओं की नियुक्ति करनी चाहिए।

### दलमा में सावन में प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं पर लगने वाला 'जजिया' टैक्स बंद हो

प्रतुल ने कहा कि हेमंत सरकार ने तुगलकी फरमान जारी करते हुए सावन महीने में दलमा पहाड़ पर स्थित भोले बाबा के प्राचीन मंदिर में पैदल जाने वाले लोगों पर भी टैक्स लगा दिया है। विभाग ने इसका विधिवत नोटिस भी जारी किया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है की सावन के महीने को देखते हुए ये शुल्क लगाया जा रहा है। प्रतुल ने कहा कि डीएफओ सबा आलम इसे उचित कदम भी बता रहे हैं और इसको सही ठहरा रहे हैं। हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित दलमा बाबा का शिव मंदिर बिहार, झारखंड, बंगाल और ओड़िशा के लाखों श्रद्धालुओं का सावन में आस्था का केंद्र होता है। पैदल चलने वालों पर भी सावन के महीने में सरकार ने टैक्स लगाकर अपने तुष्टिकरण की नीति दिखा दिया है। प्रतुल ने राज्य सरकार से मांग की है कि वह अविलंब इस तुगलकी फरमान को वापस ले वरना सनातनी सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर हो जायेंगे।

# विकास की नयी इबारत लिख रही राज्य सरकार : विनोद कुमार पांडेय

**विकास विरोधी मानसिकता वाली भाजपा दे रही झूठे बयान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने भाजपा के आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा झूठ और नकारात्मकता की राजनीति कर रही है। पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए अभूतपूर्व कार्य किये हैं और भाजपा के नेताओं को यह पच नहीं रहा। रांची में हाल में तैयार हुए एलिवेटेड कॉरिडोर पर सरपट दौड़ते वाहन भाजपा को खूब दिख रहे होंगे। राज्य सरकार विकास के प्रति गंभीर है और नये कीर्तिमान स्थापित कर रही है। ये सब भाजपा को न तो पचेगा और न ही भाजपा इतने बड़े फलक पर कभी काम



कर पायेगी। वैसे भी भाजपा को जातीय भेदभाव की राजनीति करने में महारत हासिल है, लेकिन भाजपा का ये गंदा खेल को भी झारखंड की जनता ने पूरी तरह विफल कर दिया है।

श्री पांडेय ने कहा, 'यह वही भाजपा है, जिसके शासनकाल में झारखंड की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गयीं थीं और सिंचाई परियोजनाएं सिर्फ फाइलों में चलती थीं। हेमंत सरकार ने लंबित परियोजनाओं को गति दी है, सड़कें चौड़ी हो रही हैं, पुल-पुलियों का निर्माण तेजी से हो रहा है और गांव-गांव तक सिंचाई सुविधा पहुंच रही है। जहां तक अभियंताओं की नियुक्तियों का सवाल है, सारी प्रक्रिया चल रही है। भाजपा जानबूझकर तथ्य छिपा रही है।

**भाजपा का सवाल हास्यप्रद :** दलमा में सावन महीने के दौरान लगाये गये शुल्क पर भी विनोद पांडेय ने भाजपा को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जानबूझकर धार्मिक भावनाओं को भड़काने की कोशिश कर रही है। हेमंत सरकार आस्था का सम्मान करती है और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए दलमा क्षेत्र में रास्तों का विकास, पानी और स्वास्थ्य की व्यवस्था कर रही है।

श्री पांडेय ने कहा कि भाजपा के पास झारखंड में कोई ठोस मुद्दा नहीं बचा है, इसलिए वे विकास के कार्यों पर सवाल उठाकर और सनातन धर्म के नाम पर राजनीति कर जनता को गुमराह करना चाहती है।

हेमंत सरकार विकास और न्याय के रास्ते पर है। भाजपा पर व्यंग करते हुए कहा कि कफन और पूजा सामग्री पर टैक्स लगाने वाले लोग, जनता से तरह-तरह के कर वसूलने वाले किस मुंह से सवाल कर रहे हैं, ये हास्यप्रद है।

भाजपा को याद रखना चाहिए कि जनता ने 2019 में उनके झूठ और अहंकार को नकार दिया था। अब वे फिर वही पुरानी रणनीति अपना रहे हैं, लेकिन झारखंड की जनता जागरूक है और इस बार भी उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी।

## मारवाड़ी कॉलेज में मनाया गया पांचवां दीक्षांत समारोह

# जीवन में डिग्री के साथ दिशा और दृष्टि भी जरूरी : राज्यपाल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची के मारवाड़ी कॉलेज, रांची में मंगलवार को आयोजित पांचवें ग्रेजुएशन समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास, विनम्रता और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीवन में सिर्फ डिग्री नहीं, दिशा और दृष्टि भी जरूरी होती है। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि डिग्री केवल शैक्षणिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह परिश्रम और समर्पण का प्रमाण है और जीवन के नए अध्याय की शुरूआत है। उन्होंने



कहा कि भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 'विकसित भारत @2047' के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे ज्ञान को केवल नौकरी पाने का जरिया न मानें, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बनायें। राज्यपाल ने यह भी बताया कि वे राज्य के विश्वविद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि पिछले एक साल में उन्होंने कई दीक्षांत समारोहों में हिस्सा लिया और विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया है। उन्होंने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों की प्रतिभा की सराहना की।

राज्यपाल ने बेटियों की उपलब्धियों पर खुशी जताते हुए कहा कि बेटियां गोल्ड मेडल जीतने में आगे हैं, जो नए भारत की तस्वीर दिखाता है। समारोह में रांची विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ दिनेश कुमार सिंह, कॉलेज के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार और अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। समारोह में कुल 128 गोल्ड मेडल दिये गये और लगभग 11,000 विद्यार्थियों को डिग्रियां दी गयीं। डिग्री प्राप्त करने वालों में स्नातक सत्र 2016-19, 2017-20, 2018-21 और स्नातकोत्तर सत्र 2017-19, 2018-20, 2019-21 के छात्र शामिल थे।

# आइपीएस इंद्रजीत महथा को सौंपा गया रांची रेंज के डीआइजी का अतिरिक्त कार्यभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कैडर के आइपीएस अधिकारी इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआइजी) का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के आदेश के बाद डीआइजी कार्मिक द्वारा एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया है। वर्तमान में आइपीएस इंद्रजीत महथा झारखंड जगुआर में डीआइजी के पद पर कार्यरत हैं। उन्हें यह अतिरिक्त जिम्मेदारी इसलिए दी गयी है, क्योंकि रांची रेंज के डीआइजी का पद रिक्त होने के कारण इस क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों और कर्मियों से



संबंधित कई महत्वपूर्ण मामले लंबित पड़े हैं। इन मामलों में पदोन्नति (प्रोन्नति), एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी), मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एमएसीपी) और अन्य प्रशासनिक निर्णय शामिल हैं, जिनका निष्पादन नहीं हो पा रहा था। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जब तक रांची रेंज के डीआइजी के पद पर किसी अधिकारी की नियमित पदस्थापन नहीं हो जाती, तब तक इंद्रजीत महथा इस कार्यालय के कार्यों का संचालन करेंगे। यह कदम रांची रेंज के अंतर्गत आने वाले जिलों में पुलिस प्रशासन के सुचारू कामकाज और लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

## विष्णुगढ़ प्रखंड कांग्रेस कमेटी का हुआ विस्तार



विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक में पदधारियों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र का वितरण पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल और कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि संगठन सृजन के तहत पूरे झारखंड में संगठन निर्माण का कार्य चल रहा है। संगठन को गांव-गांव में ले जाकर कांग्रेस को मजबूत करना है। कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और कार्यकर्ता के सहारे संगठन का विस्तार किया जा सकता है। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र यादव ने कहा कि संगठन का रूप छोटा है परंतु जिम्मेदारी बहुत बड़ी दी गयी है। संगठन विस्तार में सभी नए पुराने कांग्रेस जनों का ध्यान रखा गया। आज के कार्यक्रम में प्रखंड स्तरीय कमेटी के लिए दो उपाध्यक्ष नो महासचिव और रामजन्म राय बनाये गये जबकि नौ महासचिव में कमरुल अंसारी, परमेश्वर महतो, गुलाब राम, जगदीश बर्मन, बंटी मिश्रा, हेमलाल साव, रामलाल सोरन, जाकिर हुसैन और महेंद्र राम बनाये गये हैं वहीं विष्णुगढ़ पूर्वी मंडल से मुखिया उत्तम महतो मध्य मंडल से त्रिवेणी नायक और पश्चिमी मंडल से हीरामन महतो को मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। कार्यक्रम में सभी नव नियुक्त पदाधिकारी को माला पहनाकर और कांग्रेस का पट्टा देकर अतिथियों के द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में उपस्थित कांग्रेस जिला सेवा दल के अध्यक्ष गुड्डू सिंह ने आशा व्यक्त किया कि नवनियुक्त पदाधिकारी ईमानदारी पूर्वक कार्य करेंगे और कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र मिश्र, गुरु प्रसाद साव, महादेव मंडल, महेंद्र कुमार महतो, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, मिथिलेश शर्मा, गणपति स्वर्णकार, मिट्ठू यादव, शिव प्रसाद लाहकार सेमत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व युवा कौशल दिवस पर सावंत इंटर कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सावंत इंटर कॉलेज, खपरियावां, हजारीबाग में आज विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एक सशक्त, उद्देश्यपूर्ण और जागरूकता से परिपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में व्यावसायिक, तकनीकी और जीवनोपयोगी कौशल के प्रति जागरूकता फैलाना और उन्हें एक समर्थ, सक्षम और स्वावलंबी नागरिक के रूप में तैयार करना था। विद्यालय के राम किशोर सावंत जी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा: आज की शिक्षा प्रणाली में कौशल विकास एक अनिवार्य स्तंभ है। यदि हमारे युवा योग्य और कुशल होंगे, तभी भारत वैश्विक मंच पर नेतृत्व करने योग्य बन सकेगा। दीपक कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा:हमारा प्रयास है कि शिक्षा के साथ-साथ प्रत्येक विद्यार्थी को व्यावहारिक ज्ञान और रोजगारपरक प्रशिक्षण भी मिले, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। सावंत इंटर कॉलेज इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों और क्षेत्र के शिक्षाविदों की सक्रिय सहभागिता रही। सभी ने एक स्वर में यह विचार व्यक्त किया कि शिक्षा अब केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि कौशल निर्माण उसका अभिन्न अंग बनना चाहिए।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र धरमपुर का केंद्रीय टीम ने किया निरीक्षण



टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार की टीम मंगलवार को उपस्वास्थ्य केंद्र धरमपुर पहुंचा। यह कार्यक्रम पूर्व निर्धारित था, इसलिए स्वास्थ्य विभाग के लोग सक्रिय थे। सब कुछ व्यवस्थित कर रखा गया था। मंत्रालय दिल्ली से आए टिम में इन्द्राणीए दास, मिनिमोल अनिल कुमार, हजारीबाग विभाग से आए मो शाहनवाज, साजिया, तन्नू मौर्य, स्थानीय चिकित्सक निधि नारायण, बी पी एम पुष्पा श्रीवास्तव, बी ए एम प्रमोद कुमार शामिल थे। केंद्रीय दल के सदस्यों ने अस्पताल के रख-रखाव, संसाधनों की उपलब्धता, उनके उपयोगिता, विभिन्न बीमारियों की जांच के तरीके, उससे संबंधित दवाईयां, चिकित्सकों की उपलब्धता समेत अन्य के मानकों की जांच किया। उन्होंने विभागीय कार्यरत कर्मियों, सहियाओं और कुछ ग्रामीणों से भी इससे संबंधित जानकारियां लिया। टीम के सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत हमलोग सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, सामुदायिक अस्पताल के विश्वसनीयता में सुधार लाने के उद्देश्य से यहां आये हैं। पूछने पर कि यहां क्या देखा गया, उन्होंने बताया कि दस दिनों के बाद यहां का रिपोर्ट आएगा, अभी हमलोग यहां के मानकों की जांच कर रहे हैं। इस अवसर पर ए एन एम बसंती कुमारी, सी एच ओ सरोज बेदिया, शिवरानी कुमारी, आफताब आलम, विनीता कुमारी, सुनील मिश्रा, आदेश गौड़, नूतन पूर्ति, आनंदित टोप्पो, वीणा प्रसाद, सबिता देवी समेत अन्य उपस्थित थे।

## बीडीओ ने मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की



दारु/हजारीबाग(आजाद सिपाही)। प्रखंड विकास पदाधिकारी हारून रासीद, आपूर्ति पदाधिकारी आशीष कुमार के साथ मंगलवार को आदर्श मध्य विद्यालय दारु बालक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने स्कूली बच्चों के लिए बन रहे मध्यान भोजन की रसोई मे गये और खाना की गुणवता के साथ साथ साफ-सफाई का जायजा लिया। बीडीओ ने बच्चों के लिया बना खाना भात, दाल, आलू बना की सब्जी और सलाद का भी आनंद लिया। बीडीओ ने बताया कि खाना की गुणवता संतोषजनक है रसोई में थोड़ी साफ सफाई रखने की जरूरत है। बच्चों को स्वक्ष और स्वादिस्ट खाना मिले इसका विशेष ध्यान रखने का निर्देश बीडीओ ने प्रधानाध्यापक को दिया उन्होंने कहा की प्रखंड के अन्य विद्यालयों में भी इस तरह का निरीक्षण लगातार जारी रहेगा। आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि चावल की गुणवता पर थोड़ा ध्यान दिया जाय और यदि उसकी गुणवता संतोषप्रद नही है तो उन्हे इस बात की जानकारी दिया जाये। मौके पर उपस्थित बीपीएम रोहित केसरी, सीआरपी मीनाक्षी अंबष्ठा, बीआरपी गौतम कुमार पांडे इत्यादि उपस्थित थे।

## मारपीट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने सड़क जाम की

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कोर्रा थाना क्षेत्र के जबरा निवासी प्रदीप प्रसाद पिता भवानी साव की मंगलवार को रिम्स में मौत इलाज के दौरान हो गयी। इसके बाद शव को हजारीबाग लाया गया। शव को कोर्रा चौक पर रखकर उनके परिजनों और गांव वालों ने अपराधियों की गिरफ्तारी मुआवजा और इंसाफ की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और सड़क जाम कर दिया। मंगलवार को करीब 3:00 बजे से सड़क जाम किया गया। जो खबर लिखे जाने तक सड़क जाम था। परिजनों का कहना था कि जब तक पुलिस अधीक्षक जाम स्थल पर नहीं पहुंचेंगे और उनकी मांगों को नहीं सुन लेंगे तब तक वे लोग सड़क जाम नहीं खोलेंगे।

## हजारीबाग के मुनका बगीचा मंदिर का विवाद बढ़ा

# घटना का फेसबुक लाइव करनेवाला रोशन गिरफ्तार

**स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आंसू गैस की गोली भी छोड़ी गयी**

**लाठी चार्ज की घटना में दोनों पक्ष से दर्जनों लोग घायल**





आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। मुनका बगीचा धर्मशाला परिसर में अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर का विवाद लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है धर्मशाला के मुख्यद्वार पर मुनका परिवार द्वारा तालाबंदी के बाद हुए तनाव के बाद सांसद के आश्वासन के बाद विवाद थोड़ा थमता दिखाई दे रहा था परंतु रविवार रात दस बजे के करीब जब मुनका परिवार ने मुख्य द्वार का ताला खोल कर अंदर जाने के बाद विवाद फिर भड़क उठा प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीड़ इतनी अधिक बढ़ गयी कि, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल को हल्का बल प्रयोग भी करना पड़ा और घटना की लाइव वीडियो फेसबुक पर चलाने वाले रौशन झा को तत्काल गिरफ्तार किया गया।

शहर के कानी बाजार स्थित मुनका बगीचा धर्मशाला शिवालय में सार्वजनिक पूजा को लेकर उपजा विवाद रविवार को रात 12:00 बजे और गहरा हो गया दोनों पक्ष आमने-सामने आ गये जिसमें एक पक्ष से मोहल्ले के लोग और दूसरे पक्ष से उनका परिवार के लोग थे स्थिति ऐसी गहरा गयी कि नियंत्रण के लिए पहुंची पुलिस पर पथराव शुरू हो गया स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, आंसू गैस की गोली भी छोड़े गये लाठी चार्ज की घटना में दोनों पक्ष से दर्जनों लोग घायल हुए इसमें सदर थाना के सब इंस्पेक्टर नंदकिशोर दास को हाथ में चोट लगी इनका हेयर फैक्चर हो गया है जबकि सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुभाष सिंह समेत आधार दर्जन पदाधिकारी और कांस्टेबल को अधिक छोटे आई है। वहीं लाठी चार्ज के दौरान मची अपरा तफरी में दूसरे पक्ष से भी मोहल्ले के लोगों को चोटे आई हैं पुलिस को मामला को नियंत्रित करने में चार से पांच घंटे लगे इस संबंध में सदर अंचु मयंक भूषण के बयान पर मामला दर्ज किया गया है। जिसमें पांच नामजद अभियुक्त बनाये गये हैं शिवदयाल नगर के रोशन झा कानी बाजार के गुंजन गुप्ता छोटू वर्मा, विक्रम राज, जूली देवी और 200 अज्ञात को अभियुक्त बनाया गया है जबकि एक मामला मुनका परिवार ने भी मोहल्ले वालों के विरुद्ध दर्ज कराया है इसमें उक्त सारे लोगों को अभियुक्त बनाया गया है। मौके पर पुलिस ने रोशन झा को गिरफ्तार कर पांच मोटरसाइकिल भी बरामद किये गये हैं पुलिस ने उक्त दोनों मामलों में रोशन झा को देर शाम जेल भेज दिया जबकि अन्य आरोपियों की वीडियो क्लिपिंग और फोटो के माध्यम से पहचान की जा रही है।

मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि मुनका बगीचा परिसर के अंदर में पौराणिक शिव मंदिर है लेकिन समाज ने मोहल्ले के लोगों को बाहर में एक मंदिर निर्माण कर पुराने मंदिर को खंडित किया है यह हमारे आस्था पर प्रहार है, पिछले एक माह से विवाद चल रहा है इस विवाद को लेकर प्रशासन ने वहां धारा 163 लागू किया है घटना के बाद एसपी अंजनी अनजान सदर एसडीओ अमित आनंद सोमवार को सदर थाना पहुंचे उन्होंने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की घटनाक्रम की जानकारी ली एसपी ने कहा कि शहर का माहौल निकालने की कोशिश करने वालों को कदापि बक्सर नहीं जायेगा।

इस मामले को लेकर कानी बाजार के निवासी सांसद मनीष जायसवाल से लगातार संपर्क कर रहे हैं लेकिन आश्वासन के अलावा सांसद कुछ नहीं बोल रहे आज सांसद ने कहा है कि मुनका परिवार से बातचीत कर समस्या का समाधान निकाला जायेगा।

### क्या है मामला

**मुनका बगीचा धर्मशाला परिसर में अवस्थित प्राचीन शिव मंदिर का विवाद लगातार बढ़ता ही चला जा रहा है धर्मशाला के मुख्यद्वार पर मुनका परिवार द्वारा तालाबंदी के बाद हुए तनाव की स्थिति बनी हुई थी। मोहल्ले के लोगों का आरोप है कि मुनका बगीचा परिसर के अंदर में पौराणिक शिव मंदिर है लेकिन समाज ने मोहल्ले के लोगों को बाहर में एक मंदिर निर्माण कर पुराने मंदिर को खंडित किया है यह हमारे आस्था पर प्रहार है, पिछले एक माह से विवाद चल रहा है इस विवाद को लेकर प्रशासन ने वहां धारा 163 लागू किया है।**

## 16 प्रखंडों के वरीय पदाधिकारियों ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और स्थल निरीक्षण

**विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की जांच के लिए अधिकारियों ने बच्चों के साथ किया भोजन**



आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह के निर्देशानुसार आज दिनांक 15 जुलाई को एक नवीन पहल के तहत सभी 16 प्रखंडों में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु वरीय पदाधिकारियों द्वारा समेकित निरीक्षण और समीक्षा अभियान चलाया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह द्वारा पूर्व में ही सभी प्रखंडों के लिए वरीय पदाधिकारी नामित कर दिये गये थे, जिन्हें निर्देशित किया गया कि वे प्रत्येक मंगलवार क्षेत्र भ्रमण और जनता दरबार आयोजित कर जनता की शिकायतों, आवश्यकताओं और सुझावों को प्राथमिकता से सुनें और उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करें। विद्यालयों में बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता और पोषण स्तर को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन ने एक अनूठी और प्रेरणादायक पहल की है। आज जिले के सभी 16 प्रखंडों में नामित वरीय पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के सरकारी प्राथमिक और मध्य विद्यालयों का निरीक्षण किया और बच्चों के साथ बैठकर मध्यान्ह भोजन किया। इस पहल का उद्देश्य केवल भोजन की गुणवत्ता जांचना नहीं था, बल्कि यह यह सुनिश्चित करना भी था कि बच्चों को स्वच्छ, संतुलित और पौष्टिक भोजन समय पर प्राप्त हो रहा है या नहीं। साथ ही इससे अधिकारियों को बच्चों की भोजन से जुड़ी प्राथमिकताओं, समस्याओं और व्यवहार को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। मौके पर वरीय पदाधिकारियों ने उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार, एसडीओ सदर, बरही, भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, डीआरडीए, निदेशक मां देव प्रिया, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार, भूमि सुधार उप समाहर्ता, बरही, दीपा कुमारी कार्यपालक दंडाधिकारी, सुनीता कुमारी कार्यपालक दंडाधिकारी और नवीन भूषण कुल्लू कार्यपालक दंडाधिकारी रहे।

## अपर समाहर्ता ने किया केरेडारी का दौरा



केरेडारी (आजाद सिपाही)। जिले के अधिकारी और अपर समाहर्ता संतोष सिंह ने मंगलवार को केरेडारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान इन्होंने गर्री कला मध्य विद्यालय में पठन पाठन, पंचायत भवन, पीडिएस दूकान और केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान इन्होंने विभिन्न मद से संचालित सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी लिया व प्रखंड कार्यालय में कार्यरत कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया जबकि राजकीय मध्य विद्यालय गर्री कला में अध्ययनरत छात्रों के साथ मध्याहन भोजन कर भोजन की गुणवता को जाना व इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन समिति को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं केरेडारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण कर यहां की विधि व्यवस्था का हाल जाना तथा सुधार हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान केरेडारी बीडीओ विवेक कुमार, सीओ रामरतन बरनवाल, बीपीओ सुमन कुमार, प्रभारी एमओ रवि राजा सहित कई लोग मौजूद थे।


## विधायक के निर्देश पर टीम ने किया सड़क का निरीक्षण

# सूखे पेड़ खतरा बने हुए हैं, इन्हें जल्द हटाया जायेगा: प्रदीप प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के निर्देशानुसार उनके टीम के द्वारा मंगलवार को भारी बारिश के बीच नगर निगम की टीम और वन विभाग की टीम के साथ मिलकर शहर के विभिन्न इलाकों का व्यापक निरीक्षण किया गया।

भारी बारिश के बीच जनता जनार्दन को सूखे पेड़ों से कोई समस्या ना हो इसके लिए विधायक की टीम सड़कों पर नजर आई. निरीक्षण के दौरान शहरी क्षेत्र में सूखे पेड़ों की पहचान कर उनकी सूची तैयार की गयी। यह निर्णय लिया गया की इन सभी सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द हटाया जायेगा ताकि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। शहर के कई हिस्सों में लंबे समय से सूखे पेड़ खड़े हैं, जो अब खतरे का संकेत बन चुके हैं। बारिश और तेज हवाओं के मौसम में ऐसे



पेड़ों के गिरने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है जिससे जान-माल की हानि हो सकती है। निरीक्षण शहर के नीलांबर-पीतांबर चौक, सदानंद रोड, वेल्स ग्राउंड के समीप, सुरेश कॉलोनी मोड़, डिस्टिक मोड़, झील परिसर, नूरा मंदिर, विशाल मेगा मार्ट, पूजा रेस्टोरेंट के सामने, सदर अस्पताल गेट, कार्मेल स्कूल गेट, बस स्टैंड, कार्मल चौक, पैराडाइस के सामने, कोलंबस कॉलेज, सदर अस्पताल परिसर, मुनका बगीचा, झंडा चौक, कल्लू चौक, इन्द्रपुरी, झंडा चौक, मटवारी, देवांगना सहित अनेक स्थानों पर किया गया है विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की मेरे संज्ञान में यह बात आई थी की शहर के कई हिस्सों में सूखे पेड़ खड़े हैं, जो बारिश के मौसम में आम जनता के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं। मैंने नगर निगम और वन विभाग की टीम को निर्देशित किया है की वे इन सभी पेड़ों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर इन्हें हटाने की कार्रवाई करें। हमारी प्राथमिकता आम जनता की सुरक्षा है। कोई भी व्यक्ति या वाहन इन पेड़ों के गिरने से हानि न उठाए, इसके लिए, हम पूरी जिम्मेदारी से कार्य कर रहे हैं। बहुत जल्द शहर के सभी चिन्हित सूखे पेड़ हटाए जायेंगे और नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जायेगा। पूर्व के दिनों में मैंने इस मामले को सदन में भी रखा था। नगर निगम और वन विभाग की संयुक्त टीम ने निरीक्षण के बाद बताया की चिन्हित सभी स्थानों पर विशेष अभियान चलाकर पेड़ों को हटाया जायेगा। यह कार्य जल्द ही शुरू किया जायेगा ताकि बारिश के मौसम में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को टाला जा सके। विधायक के निर्देश पर यह सुनिश्चित किया जा रहा है की इस प्रक्रिया में नागरिकों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा जाये और पेड़ों के हटाने के दौरान ट्रैफिक या अन्य व्यवस्थाओं में व्यवधान न हो। विधायक प्रतिनिधियों ने भी आमजन से अपील की है की वे इस कार्य में सहयोग करें और जिन इलाकों में अभी तक सूखे पेड़ चिन्हित नहीं हुए हैं, वहां की जानकारी नगर निगम और विधायक व विधायक कार्यालय को दें ताकि वहां भी समय पर कार्रवाई की जा सके।

## तार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड के कुसुम्भा पंचायत स्थित डूमरडीहा गांव में बिजली तार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौत हो गयी। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक इस भट्ठे के लिए जमीन में बिछाकर बिजली तार ले जाया गया था। जिसमें एक बच्चा चपेट में आ गया, उसे बचाने दूसरी बच्ची गयी वह भी बिजली की चपेट में आ गयी। जिससे दोनों की मौत मौके पर हो गयी। घटना से बच्चों के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतकों में गुलाब हांसदा 8, पिता रति राम और सुकरमुनि कुमारी 9, पिता महेश सोरेन का नाम शामिल है।

## आवास के लिए प्रखंड मुख्यालय का लगा रही हैं चक्कर



चलकुशा (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ग्राम बरियोन निवासी शहनाज खातुन पति अख्तर अंसारी अबुआ आवास, पी एम आवास के लिए प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगा रही हैं। अख्तर अंसारी ने बताया कि पिछले चार-पांच वर्षो से प्रखंड मुख्यालय का चक्कर आवास के लिए लगा रहे है लेकिन अभी तक आवास नहीं मिल रहा है। बारिश के समय घर के अंदर पीनी टीप टीप टपकता है इस लिए रात भर बच्चों के साथ बैठ कर रात गुजारना पड़ता है।

## सर्पदंश से बिरहोर बच्ची की मौत


कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत बरियारडीह के बिरहोर टोला में सोमवार की देर रात एक बच्ची की सर्पदंश से मौत हो गयी। मृतक बच्ची की पहचान 7 वर्षीया रिंकी बिरहोर (पिता लोकन बिरहोर) के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक बच्ची के पिता लोटन बिरहोर ने बताया कि सोमवार की देर रात जब वे लोग अपने घर में सोए हुए थे, कि इसी बीच एक जहरीला सांप (कोबरा) ने उनकी 7 वर्षीय बच्ची को डस लिया। जिसके पश्चात हमलोग आनन-फानन में उसे लेकर सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने कहा कि बच्ची के शरीर में जहर पूरी तरह से फैल चुका है। इंजेक्शन देने पर भी उस बच्ची के शरीर में सर्पदंश से फैले विष पर कोई असर नहीं हुआ और कुछ देर बाद उसकी मौत हो गयी। जिसके पश्चात वे बच्ची का शव लेकर बरियारडीह स्थित अपने घर आ गये। इधर इस बीच घर में मौजूद लोगों द्वारा उक्त सांप को मार दिया गया। वहीं मंगलवार को परिजनों ने बच्ची का अंतिम संस्कार कर दिया।

## जयनगर में पशु-पक्षियों का वितरण संपन्न




जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में पशुपालन विभाग के तत्वावधान में जयनगर प्रखंड में पशु-पक्षियों के वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अंजू देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविंद सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर चयनित लाभुकों के बीच विभिन्न पशु व पक्षियों का वितरण किया गया। जिनमें निम्नलिखित नाम गाय प्राप्त करने वाले लाभुक कुंती देवी, रिंकू देवी, राजू दास, केसिया देवी, स्वाना परवीन, रीना देवी, बकरी प्राप्तकर्ता: ममता देवी, बॉयलर मुर्गी प्राप्तकर्ता तबारक खान, राजेन्द्र दास, माधुरी देवी, लेयर मुर्गी प्राप्तकर्ता: हुकुमदेव यादव, हितेंद्र यादव मौजूद थे। मौके पर बीडीओ गौतम कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देना और पोषण सुरक्षा को सुदृढ़ करना है। उपस्थित अधिकारियों ने लाभुकों को नियमित देखभाल और उचित पालन के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर डॉ अरविन्द सिंह, डॉ शोएब खान, डॉ टीनी एक्का, मुखिया विनोद दास सहित कई लोग मौजूद थे।

## पार्क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप



कोडरमा (आजाद सिपाही)। नगरपंचायत कोडरमा की वर्षों से चली आ रही लूट और कमीशनखोरी की संस्कृति को लगातार आगे बढ़ाने पर सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने प्रशासन को कठघरे में खड़ा किया है। तीन हजार से पैंतालिस सौ प्रति पिस प्रिकास्ट कांक्रीट बेंच को बिना टेंडर प्रक्रिया के जेम पोर्टल से चौदह हजार एक सौ में खरीदा गया। अठ्ठाइस लाख बीस हजार में दो सौ बेंच खरीद कर अनावश्यक रूप से जहां तहां लगा दिया गया वहीं उक्त बेंच रामगढ़, रांची, वैशाली और राउरकेला में तीन हजार से पैंतालिस सौ रुपए में उपलब्ध है जिसका रेट लिस्ट मंगाया गया है। लूट को आगे बढ़ाते हुए नगरपंचायत के सामने बने पार्क से लगभग चालीस फीट की दूरी पर जेजेबी के सामने छोटी सी जगह पर जंगल किनारे जोर्गस पार्क का निर्माण एक करोड़ छब्बीस लाख आठ हजार चार सौ चौबीस की लागत से किया जा रहा है जहां स्थानीय लोगों की पहुंच संदेहास्पद है। इसके बदले सुंदरनगर तालाब की सफाई कर वहीं जोर्गस पार्क का निर्माण किया जाय तो बेहतर होगा क्योंकि जगह भी काफी है। समाहरणालय रांची पटना रोड पर स्थापित आई लव कोडरमा से सिर्फ पचास गज की दूरी पर अंबेडकर पार्क में दस लाख की लागत से आई लव कोडरमा बनाया गया जो समझ से परे है एवं लागत भी संदेहास्पद है। श्री बसंत ने इन प्रकरणों से उपायुक्त को अवगत कराते हुए अविलंब जांच कमिटी बनाकर दोषियों पर कार्रवाई करते हुए लूटे गए धन की रिकवरी के साथ ही लूट की संस्कृति पर लगाम लगाने की मांग की है।

## आजाद जागृति छात्र संघ ने चलाया सफाई अभियान



बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत महुदी पहाड़ स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक बाबा बुढ़वा महादेव मंदिर जहां प्रत्येक वर्ष श्रावण मास में एक माह का ऐतिहासिक श्रावणी मेला का भव्य आयोजन किया जाता है, जहां लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, मंदिर में श्रवण सोमवारी के दिन अत्यधिक श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, जिससे पूजा पाठ और खाने पीने के बाद श्रद्धालुओं के अपशिष्ट सामग्री से मंदिर परिसर और आस-पास का स्थान दूषित हो जाता है। स्वच्छता ही सेवा की भावना के तहत झारखंड सरकार से निबंधित संस्था आजाद जागृति छात्र संघ (एजेसीएस) ने श्रावण माह के प्रथम सोमवारी के बाद मंगलवार 15 जुलाई को श्रमदान से बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर सहित आस-पास में सफाई अभियान चला कर सफाई किया। संस्था से जुड़े पदाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष श्रावणी मेले के प्रत्येक सोमवारी के बाद श्रमदान से मंदिर की सफाई हमारी टीम करेगी। श्रद्धालुओं से अपील किया गया है कि, मंदिर परिसर, आसपास साफ और सुंदर बनाये रखने में स्वच्छता पर ध्यान देकर सहयोग करें। सफाई अभियान कार्यक्रम में मुख्य रूप एजेसीएस संस्था के अध्यक्ष भादेश्वर प्रसाद मेहता, सचिव विनोद प्रसाद, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, सदस्य -शिबू सोनी, भुनेश्वर प्रसाद, संजय राणा, रिझेश्वर प्रसाद, कुंज बिहारी कुमार, अनुज कुमार, जितेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, संजीवन कुमार, नितिन राज, दिवाकर कुमार, पवन कुमार, उदेश्वर प्रसाद, दीनानाथ प्रसाद, गंगाधर प्रसाद कुशवाहा, श्रवण सोनी, अरविंद राणा, नंदलाल प्रसाद ने श्रमदान देकर सहयोग किया।

## स्वास्थ्य विभाग के कार्यों को लेकर डीसी की समीक्षा बैठक

# बिना वैध कारण के मरीज को रेफर नहीं करें: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा बैठक किया। इस दौरान सर्वप्रथम डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग की पूर्व में हुई समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी दी गयी। बैठक में डीसी ने सदर अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि से मरीजो को रेफर किये जाने संबंधित मामलों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बिना किसी वैध कारण के किसी भी मरीज को रेफर नहीं करने का निर्देश दिया। डीसी ने सदर अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में मातृत्व स्वास्थ्य व प्रसव संबंधित सुविधाओं की जानकारी लेते हुए मरीज को लाभ पहुंचाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

**प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश:** डीसी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत मरीजों को मिल रहे लाभ की समीक्षा के क्रम में अधिकारियों को इस पर विशेष ध्यान देने और प्रभावी तरीके से आयुष्मान भारत योजना का संचालन करते हुए प्रत्येक योग्य मरीज को योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया।

**गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित कराये :** मातृत्व स्वास्थ्य अंतर्गत विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीसी ने गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व जांच ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही संस्थागत प्रसव संबंधित मामलों की समीक्षा में क्रम में डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में हो रहे प्रसव आदि की जानकारी लेते हुए उपलब्ध सुविधाओं को और भी प्रभावी तरीके से संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रसव के दौरान गर्भवती महिलाओं अथवा बच्चों की मृत्यु से संबंधित मामलों की गंभीरता पूर्वक जांच सुनिश्चित करने और संबंधित मामलों में ऑटोप्सी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीसी ने गर्भवती महिलाओं में हाई रिस्क प्रेगनेंसी के मामलों की पहचान प्रसव पूर्व जांच के दौरान विशेष ध्यान देते हुए सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**24 घंटे आकस्मिक सेवाएं सुनिश्चित करें:** मौके पर डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों आदि में 247 आकस्मिक सेवाएं, प्रसव आदि के लिए चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश:** कुपोषित बच्चों के इलाज के लिए उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा करते हुए डीसी ने वर्तमान में एमटीसी केंद्र के माध्यम से कुपोषित बच्चों के इलाज की केंद्रवार जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने तथा समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए कुपोषित बच्चों का इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**ब्लड बैंक के सफल संचालन को लेकर की गयी चर्चा :** डीसी ने सदर अस्पताल सहित अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य केंद्रों आदि में मरीजों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने, ब्लड बैंक के सफल संचालन को लेकर चर्चा के क्रम में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

**बैठक में ये थे उपस्थित**

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, डीएमओ स्वास्थ्य विभाग, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, डीआरसीएचओ, डीएलओ चिकित्सा पदाधिकारियों, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला में शत प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर डीसी ने दिया निर्देश

रामगढ़। शिक्षा विभाग द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कार्यालय कक्ष में समीक्षा बैठक की। इस दौरान बैठक में डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का यह लक्ष्य है कि रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत कार्यात्मक साक्षरता प्राप्त किया जाए। इसके लिए डीसी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी को बृहद रूप से सर्वे कर फ्लोचार्ट तैयार करने एवं प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीसी के द्वारा मध्यान भोजन अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान उनके द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुरूप बच्चों को मध्यान भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान डीसी के द्वारा बच्चों के बीच किताबें, यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि उपलब्ध कराने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा करते हुए शेष बचे बच्चों की जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से ली। जिस पर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि बैंक अकाउंट नहीं होने के कारण शेष बच्चों को सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गयी है। इस पर डीसी ने शिविर आयोजित करते हुए संबंधित विभागों के साथ समन्वय करने एवं सभी बच्चों का खाता बैंक में खुलवाने का निर्देश दिया। साथ ही डीसी ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बैक टू स्कूल अभियान, छात्रवृत्ति खेलो झारखंड, मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय आदि की भी समीक्षा करते हुए सफल संचालन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।


भाकृअनुप- केंद्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 14/PA-I/2025-26 दिनांक/Date: 16.07.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना/Notice for Walk-In-Interview

प्रधान अन्वेषक, **ईएपी-364** योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) **प्रोजेक्ट एसोसिएट-I** के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, उड़ीसा में वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा. अनु.सं., की वेबसाइट **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/** पर जाएं।

PI of the project **EAP-364**, invites all the eligible candidates for walk-in-interview for the post of one (01) **Project Associate-I (PA-I)** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: **https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/**.

प्रधान अन्वेषक/Principal Investigator


## कौलेश्वरी मंदिर में उमड़ी हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ बाहरी श्रद्धालुओं के ठहरने की नहीं है व्यवस्था



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित विश्व ख्याति प्राप्त तीन धर्मो का संगम स्थल मां कौलेश्वरी मंदिर में सावन के पावन महिना में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। देश विदेश से पर्यटक यहां माता के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए पहुंच रहे हैं। पर्वत पर स्थित शिव मंदिर के शिवालय में जलाभिषेक कर रहे हैं । सबसे पहले श्रद्धालु मंदिर के मुख्य द्वार से लगभग 1800 फीट की ऊंचाई पर चढ़ कर पर्वत पर स्थित सरोवर में स्नान करते हैं तत्पश्चात पूजा अर्चना व जलाभिषेक करते है । इस दौरान कौलेश्वरी सेवा संस्था द्वारा नि:शुल्क शरबत वितरण किया जा रहा है। परंतु इस बारिश भरे मौसम में आर्थिक रूप से बाहर से आने वाले आर्थिक रूप से कमजोर श्रद्धालुओं के रूकने के लिए किसी प्रकार के प्रबंध नहीं हैं। मंदिर के सामने एक धर्मशाला है जो इन दिनों बदहाली का आंसू रो रहा है। धर्मशाला के छत से पानी टपक रही है। जिसके चलते मंदिरों के दर्शन करने वाले श्रद्धालु को इस बारिश भरे मौसम में रात हो जाने की स्थिति में उनके सामने रूकने की समस्या हो है। ऐसी स्थिति में उन्हें रात्रि विश्राम के लिए मंदिर से 10 किलोमीटर दूर प्रखंड मुख्यालय या 40 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय में बने निजी धर्मशालायें हैं। ज्ञात हो कि इस मंदिर से सरकार की आमदनी प्रतिमाह लाखों की है।

## मांगों को लेकर डाककर्मियों ने जताया विरोध




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ के आवाह्न पर रामगढ़ प्रधान डाकघर में भी प्रदर्शन हुआ। मंगलवार को डाककर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। इस दौरान 41 सूत्री मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई। डाकघर में राष्ट्र हित, विभाग हित, कर्मचारी हित और जनहित में अपने कार्यालय में शांति पूर्वक कार्य निर्वहन करते हुए काली पट्टी बांधकर 41 सूत्री मांग का समर्थन किया। कर्मचारियों के प्रमुख मांगों में फिल्ड इकाईयों को प्रोत्साहन कार्य और इनडोर कर्मचारी को लक्ष्य निर्धारित करना बंद करने, दैनिक आधार पर लॉगिन दिवस की यातनाएं देना सख्ती से बंद करने, आठवें वेतन आयोग को कार्यान्वित करने, 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता को मूल वेतन में सभी परिणामी लाभों और भत्तों के साथ विलय करने, पूर्वनियोजित पूर्व सैनिकों का वेतन डीओपीटी के अनुसार तय करने, सहायक अपराधियों से वसूली रोकने का आदेश जारी करने, कार्यालयों के साथ कर्तव्यों का संयोजन आवंटित कर जीडीएस कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद करने, जीडीएस कर्मचारियों को भी आठवें वेतन आयोग के दायरे में शामिल करने, समूह बीमा के रूप में 5 लाख रुपए और ग्रेजुटी सीमा को 5 लाख रुपए तक बढ़ाए जाने जैसी मांगे शामिल है। आंदोलन में डाकपाल मनोज कुमार, डाक सहायक रविशंकर राय, शंभू दत्ता सिंह, त्रिदेव प्रियदर्शी, दीपक कुमार पटेल,विजय कुमार पांडे,राजकपूर कुमार, राकेश कुमार, विकाश कुमार राय, संतोष कुमार, प्रिया वर्णवाल, अविनाश कुमार, कुंदन कुमार,रिमझिम कुमारी, चंदन कुमार महतो, आदर्श अनिकेत, सौरव कुमार, अमन कुमार, रणजीत रजवार, शुभम सौरव, प्रशान्त कुमार सिंह, गंभीर करमाली, शुभम कुमार राम, संतोष कुमार मुंडा,मनोहर महतो , अरुण कुमार, अर्जलाल महतो, अभिषेक कुमार, अरविंद कुमार समेत, पोस्टमैन, ग्रामीण डाक सेवक सहित अन्य शामिल थे।

## निष्ठा ने मनाया विश्व युवा कौशल दिवस

### युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण आर्थिक प्लेटफार्म : जयकुमार ओझा

### 13 प्रशिक्षार्थी को मिले ऑफर लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** स्वयंसेवी संस्थान निष्ठा ने मंगलवार को कौशल प्रशिक्षण केंद्र, डटमामोड़ (कुजू) में विश्व युवा कौशल दिवस सह प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा शामिल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह व संचालन अंकिता राय ने की। इस दौरान संस्था द्वारा फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर, नर्सिंग एवं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त पूरी कर चुकी 30 प्रशिक्षार्थी युवतियों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र सौंपा गया। जबकि सहाना क्लॉथिंग प्राइवेट लिमिटेड, चेन्नई द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार लिए गये 13 प्रशिक्षार्थी को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। जो आगामी छह अगस्त को चेन्नई में सेवा देने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुखिया जयकुमार ओझा ने कहा कि आज के युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण एक बेहतर आर्थिक प्लेटफार्म बनकर साबित हुआ है। जो बेरोजगारी और अल्प-रोजगार की चुनौतियों का समाधान करने में सहायक बना है। कौशल प्रशिक्षण से जहां आर्थिक मजबूती सुनिश्चित है। जबकि सामाजिक स्तर पर एक नई उपलब्धि है। उन्होंने क्षेत्र के युवा पीढ़ी को हर हाल में कौशल प्रशिक्षण लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष कुमार सिंह ने कहा कि कौशल प्रशिक्षित युवा आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत बनकर उभरा है। हमारे संस्थान से अब तक दस हजार से अधिक युवतियों को स्वरोजगार के तौर प्लेसमेंट मिल चुका है। हमारा प्रयास आगे भी युवतियों को उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने युवाओं को प्लेसमेंट प्रक्रिया की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने की अपील की। इससे पूर्व, सोनम कुमारी ने कौशल दिवस के महत्वों से अवगत कराया। वहीं, युवतियों ने आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति की। मौके पर प्रिंस कुमार, अजय सोनकर, सुमन देवी, अमित कुमार, महावीर यादव, रीता पांडेय, इंदु देवी, सुमन कुमारी, उदयभान, देवानंद, चांदो कुमारी, बबलू भुईयां के अलावे कई लोग शामिल रहे।

## रतवे में दर्जनों कुओं में डाले ब्लीचिंग पाउडर



**कुजू(आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर रतवे पंचायत के दर्जनों कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का घोल डाला गया। अभियान का नेतृत्व सीएचओ रिंकी टोप्पो ने की। सीएचओ ने ग्रामीणों को बीमारी से बचाव की जानकारी देते हुए साफ - सफाई पर विशेष ध्यान देने और गर्म पानी का सदैव उपयोग करने की अपील की। अभियान में एएनएम रिंकी कुमारी, भारती कुमारी, सारिका कुमारी, सहिया साथी उषा देवी, सहिया दीदी ललिता देवी, कुमारी नेहा, अजिमुन निशा, फुलेश्वरी देवी, रश्मि देवी, कौशल्या देवी, ग्रामीणों में ममता कुमारी, शीला देवी, ज्योतिष कुमार महतो, तिलेश्वर महतो शामिल रहे।

## मंत्री योगेंद्र प्रसाद के अनुज स्व भरत कपूर को दी गयी श्रद्धांजलि



**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो के छोटे भाई स्व भरत कपूर का 12वीं तिथि को चितरपुर प्रखंड के पैतृक गांव मुरुबंदा में ब्राह्मण भोज श्राद्ध कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और मृतक स्व भरत कपूर के फोटो चित्र पर नम आंखों से श्रद्धांजलि दिया गया। श्राद्ध कार्यक्रम में झारखंड सरकार के विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो, मंत्री दीपक बिरुवा, मंत्री सुदीप कुमार सोनू, पूर्व मंत्री और विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बेबी देवी, जेपी भाई पटेल, पूर्व मंत्री सत्यानंद भोक्ता हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, राज्यसभा सांसद खिरू महतो, सांसद आदित्य साहू, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, यदुनाथ पांडेय, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन, चंदनक्यारी पूर्व विधायक उमाकांत रजक पूर्व विधायक बोकारो विरंची नारायण, हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी, मांडू विधायक निर्मल उर्फ तिवारी महतो, सिल्ली विधायक अमित महतो, डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो, खूंटी विधायक रामसाय मुंडा, तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया, विधायक व राष्ट्रीय जनता दल प्रदेश अध्यक्ष संजय प्रसाद यादव, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के द्वारा मुख्य रूप से दिवंगत आत्मा के फोटो चित्र पर नम आंखों से श्रद्धांजलि दी गयी।

## मधुमेह जांच शिविर में 85 लोगों ने करायी जांच



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा द्वारा वन जिला, वन एक्टिविटी कार्यक्रम के तहत 13 जुलाई से भुरकुंडा टेकर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में चल रहे पांच दिवसीय मधुमेह जांच शिविर के तीसरे दिन का उद्घाटन और निरीक्षण पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन माधव लखोटिया और ग्लोबल सर्विस टीम के चेयरमैन लायन राजेश कसेरा द्वारा किया गया। इस दौरान क्लब प्रांगण में आयोजित बैठक में एक नए लियो क्लब के गठन पर भी विचार-विमर्श हुआ। लायंस क्लब के सदस्यों ने माधव लखोटिया और राजेश कसेरा का भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री लखोटिया ने क्लब द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा जिला को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उनके प्रेरणास्पद शब्दों और सेवा भावना से उत्साहित होकर क्लब के सक्रिय सदस्यों को ह्यलेवल पिनह्न देकर सम्मानित किया गया। मधुमेह जांच शिविर के अंतर्गत 14 जुलाई को 40 लोगों की ब्लड शुगर जांच और 8 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गयी। वहीं 15 जुलाई को 45 लोगों की ब्लड शुगर जांच और 5 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष लायन अशोक सिन्हा, सचिव अखिलेश शर्मा, कोषाध्यक्ष निर्मल अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष रेखा बर्णवाल, पूर्व सचिव अंजू देवी, पूर्व कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जिला चेयरपर्सन डॉ. राजेंद्र महतो, विजयंत कुमार, डॉ एमके मंजुल, माला शर्मा, एचएन यादव, दीनबंधु सिंह, विजय बर्णवाल, एमजेएफ संजय जायसवाल, रेनू जायसवाल, रेखा मंजुल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी, अजय सिंह, रमेश अग्रवाल और अन्य सदस्य जुटे हैं।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्र पर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के राष्ट्र पर्व सदस्यता अभियान का शुभारंभ समारोह गांधी स्मारक+2 उच्च विद्यालय रामगढ़ और रामप्रसाद चंद्रभान सरस्वती विधा मंदिर रामगढ़ से किया गया। मुख्य रूप से हजारीबाग विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौड़, डीके सिंह उपस्थित रहे। विक्रम राठौड़ ने कहा कि विश्व के सबसे बड़े छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जो शिक्षा के क्षेत्र और सामाजिक सेवा कार्य सहित राष्ट्र चेतना और भविष्य का भारत की ध्येय लेकर युवा तरुणाई के बीच राष्ट्रप्रेम व भारतीय संस्कृति और सभ्यता का संवहन करता है। नगर मंत्री यशपाल महतो ने जानकारी देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पर्व सदस्यता अभियान के नियमित 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक विद्यालय सदस्यता अभियान चलाया जायेगा ।

## सीबीएसइ क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन

# राधा गोविंद विवि हमेशा खेल और शिक्षा दोनों में संतुलन को महत्व देता है: बीएन शाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के खेल मैदान में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-3 फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का समापन रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। मौके पर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। जिसके बाद खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया गया।

**टीमों ने किया खेल का बेहतर प्रदर्शन :** अंडर 14 ग्रुप में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल पूर्णिया की टीम ने जीबीआरसी स्कूल बोधगया को 3-0 से, अंडर 17 में दयावती मोदी पब्लिक स्कूल चांडिल ने संत माइकल हाई स्कूल पटना को 6-0 से और अंडर 19 में हॉली क्रॉस स्कूल हजारीबाग ने विद्या भारती चिन्मया स्कूल जमशेदपुर को 5-4 से पराजित कर टूर्नामेंट की विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

**यह जीत पूरी टीम की मेहनत और एकता का नतीजा है:** दयावती मोदी पब्लिक स्कूल टीम के कप्तान बनेश्वर हांसदा ने जीत के बाद कहा, यह जीत पूरी टीम की मेहनत और एकता का नतीजा है। वहीं विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के कप्तान केशव साह ने अपनी टीम की सराहना की। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह की शुरूआत राधा गोविंद शिक्षण संस्थान के संस्थापक स्वर्गीय गोविंद साह और राधा देवी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गयी।

**विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित:** मुख्य अतिथि के रूप में राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह और संस्था सचिव प्रियंका कुमारी ने अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज कर समापन समारोह की शोभा बढ़ाई। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में शिवशंकर उरांव (पूर्व विधायक), प्रो डॉ डीके सिंह (कुलपति, तकनीकी विश्वविद्यालय झारखंड, रांची), डॉ उमेश प्रसाद, समाजसेवी सी पी संतन, परशुराम साह, रवि साहू और शंकर करमाली उपस्थित रहे। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बीएन साह और उपस्थित अतिथियों ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिन्ह और अंग वस्त्र भेंटकर किया। विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा कि हार और जीत से बड़ा होता है प्रयास और टीम वर्क। मुझे गर्व है कि रामगढ़ की धरती इस ऐतिहासिक खेल आयोजन की साक्षी बनी। प्रो (डॉ) डीके सिंह ने कहा कि 'स्वस्थ मस्तिष्क में स्वस्थ शरीर का निर्माण' एक प्रसिद्ध कहावत है जो स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के बीच के संबंध को दर्शाता है।

### इन्होंने किया बेहतर प्रदर्शन

फाइनल मुकाबले में पहले हाफ में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल ने आक्रामक खेल दिखाते हुए एक गोल दागा, जिसका जवाब जीबीआरसी स्कूल बोधगया ने दूसरे हाफ की शुरूआत में शानदार गोल से दिया। मैच के आखिरी दस मिनट में विद्या विहार रेसिडेंशियल स्कूल के राकेश सोरेन ने निर्णायक गोल दागा और अपनी टीम को विजयी बना दिया। अंडर 14 में मैन ऑफ द मैच राकेश सोरेन, वीवीआरएस (09), मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार वीवीआरएस (21) और बेस्ट गोलकीपर पंकज जीबीआरसी (03) रहे। अंडर 17 में मैन ऑफ द मैच दीपक हेंब्रम दयावती स्कूल (07), मैन ऑफ द सीरीज समीर भुईयां दयावती स्कूल (16) और बेस्ट गोलकीपर का खिताब दयाल पारित दयावती स्कूल (01) ने जीता। वहीं दूसरी ओर अंडर 19 में मैन ऑफ द मैच नैतिक विद्या भारती स्कूल (21), मैन ऑफ द सीरीज राजू विद्या भारती स्कूल (16) और बेस्ट गोलकीपर पृथ्वीराज, हॉली क्रॉस स्कूल (01) को मिला।

### ये लोग थे उपस्थित

मौके पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार, राधा गोविंद इंटर कॉलेज प्राचार्य सोमा पांडेय, डॉ संजय सिंह, डॉ अनिल कुमार, सभी शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक एवं दर्शकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन डॉ संजय सिंह, डॉ रंजना पांडेय, डॉ अमरेश पांडेय, डॉ पूनम, उमा कुमारी द्वारा किया गया।

## मूसलाधार बारिश बनी आफत, गरीब परिवार का घर ध्वस्त



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के गेरुआ गांव में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश एक गरीब परिवार के लिए आफत बन गयी है। इस भारी बारिश की वजह से गेरुआ गांव के एक गरीब मजदूर का आशियाना (घर) पूरी तरह से ध्वस्त हो गया और घर में रखे खाद्य पदार्थ भी बर्बाद हो गये है। जिससे परिवार के लोग बेघर हो गये हैं और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़ित सोनी देवी पति दिलीप ठाकुर ने बताया कि देर रात्रि घर के समीप ढाबा में सपरिवार सोए हुए थे तभी आचनक घर ध्वस्त हो गया। घर में अनाज, कपड़ा, सहित जरूरी कागजात भी दब गये जिसके कारण उनके समक्ष भूखमरी का स्थिति उत्पन्न हो गयी हैं। उसने कहा की मेरे पति मजदूरी करते हैं, ऐसे में निजी खर्च से आवास बना पाना मुश्किल है। पीड़ित परिवार ने जिला प्रशासन से तत्काल राहत शिविर, खाद्यान्न और रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है।

## विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा की बैठक में पीवीयूएनएल कंपनी की मनमानी पर चर्चा



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा कि बैठक मंगलवार को जयनगर पंचायत सचिवालय के समीप हुई। बैठक में जिप सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राजाराम प्रजापति ने कहा कि छाई डैम निर्माण के लिए जबरन जमीन पर मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है। जबकि पीवीयूएनएल रैयतों को मुआवजा, स्थाई नौकरी, पुनर्वास व अन्य सुविधाओं को देने से भी इनकार कर रहा है। इसलिए अपने अधिकार के लिए संघर्ष करना होगा। इस मौके पर मुखिया हीरा देवी पंसस अरविंद गिरी, उप मुखिया अभिलाषा प्रसाद, मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण प्रसाद, राजाराम प्रसाद, अब्दुल कयूम अंसारी सहित सैकड़ों कि महिला और पुरुष मौजूद थे। जो इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावपूर्ण बनाने के लिए अपनी अहम भूमिका निभाये।


शपथ पत्र

शपथ पत्र संख्या 7192 दिनांक 15.07.2025 के अनुसार, मैं गोदाबरी देवी, पति - नारायण साहु, उम्र 58 वर्ष, ग्राम देवाकी, पोस्ट - देवाकी, थाना-घाघरा, जिला - गुमला, झारखण्ड शपथ पूर्वक बयान करता/करती हूँ कि :-

1. यह कि मैं उक्त ग्राम का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार नं० 703713561224 है, जिसमें गलती से मेरा नाम गायत्री देवी दर्ज हो गया है।

3. यह कि मेरा सही नाम गोदाबरी देवी है जो मेरे फोटो पहचान पत्र में दर्ज है।

4. यह कि यह शपथ पत्र मेरा सही नाम गोदाबरी देवी है इस बात की सत्यता की पुष्टि करने हेतू कर रही हूँ।

मै गोदाबरी देवी तसदीक करता / करती हुँ कि उपरोक्त बयान मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है।

# लव जिहाद में एक और कांड

राधिका की पिता द्वारा हत्या, सोशल मिडिया, मिडिया नयी-नयी कहानियां ला रहे हैं। कुछ दिनों बाद पुलिस और बाद में कोर्ट से अप्रूव कहानी भी आ जायेगी, परंतु सच कभी नहीं पायेगा। चाहे वो पीड़िता हो या आरोपी हो, अब सब उस प्रकार की कहानियां गढ़ी जायेंगी, जो उनके स्वार्थ सिद्ध करती हों। इसको दिल्ली के निर्भया कांड से समझ सकते हैं, जिस में लड़की लड़का पार्टी करके बस में लिफ्ट लेकर, उसमे भी मौज मस्ती करने पर, उसमे कंडक्टर और ड्रायवर जो रात को शराब के नशे में उनकी हरकतों से प्रेरित होकर अपराध कर दिया, जिस का मास्टर माइंड शांति वर्ग का होने के कारण, उसको फर्जी तरीके से नाबालिग बता कर मुक्त करके पुरस्कृत भी किया गया और शेष को फांसी पर, जब तक फांसी न हुई, पीड़िता की मां ने न्याय के नाम पर नौकरी और मुआवजा पाकर, डर के मारे मास्टर माइंड के प्रति कभी भी एक शब्द नहीं बोला, बस शेष के लिए न्याय का ढोल पीटती रही। अनेक इस प्रकार की फर्जी कहानियों में सच कभी बाहर नहीं आ पाया, ऐसे ही इसमें पिता भी ऐसे बयान देगा, जो हुआ हुआ अब बस इससे कैसे बचा जाये, यदि पूरी तथ्यों को देखा जाये, तो पिता ने उसके सपनो को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, तब सोशल मिडिया पर उसके आने पर भी वह इतना बड़ा कदम नहीं उठता। यदि अतीत से अब तक देखें, लव जिहाद भारत में नहीं, विदेश में भी एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। भारत में तो यह आजादी के बाद से ही है। इनके गैंग से कोई बच नहीं पाता है। अंकित तोमर नहीं मानी, तो गोली से मार दिया, मान जाती तो उसके हश्र के बारे में सभी को मालूम होता है, जिनकी कहानियां आती रहती हैं। सोशल मिडिया में उसका इनसे संपर्क उसका मौत का कारण बना, जिस में पिता और उसके मध्य पिता से अनबन रहती थी। पिता को भी मालूम यदि उनके चंगुल में गयी, तो ऑनर किलिंग होने से रही, हिंदू लड़का होने पर, उसमे दोनों हिंदू पक्ष इसके लिए सहमत होते हैं, परंतु यहां पर ऐसा नहीं हो सकता। उसने भी राधिका के कुछ ऐसे लक्षण देंखे होंगे। विलंब करने पर आज नहीं तो कल ऐसा ही होगा, जिस का समाधान उसके इस क्रूरतम कार्य में मिलता होगा। इसमें मात्र कुछ जेल की सजा है, परंतु लवजिहाद की घटना, परिवार के हर सदस्य का पीढ़ी दर पीढ़ी अपमान है।

**यदि अतीत से अब तक देखें, लव जिहाद भारत में नहीं, विदेश में भी एक विकराल समस्या बनता जा रहा है। भारत में तो यह आजादी के बाद से ही है। इनके गैंग से कोई बच नहीं पाता है। अंकित तोमर नहीं मानी, तो गोली से मार दिया, मान जाती तो उसके हश्र के बारे में सभी को मालूम होता है, जिनकी कहानियां आती रहती हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और मांग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है।**

# नीति आयोग की मानव पूंजी से संबंधित क्रांति



**राव इंद्रजीत सिंह**




भारत जैसे विशाल और वैविध्यपूर्ण देश में प्रगति का वास्तविक पैमाना केवल जीडीपी के आंकड़ों या बुनियादी ढांचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूंजी–हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता– केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक-नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है।

एक ऐसे देश में जहां 65 प्रतिशत से ज्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है।

**नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है।**

पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आंकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिजाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है। इसके मार्गदर्शन में मानव पूंजी की आधारशिला- शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्पना की गयी है।

नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुंच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्यायसंगतता पर जोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहां नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने – रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नये युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर जोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया। भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है।

कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुंच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और मांग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया–अपितु इसने क्षेत्रीय जरूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किये। इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाजार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को–मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बना कर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना।

अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वास्थ्य का रुख किये जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया–जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था।

कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वास से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्यायसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किये।

महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी जोर दिया। इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्टम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट-अप आज फल-फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। लेकिन संभवतः इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है। इसने विशाल आंकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढांचों का लाभ उठा कर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और जमीनी हकीकतों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है।

चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्पादन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यावहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है। विभिन्न मंत्रालयों और क्षेत्रों में संयोजन और समन्वय स्थापित करने की इसकी क्षमता ने इसे एक परामर्शदायी निकाय से कहीं अधिक बना दिया है–यह विकास के अंतःकरण का रक्षक बन गया है। इसने कार्य निष्पादन -आधारित रैंकिंग के माध्यम से राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया, हाशिये पर पड़े लोगों की आवाज बुलंद करने के लिए सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम किया और सर्वोत्तम प्रथाओं को देश में लाने के लिए वैश्विक साझेदारों के साथ सहभागिता की। वैश्विक नवाचार सूचकांक में भारत का बढ़ता कद और संयुक्त राष्ट्र, विश्व बैंक और यूनेस्को जैसी संस्थाओं से मिली प्रशंसा इस प्रयास के प्रति दुनिया के सम्मान को दर्शाती है। नीति आयोग ने केवल लक्ष्य हासिल करने से कहीं बढ़ कर, टिकाऊ, समावेशी और भविष्य के अनुरूप प्रणालियां बनाने पर ध्यान केंद्रित किया है। सतत विकास लक्ष्यों के प्रति इसकी प्रतिबद्धता –स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन से लेकर हरित गतिशीलता तक, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना से लेकर कार्यस्थलों में महिला-पुरुष समानता तक-हर पहल में स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है।

ज्ञान अर्थव्यवस्था के रूप में भारत का उदय अब कोई दूर का सपना नहीं रह गया है–यह जनता को राष्ट्र की सबसे बड़ी संपत्ति मानने वाली नीतियों के जरिए संचालित एक प्रगतिशील कार्य बन चुका है। नीति आयोग ने विकास के इर्द-गिर्द के विमर्श को ऊपर उठाते हुए हमें याद दिलाया है कि सच्ची प्रगति गगनचुंबी इमारतों या सबसे बड़े कारखानों से नहीं, बल्कि जनता की ताकत, स्वास्थ्य और गरिमा से मापी जाती है। ऐसा करके, यह महज एक थिंक टैंक से कहीं बढ़ कर बन गया है। यह युवा, महत्वाकांक्षी भारत–एक ऐसे भारत की धड़कन बन गया है, जो सपने देखता है, हिम्मत करता है और कर्म करता है। और इस कहानी के केंद्र में वह शांत विश्वास है कि जब आप लोगों में निवेश करते हैं, तो आप केवल एक बेहतर अर्थव्यवस्था का ही नहीं, बल्कि एक बेहतर राष्ट्र का भी निर्माण करते हैं।

**(लेखक : सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना और संस्कृति राज्य मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# चांडिल में कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर है सीमागोड़ा के ग्रामीण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला-खरसावां जिले के चांडिल प्रखंड अंतर्गत आसानबनी पंचायत के शहरबेड़ा गांव के सीमागोड़ा टोला में विगत छह माह से जल मीनार खराब पड़ा है।जिसके कारण टोला के संथाली परिवार स्वच्छ पेयजल से वंचित हैं। सभी पुराने कुएं का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं।ग्रामीणों ने बताया मुखिया फंड से स्थापित यह जल मीनार सोलर पैनल से संचालित होती है,लेकिन छह महीने से यह पूरी तरह बंद पड़ी है। टोला में एकमात्र हैंडपंप भी गर्मी से पूर्व खराब हो गया था। जिसे पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने मरम्मत कराया लेकिन कुछ दिनों बाद वह फिर खराब हो गया। स्थानीय ग्रामीण कृष्ण मार्डी ने बताया ग्रामीण रवि मांझी के फिलहाल निजी हैंडपंप से लोग किसी तरह पानी ला रहे हैं। दूषित पानी पीने से गांव में डायरिया फैलने लगी है। जिससे स्वास्थ्य पर संकट गहराता जा रहा है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से जल्द जल मीनार की मरम्मत कर नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने कह यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# तीसरी सोमवारी को निकलेगी भव्य जलाभिषेक यात्रा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर समिति के तत्वावधान में श्रावण माह की तीसरी सोमवारी को भव्य सामूहिक जलाभिषेक यात्रा का आयोजन किया जाएगा।यात्रा की तैयारियाँ जोर-शोर से जारी हैं। समिति के पदाधिकारी शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार बैठकें कर श्रद्धालुओं से सुझाव लेकर सफल बनाने के लिए विस्तृत रूपरेखा तैयार कर रहे हैं।समिति के वरिष्ठ सदस्य पवन अग्रवाल ने बिरसानगर शकुंतला उद्यान में, दिनेश कुमार साकची नेहरू कॉलोनी दुर्गा मंदिर में, गुंजन यादव बमार्माइंस देवस्थान शिव मंदिर में, राकेश सिंह टेल्को सरगम काली पूजा मैदान में, भूपेंद्र सिंह बारीडीह में,अमरजीत सिंह राजा भालूबासा आशीष किशोर संघ सीतारामडेरा में और कमलेश सिंह गणिनाथ भवन गोलमुरी क्षेत्र में बैठक कर श्रद्धालुओं को यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया।समिति ने श्रद्धालुओं से 28 जुलाई को प्रातः 7 बजे बारीडीह हरि मंदिर मैदान में एकत्रित होने की अपील की। जहां से कतारबद्ध होकर सिदगोड़ा सूर्यधाम शिवालय तक सामूहिक जलाभिषेक यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में भक्ति गीत-संगीत, मनमोहक झांकियां और शिवभक्तों का उत्साह मुख्य आकर्षण रहेगा। इस बार विशेष तौर पर सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र गंगाजल लाया गया जिससे बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक होगा।

**काशी की तर्ज पर भव्य महाआरती :** यात्रा के उपरांत संध्या 6:30 बजे सिदगोड़ा सूर्यधाम परिसर में काशी के गंगा घाट की तर्ज पर महाआरती का आयोजन होगा। इसके लिए, बनारस से 15 सदस्यीय प्रशिक्षित मंडली विशेष रूप से आएगी, जो शंखध्वनि, पारंपरिक वाद्ययंत्र, दीपमालाओं और मंत्रोच्चार के साथ महाआरती संपन्न कराएगी।

बैठक में पप्पू उपाध्याय, सूरज सिंह, विकास शर्मा, युवराज सिंह, जीवन साहू, बबलू गोप, रंजीत सिंह समेत दर्जनों प्रमुख नागरिक और सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का संकल्प लिया।

# एनएसयू की छात्रा रिशु का पीएनबी में चयन

**विश्वविद्यालय प्रबंधन ने स्मृति चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय की एमबीए सत्र 2022-24 की छात्रा रिशु रंजन का चयन पंजाब नेशनल बैंक में मार्केटिंग ऑफिसर पद पर किया गया। गोलपहाड़ी निवासी रिशु रंजन को 10 लाख के वार्षिक पैकेज मिला। वह इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन की परीक्षा और साक्षात्कार में सफल रही। मंगलवार को रिशु की सफलता पर विश्वविद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

मौके पर कुलपति प्रो डॉ. प्रभात कुमार पाणि और डीन प्रो. दिलीप शोम ने उन्हें व उनके परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। वही रिशु के पिता सुमंत कुमार भारती ने बेटी की सफलता का श्रेय उसके परिश्रम और विश्वविद्यालय के शिक्षकों को दिया। फिलहाल रिशु पीएनबी लुधियाना में तीन महीने का प्रशिक्षण लेंगी।

## जमशेदपुर डाकघर की विशेष पहल

# सावन में गंगाजल और रक्षाबंधन पर राखी लिफाफा के लिए खुला विशेष काउंटर

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सावन के पवित्र महीने में जमशेदपुर प्रधान डाकघर ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गंगाजल उपलब्ध कराने की विशेष व्यवस्था की है। इसके तहत डाकघर में एक विशेष काउंटर खोला गया है, जहां आमजन को गंगोत्री का पवित्र गंगाजल मात्र 30 रुपये में उपलब्ध कराया जा रहा है।वहीं आगामी रक्षाबंधन पर्व के मद्देनजर भाई-बहन के प्रेम के प्रतीक राखी को सुरक्षित भेजने के लिए डाक विभाग ने वाटरप्रूफ राखी लिफाफा जारी किया है। यह लिफाफा सभी प्रमुख डाकघरों में 10 रुपये में उपलब्ध है। राखी की बुकिंग और भेजने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गयी। राखी वितरण को सुचारू बनाने के लिए सभी वितरण क्षेत्र के डाकियों को विशेष निर्देश दिये गये। साथ ही वितरण सुनिश्चित करने के लिए रविवार को भी डाकघर खोलकर विशेष वितरण अभियान चलाया जायेगा। डाक विभाग की यह पहल श्रद्धालुओं और भाई-बहन के रिश्ते को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# जामबानी में पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**राजनगर।** राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम जामबनी में पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बीते दो दिन आवारा कुत्तों ने गांव के तीन लोगों को काटकर घायल कर दिया। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है।ग्रामीण गणेश महतो के अनुसार गांव में दो शैक्षणिक संस्थान ज्योतिषी टोला प्राथमिक विद्यालय और जामबनी मध्य विद्यालय संचालित हैं। दोनों विद्यालयों के चारों ओर चारदीवारी नहीं होने के कारण स्कूली बच्चे आवारा कुत्तों का आसान से शिकार बन सकते हैं। ग्रामीणों और अभिभावकों ने बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर चिंता जतायी। ग्रामीणों ने अभिभावकों से अपील की जब तक स्थिति सामान्य नहीं होती, बच्चों को स्कूल भेजने में सतर्कता बरतें। साथ ही जिला प्रशासन से मांग की पागल कुत्तों को पकड़ने या उनके आतंक से निजात दिलाने के लिए तत्काल उचित कदम उठाए जाएं, ताकि गांव में शांति और सुरक्षा का वातावरण बहाल हो सके।

## मनरेगा योजनाओं में अनियमितता पाये जाने पर उपायुक्त ने की कार्रवाई

# 11 कर्मियों पर कार्रवाई, पंचायत सचिव पर प्राथमिकी



उपायुक्त ने कई पदाधिकारियों को कार्य मुक्त और कई को निलंबित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत गढ़वा जिले के धुरकी प्रखंड में संचालित योजनाओं की जांच के क्रम में गंभीर अनियमितताएं सामने आयी हैं। लोकपाल मनरेगा, गढ़वा द्वारा बताया गया है कि ग्राम मिरचईया में कार्यान्वित तीन योजनाओं सलीम अंसारी के खेत में कूप निर्माण, शमशीर अंसारी के खेत में कूप निर्माण एवं तौफिक अंसारी के खेत में कूप निर्माण में क्रियान्वयन स्तर पर भारी अनियमितताएं पायी गयी हैं। उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने बताया कि लोकपाल मनरेगा द्वारा किये गये जांच में यह स्पष्ट हुआ कि तीन योजनाओं में से दो योजना में प्रतिबंधित मशीन जेसीबी से कार्य कराया गया है। वहीं एक योजना का निर्माण कार्य प्राक्कलन से हटकर किया गया है। साथ ही योजना निर्माण में भारी अनियमितता बरती गयी है। जांच प्रतिवेदन में परिलक्षित अनियमितता के आलोक में सभी संबंधित से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। प्राप्त स्पष्टीकरण असंतोषजनक पाये जाने के कारण संबंधित कर्मी/पदाधिकारी पर कार्रवाई की गयी है। इस प्रतिवेदन के आधार पर जिला प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मियों और पदाधिकारियों को उत्तरदायी ठहराया है। जिन 11 कर्मियों/पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गयी है उनमें अनिल कुमार यादव, ग्राम रोजगार सेवक, उमेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक, रामकुमार सिंह कुशवाहा, कनीय अभियंता, राकेश रंजन रवि, कनीय अभियंता, मुकेश तुरहा, कनीय अभियंता, बबलू प्रसाद, लेखापाल-सह-कंप्यूटर ऑपरेटर, पीएमएवाई-जी को भी सेवा से कार्यमुक्त किया गया है। रामाशंकर सिंह, पंचायत सचिव, को निलंबित किया गया है, मिरचईया के मुखिया भगुनी राम की वित्तीय शक्तियां स्थगित की गयी है। वहीं जहान अंसारी, सहायक अभियंता (मनरेगा), कमलेश राम, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी का भी स्थानांतरण किया गया है तथा छवि सिंह, तत्कालीन पंचायत सचिव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। जिला प्रशासन स्पष्ट करता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की प्राथमिकताओं से कोई समझौता नहीं किया जायेगा।

### मनरेगा में अनियमितता उजागर, जिला प्रशासन ने की कार्रवाई

रामकंडा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला अंतर्गत रमकंडा प्रखंड खा ग्राम पंचायत बलिगढ़ में मो0 बाबर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत बलिगढ़ एवं अन्य ग्रामीण जनता द्वारा ग्राम बलिगढ़ में मनरेगा के तहत सुकन राम के खेत में डोभा निर्माण योजना से संबंधित प्राप्त शिकायत की जांच जिला स्तरीय दल द्वारा की गयी। जांच के क्रम में यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि ग्राम पंचायत बलिगढ़ में योजना हेतु प्रस्तावित सुकन भुईयां के भूमि से 2 किलोमीटर दूर योजना का निर्माण भैरो साव की भूमि पर किया गया है। मापी के क्रम में योजना की लंबाई 75 फीट एवं चौड़ाई 68 फैट पाया गया। वहीं योजना में कार्य का मूल्यांकन 54670 रुपये का पाया गया, जबकि योजना में 256734 रुपए का भुगतान किया गया। इसे स्पष्ट होता है की योजना के निर्माण में अनियमितता बरती गयी है तथा किये गये कार्य से अधिक राशि का भुगतान किया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर दोनों कर्मियों को तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त कर दिया गया है। वहीं इस योजना को लेकर पंचायत सचिव अभय कुमार मिंज को निलंबित किया कर दिया गया है तथा कनीय अभियंताअरविंद कुमार का ट्रांसफर किया गया है और ग्राम पंचायत बलीगढ़ के मुखिया बिनोद कुमार गुप्ता की वित्तीय शक्ति जब्त कर ली गयी है।

### मनरेगा में आदेश का उल्लंघन, बीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को किया शोकॉज



बीडीओ देवलाल करमाली।

डंडई। प्रखंड के ग्राम पंचायत तरसरा में मनरेगा योजनाओं के तहत डोभा कार्यों में भुगतान को लेकर समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट के बाद डंडई बीडीओ देवलाल करमाली ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों से 24 घंटे के भीतर स्पष्टीकरण तलब किया है। समाचार पत्र आजाद सिपाही में छपी रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ कि मनरेगा के मॉनसून प्रतिबंध (15 जून से 15 अक्टूबर) के बावजूद ग्राम पंचायत तरसरा में डोभा योजनाओं का कार्य कराया गया और भुगतान भी किया गया। इस पर बीडीओ ने सख्त प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह न केवल मनरेगा अधिनियम का उल्लंघन है, बल्कि पूर्व में दिये गये प्रशासनिक आदेशों की खुली अवहेलना भी है। उन्होंने यह चेतावनी भी दी कि यदि समय पर संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो इस मामले की सूचना वरीय अधिकारियों को भेजी जायेगी और दोषी कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। इस पूरे प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने पत्रांक संख्या 932, दिनांक 14.07.2025 को बीपीओ, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर को निर्देशित किया है कि वे यह स्पष्ट करें कि मनरेगा के स्पष्ट प्रतिबंध के बावजूद भुगतान किस आधार पर किया गया।

## भवनाथपुर में सूर्या आई केयर ऑप्टिकल का शुभारंभ

पहले सोमवारी पर की गयी निःशुल्क नेत्र जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** सावन के पहले सोमवारी के पावन अवसर पर सूर्या आई केयर ऑप्टिकल का उद्घघाटन विधिवत पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर अपनी आंखों की निःशुल्क जांच कराई। सूर्या आई केयर ऑप्टिकल के डायरेक्टर एवं नेत्र विशेषज्ञ सूरज कुमार मेहता ने बताया कि भवनाथपुर के लोगों को अब नेत्र जांच के लिए बाहर के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ आंखों की निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है और जरूरतमंदों को बहुत ही कम कीमत पर चश्मा भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रांची के कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल से प्रशिक्षण प्राप्त किया और वर्तमान में अमेरिका की प्रतिष्ठित एनजीओ संस्था 'विजन स्प्रिंग फाउंडेशन' में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे समाज सेवा की भावना से प्रेरित होकर भवनाथपुर के लोगों को नेत्र जांच की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। आस पास के क्षेत्रों के लोगों ने आंखों की जांच करायी और इस पहल की सराहना की।

## कांडी बाजार की सरकारी भूमि पर सीमांकन कार्य शुरू, अतिक्रमण हटने की उम्मीदें जगीं

आजाद सिपाही संवाददाता



**कांडी।** बाजार की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में प्रशासन ने एक बार फिर कदम उठाया है। मंगलवार को अंचल प्रशासन द्वारा 78 डिसमिल सरकारी भूमि का सीमांकन कार्य शुरू किया गया। अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य दो दिनों तक चलेगा, जिसमें अतिक्रमण की स्थिति को चिन्हित किया जाएगा।सीमांकन कार्य अंचल अमीन धर्मेंद्र और पप्पू जायसवाल द्वारा किया जा रहा है, जबकि इसकी निगरानी अंचल निरीक्षक संदीप कुमार गुप्ता कर रहे हैं। अंचलाधिकारी और कांडी थाना प्रभारी ने भी सीमांकन स्थल पर पहुंचकर कार्य का जायजा लिया और आवश्यक निर्देश दिये। गौरतलब है कि इससे पहले भी कई बार इस भूमि की मापी हो चुकी है, लेकिन अब तक अवैध कब्जा नहीं हटाया जा सका है। वर्तमान में भी इस भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा बना हुआ है। ऐसे में सीमांकन कार्य को होते देख ग्रामीणों में एक बार फिर उम्मीदें जगी हैं, लेकिन साथ ही शंका भी है। कई ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि क्या इस बार वास्तव में अतिक्रमण हटाया जायेगा या यह प्रयास भी केवल सीमांकन तक ही सीमित रह जायेगा। प्रशासन द्वारा शुरू किये गये इस कदम को लेकर क्षेत्र में चचाएं तेज हो गयी हैं। अब देखना यह होगा कि सीमांकन के बाद प्रशासन कितना सख्त कदम उठाता है और क्या वाकई वर्षों से कब्जे में पड़ी भूमि को मुक्त कराया जा सकेगा।

### विधायक की पहल से बालीगढ़ खोनहर मध्य विद्यालय को उत्क्रमित करने का प्रस्ताव



विधायक अनंत प्रताप देव।

केतार (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा के विधायक अनंत प्रताप देव के अथक प्रयास से प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़ खोन्हर मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर हाईस्कूल करने की अनुशंसा विभाग को प्रेषित किया था। जिसके आलोक में कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी गढ़वा ने पत्र जारी कर मध्य विद्यालय से उच्च विद्यालय में उत्क्रमण हेतु प्रस्ताव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से मांगा गया है। विधायक अनंत प्रताप देव के अथक प्रयास से प्रखंड क्षेत्र के बलीगढ़ मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर हाईस्कूल किये जाने को लेकर प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने विधायक को धन्यवाद दिया है। वहीं मुखिया ललिता कुमारी ने कहा कि अब उच्च शिक्षा के लिए दूसरे पंचायत नही जाना पड़ेगा। खासकर लड़कियों को अब उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत होगी।

### थाना दिवस पर जमीन विवाद का निपटारा



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। नगर उंटारी थाना मे अंचलाधिकारी विकास कुमार सिंह नगर उंटारी की अध्यक्षता में थाना दिवस मनाया गया। जिसमें जमीन से संबंधित मामलों का निपटारा किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध एवं नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। मौके पर अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, झामुमो नेता अमरनाथ पांडे सहित अन्यलोग उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी थाना क्षेत्र के धोबनी गांव निवाशी तेजू यादव (50) वर्ष का सड़क दुर्घटना में सोमवार को मौत हो गया। यह घटना अंबिकापुर एन एच 343 पर रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत गोदरमाना मचिला महुआ के पास गोदरमाना की ओर से रंका गढ़वा की ओर आ रही एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति को बुरी तरह से कुचल दिया। जिससे उस व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि साथ में पीछे बैठी पत्नी का दाहिना पैर घुठी तक कुचल गया और स्थिति नाजुक बनी हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक के पत्नी सुनैना देवी का रांची रिम्स में इलाज चल रहा है। मृतक तेजू यादव अपने पीछे एक लड़का और चार लड़की छोड़ गये।

### करंट की चपेट में आने से ट्रक का उपचालक घायल

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। बिजली के करंट की चपेट में आने से एफसीआई गोदाम में खाद्यान्न अनलोड करने आये ट्रक के उपचालक रांची निवासी प्रतीक भारती गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलावस्था में उपचालक को इलाज के लिए भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां पर तैनात चिकित्सक रंजन दास की देखरेख में इलाज जारी जारी है।

### वज्रपात में महिला गंभीर रूप से घायल

मेराल (आजाद सिपाही)। मंगलवार को वज्रपात की घटना में गंभीर रूप से घायल एक महिला का प्राथमिक उपचार सीएचसी मेराल में करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्चतर स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रमुना थाना क्षेत्र के मड़वनीया गांव में दोपहर बाद तेज वर्षा के साथ हुई वज्रपात की घटना में फैजल अहमद की 30 वर्षीय पत्नी रुबीना बीबी गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसे आनन-फानन में अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उच्चतर स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर कर दिया। वहीं सड़क दुर्घटना में देवगाना गांव निवासी अरुण भुईयां की पत्नी रेखा देवी 20 साल घायल हो गयीं, जिसका इलाज मेराल सीएचसी में किया गया।

### अब गढ़वावासी उठा सकेंगे केक केन का लुत्फ



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के साईं मुहल्ला स्थित केक हाउस में केन पेस्ट्री अर्थात केक केन का निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। प्रोडक्शन हाउस का उद्घाटन मंगलवार को अधिवक्ता गौतम कृष्ण सिन्हा, डॉक्टर पातंजली केशरी, प्रोपराइटर नसीमुद्दीन खान सहित अन्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान अधिवक्ता गौतम कृष्ण सिन्हा ने कहा कि गढ़वा प्रगति के पथ पर अग्रसर है। डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि केन पेस्ट्री का निर्माण कार्य प्रारंभ होने की सूचना मिली। इस तरह के प्रोडक्ट का निर्माण पूरे झारखंड प्रदेश में पहला है। जो सराहनीय है। प्रोपराइटर नशीमुद्दीन खान ने कहा कि केक हाउस में केक, बर्थ डे पार्टी का सारा सामान उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि केन में बेहतर गुणवत्तायुक्त केक रिफिलिंग किया गया है। मौके पर अब्दुल मन्नान, शिक्षक दामोदर राम, डॉक्टर इश्तियाक रजा, शिवम सिंह, निखिल केशरी, कुशल केशरी, ऋषिक जायसवाल, राजा केशरी सहित लोग उपस्थित थे।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में विद्यार्थियों के लिए जेइइ, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के शिक्षा क्षेत्र में एक नयी पहल करते हुए जीएन कान्वेंट स्कूल ने छात्रों के लिए जेईई, नीट एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की फाउंडेशन व तैयारी की विशेष व्यवस्था शुरू की है। यह स्कूल जिले का पहला ऐसा सीबीएसई मान्यता प्राप्त संस्थान है। जो छात्रों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दे रहा है। विद्यालय के निदेशक मदन प्रसाद केसरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को कम उम्र से ही करियर की दिशा में सजग करना है। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन कोर्स और समय-समय पर ली जाने वाली तैयारी परीक्षाएं बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ-साथ भविष्य की बड़ी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेंगी। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से सेल्फ स्टडी के लिए प्रेरित करें और घर पर पढ़ाई के लिए कम से कम 6 घंटे का समय अवश्य निर्धारित करवाएं। यह न केवल उनके आत्म-अनुशासन को बढ़ायेगा, बल्कि भविष्य की प्रतिस्पर्धाओं के लिए भी उन्हें तैयार करेगा। विद्यालय की यह पहल जिले के विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे वे अपने सपनों को उड़ान दे सकते हैं।

## गुप्त काशी यात्रा में शामिल साधु-संत और श्रद्धालु पहुंचे श्री बंशीधर नगर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट सोनभद्र उत्तरप्रदेश के तत्वावधान में निकली गुप्त काशी यात्रा में शामिल साधु संत और सैकड़ों श्रद्धालु श्रवण मास की प्रथम सोमवारी को श्री बंशीधर नगर पहुंचे और विभिन्न मंदिरों में दर्शन पूजन के बाद अगले दिन मंगलवार को आगे के लिए प्रस्थान किया। छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज एवं श्रीधाम वृंदावन में स्थित सखी अखाड़े से पधारी विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक महामंडलेश्वर श्री हेमलता सखी के संरक्षण और गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के प्रधान रवि प्रकाश चौबे की अगुवाई में निकली यात्रा में शामिल साधु संतों ने श्री वंशीधर मंदिर एवं पाल्हे कला में स्थित वज्रशेखर श्री आशुतोष महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। यात्रा में शामिल लोगों ने श्री आशुतोष महादेव मंदिर परिसर में रात्रि विश्राम किया।

दूसरे दिन प्रातः मंदिर में दर्शन पूजन के पश्चात यात्रा में शामिल लोग कैमूर पर्वत माला में स्थित गुप्ता धाम और मां अमिला धाम के लिए प्रस्थान कर गये। श्री बंशीधर मंदिर ट्रस्ट के प्रधान ट्रस्टी राजेश प्रताप देव ने साधु संतों से आशीर्वाद लेकर एवं निरंतर सेवा का अवसर प्रदान का अनुरोध करते हुए यात्रा को आगे के लिए रवाना किया। गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के प्रधान रवि प्रकाश चौबे ने कहा कि सोनांचल में अवस्थित देव दुर्लभ स्थलों का भ्रमण करते हुए जनमानस को प्रकृति, पर्यावरण, पर्यटन, धर्म, सृष्टि, संस्कृति रक्षण का संकल्प दिलाने के लिए गुप्त काशी दर्शन यात्रा पिछले 10 वर्षों से निकाली जा रही है।

उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर गुप्त काशी क्षेत्र के अग्नि कोण पर अवस्थित है, इसलिए पिछले वर्ष से इस क्षेत्र को भी गुप्त काशी दर्शन यात्रा से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई 2025 को वाराणसी में काशी विश्वनाथ के दर्शन पूजन के उपरांत इस वर्ष की यात्रा को विश्राम दिया जायेगा। यात्रा में छत्तीसगढ़ पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री ब्रह्मदेवाचार्य जी महाराज के अलावे अयोध्या जी धाम के आर्य संत स्वामी वरुण जी महाराज, श्रीधाम वृंदावन में स्थित सखी अखाड़े से पधारी विश्व की द्वितीय किन्नर कथावाचक महामंडलेश्वर हेमलता सखी व उनकी सखियां, श्रीधाम वृंदावन के संत प्रेम निधि दास जी महाराज, अयोध्या जी धाम के स्वामी विजयनारायणाचार्य जी महाराज, पूज्य संत प्रयाग गिरी जी महाराज मौनी बाबा, यूथ आइकॉन यूपी के सौरभ कांत त्रिपाठी, पार्थ द्विवेदी, समेत गुप्तकाशी के विविध स्थलों से आए कई साधु संत एवं श्रद्धालु शामिल थे। मंदिर परिसर में पौधारोपण साधु संतों के पावन सानिध्य में वज्रशेखर श्री आशुतोष महादेव मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण प्रकृति की रक्षा और जागरूकता का संकल्प लिया गया। साधु संतों ने कहा कि पेड़ पौधे परमार्थी हैं और इनसे जुड़े लोगों को भी परमार्थी होने की प्रेरणा देते हैं। इस मौके पर नगर गढ़ के राजेश प्रताप देव, रिटायर्ड कैप्टन सुनील कुमार चौबे, राजेश कुमार पांडेय, राकेश विश्वकर्मा, मंदीप प्रसाद समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।


झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड
(CIN:U40108JH2013SGC001702)
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ
रामगढ कैन्टोमेन्ट,रामगढ,पिन कोड– 829122+
ई-मेल:-ese.ramgarh@gmail.com ]Phone no:- 06553.231987

सूचना

विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ़ के अन्तर्गत सम्मानित उपभोक्तागण की सुविधा हेतु विभिन्न क्षेत्रों में राजस्व वसूली कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उपभोक्तागण कैम्प में जाकर अपना बिजली बिल आसानी से जमा कर सकते है। कैम्प की तिथि निम्नवत है:–

| क्र0 सं0 | स्थान | प्रखण्ड | कैम्प आयोजन की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नियर दुर्गामंडप, छत्तरमाण्डु | रामगढ़ | 16.07.2025 |
| 2 | दोहाकातु, पंचायत भवन | रामगढ | 21.07.2025 |
| 3 | पालू | पतरातु | 22.07.2025 |
| 4 | टेरपा | पतरातु | 23.07.2025 |
| 5 | घाटो | माण्डु | 23.07.2025 |
| 6 | सोसो बुध बाजार | गोला | 23.07.2025 |
| 7 | महेश होटल लारी | दुलमी | 24.07.2025 |
| 8 | कोडी बाजार टांड | पतरातु | 24.07.2025 |
| 9 | उत्क्रमित मध्य विद्यालय उसरा | रामगढ़ | 24.07.2025 |
| 10 | कुल्ही चौक | चितरतपुर | 25.07.2025 |
| 11 | चिकोर गाँधी चौक | पतरातु | 25.07.2025 |
| 12 | बरगाँव | माण्डु | 26.07.2025 |
| 13 | चरही | माण्डु | 28.07.2025 |
| 14 | दुलमी बाजार | दुलमी | 28.07.2025 |
| 15 | हेसला, ईल्सा गैस एंजेसी | रामगढ़ | 28.07.2025 |
| 16 | करमा | मांडू | 29.07.2025 |
| 17 | मगनपुर गोला | गोला | 30.07.2025 |
| 18 | मांडू | मांडू | 30.07.2025 |

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.357345 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

ह०/– विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,
विद्युत आपूर्ति अंचल, रामगढ



JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED
(CIN : U40108JH2013SGC001702)
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, HAZARIBAG, JULU PARK, HAZARIBAG PIN - 825301

e-TENDER NOTICE

e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type of Civil works and having sound financial status:-

| Sl. No. | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in Rs./- | Earnest money to be deposited in Rs./- | Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./- | Time of completion of work. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 99/PR/JBVNL /25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Gidhaur, Chatra. | 3,91,350/- | 7,900/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 02 | 100/PR/JBVNL /25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Katkamsandi, Hazaribag. | 3,72,550/- | 7,500/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 03 | 101/PR/JBVNL /25-26 | Repair & maintenance of control room building with leak proof treatment at Jabra, Hazaribag. | 3,97,450/- | 8,000/- | 885/- GST included | 02 Months |
| 04 | 102/PR/JBVNL /25-26 | Renovation of front gate and back gate along with allied civil work in existing boundary wall at Central Store, Mission, Hazaribag. | 9,98,450/- | 20,000/- | 1475/- GST included | 02 Months |

| | |
|---|---|
| Availability of tender documents on website | From 18.07.2025 at 11.00 AM to 08.08.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for uploading of e-tender | 08.08.2025 upto 18.00 |
| Last date and time for physical submission of original Demand Draft towards cost of BOQ and Earnest Money and no blood relation Affidavit. | 11.08.2025 upto 15.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-I (Technical and Commercial) | 13.08.2025 at 13.00 |
| Date and time for opening of Tender Part-II (Price Part) | Will be communicated later on. |
| Tendering Officer and address for communication | Electrical Superintending Engineer, Electric Supply Circle, Hazaribag. Jullu Park, Hazaribag. |

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned (06546-226949) during office hours. NIC helpline no. 0651-2400178.
2. Demand Draft from any (scheduled commercial) bank towards cost of BOQ and Earnest Money will be in favour of ***Accounts Officer*, Electric Supply Circle, Hazaribag** payable at Hazaribag.
3. The tenders will be received through electronic tendering mode only. No postal transaction will be entertained. Demand draft will be submitted physically in office up to scheduled date and time.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
ELECTRIC SUPPLY CIRCLE, HAZARIBAG

PR 357342 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26)#D

## संपन्न परिवार से राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें : उपायुक्त



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने आज पूर्व निर्धारित साप्ताहिक कार्यक्रम पंचाइत कर गोईठ के तहत जिले के मुखियाजनों से संवाद स्थापित किये। इस कार्यक्रम में उपायुक्त ने विभिन्न पंचायतों के मुखियाओं से बातचीत कर सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं से उन्हें अवगत कराया साथ ही उनके क्षेत्र की समस्याओं से स्वयं भी वे अवगत हुए। उपायुक्त ने मुखियाजनों से बात करते हुए कहा कि वर्तमान वैश्विक बाजार में मडुआ के उत्पाद का काफी मांग है। किसान मडुवा की खेती कर इसके एवज में अच्छा आय अर्जित कर अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर सकते हैं। मडुवा की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार किसान को मडुआ का बीज नि:शुल्क प्रदान कर रही है। साथ ही झारखंड स्टेट मिलेट मिशन के तहत राज्य सरकार प्रोत्साहन राशि के रूप में प्रति एकड़ भूमि के लिए 3000/- (तीन हजार ) देती है अत: ज्यादा से ज्यादा किसान मडुवा उत्पादन करें। इसके लिए कृषि विभाग से संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उपायुक्त ने सभी मुखियाओं से अपील की है कि जिस गांव के राशन कार्डधारी आर्थिक रूप से सक्षम होते हुए भी सरकारी जनवितरण के दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त कर रहे हैं वैसे लाभुकों को राशन कार्ड सरेंडर करने के लिए प्रेरित करें ताकि गरीब जरूरतमंदो को इसका लाभ दिया जा सके। इसके अलावा वैसे लोग जो मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ के पात्र नहीं हैं उन्हें भी चिन्हित कर सूची से अपना नाम हटवाने के लिए प्रोत्साहित करें। उपायुक्त ने कहा है कि जिन पात्र लाभुको के बैंक खाते में मुख्यमंत्री मैया सम्मान की राशि नहीं पहुंच रही है वे बैंक जाकर आवश्यक रूप से अपना केवाईसी करा लें। आधार इनेक्टिव है तो उसे एक्टिव करा लें। साथ ही अन्य तकनीकी समस्याओं का निवारण भी बैंक जाकर करा लें। उपायुक्त ने कहा कि कई अवसर पर समाज के कुछ लोगों की संवदेनहीनता के कारण उसके आस पड़ोस के लोग समस्याओं से जूझते रहते हैं। ऐसी परिस्थिति में समाज के जागरूक लोगों को संवेदनशील होकर अपने आस-पड़ोस की सुध लेते हुए उनकी सहायता करनी चाहिए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, परियोजना निदेशक आइटीडीए सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सिविल सर्जन राजू कच्छप, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास समेत अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव आदि शामिल हुए।

## अपने जीवनकाल में एक लाख पौधरोपण का माध्यम बनना लक्ष्य : जय प्रकाश शर्मा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** समाज सेवी जय प्रकाश शर्मा जन सेवा के हर क्षेत्रों में अपनी भागीदारी निभाते रहे हैं। नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं, रक्तदान, अनाथ बच्चों और गरीबों का सहयोग, नशा मुक्ति,पर्यावरण संरक्षण सहित अनेक कार्यक्रम से समाज को लाभ मिलता रहा है। विगत कुछ वर्षों से लोहरदगा के विभिन्न स्थानों में उनके द्वारा दो हजार से ज्यादा पौधे लगाये जा चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर अब पेड़ बनने की ओर अग्रसर है। अपने इसी सपने को साकार करते हुए जय प्रकाश शर्मा ने बदला ग्राम के समाजसेवी पंकज कुमारा महतो को लगभग पंद्रह सौ और चन्दकोपा के समाजसेवी पंकज चौधरी को पांच सौ इमारती और फलदार पौधे उपलब्ध कराएं। जिनमें शीशम, सागवान,महोगनी, करम, अनार, कदम, बताबी, आकाशमुनि, नीम, अर्जुन जैसे लाभकारी पौधे हैं। शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में जंगलों की बेतहाशा कटाई की जा रही है। अभी एक वर्ष में हमारे पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक निजी कंपनी के द्वारा चार लाख पेड़ काट दिये गये। जिसे हम विकास मान रहे हैं वो वास्तव में विनाश का कारण बनेगा। पेड़ और जंगल ही हमारी असली संपत्ति है और हम झारखंडियों की पहचान भी। इसे बचाना हम सभी का कर्तव्य है। पंकज महतो और पंकज चौधरी को धन्यवाद देता हूं जो इस मुहिम में उनके साथी बन रहे हैं यदि और भी सज्जन अपने व्यक्तिगत जमीन पर वृक्षारोपण कराना चाहते हैं तो उन्हें भी निशुल्क पौधे उपलब्ध कराये जायेंगे। सभी के सहयोग से ही लोहरदगा अपने पुराने स्वरूप में लौट पायेगा।

## सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं 29 जुलाई तक बच्चों का आवेदन ऑनलाइन जमा करें : प्राचार्य



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जिला के पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना लोहरदगा में विद्यालय प्रबंध समिति परिवार की ओर से नवोदय विद्यालय में नामांकन जागृति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अवनीश चंद्र झा,उप प्राचार्य डी कुमार और अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया गया। कार्यशाला में शिक्षक शिक्षिकाओं को प्राचार्य अवनीश चंद्र झा ने कहा कि जिले के विभिन्न विद्यालय से 350 शिक्षक जागृति कार्यशाला में भाग लिये सभी का स्वागत करते हुए जागृति कार्यशाला का उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि जिला के सभी प्रखंड से सरकारी व मान्यता प्राप्त सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं 29 जुलाई 2025 तक अधिक से अधिक बच्चे बच्चियों का आवेदन प्रपत्र भरकर ऑनलाइन जमा कर पंजीयन करायें। सत्र 2026-27 के तहत कक्षा 6 में नामांकन के लिये वैसे छात्र छात्राओं का आवेदन करें जिसका उम्र सीमा 01 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 तक का हो, परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को जिले के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित किया जायेगा। आवेदन करते समय ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्र के बच्चों का स्पष्ट रूप से रेखांकित करेंगे। सभी लोग अपने अपने विद्यालय के बच्चे बच्चियों को जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में दें। जिससे की हम उन्हें तराश कर देश सेवा समाजसेवा और अन्य कार्यो के लिए तैयार करने का काम करेंगे। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना में पठन पठान की गतिविधि को विस्तार से बताया गया। जवाहर नवोदय विद्यालय जोगना के होनहार छात्र छात्राएं आज ऊंचे और अच्छे ओहदे पर रह कर देश सेवा समाज सेवा और विभिन्न तरह के कार्य कर रहे हैं। मौके पर बीइइओ राजीव रंजन, बीपीओ प्रकाश रंजन के अलावा सुनील कुमार, के ए प्रसाद, आर पी विश्वकर्मा, रविन्द्र कुमार, रामचंद्र भगत, वजीर अंसारी, मुमताज खातून, अजय कुमार सिंह, सुमन दास समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर लवलेश गंझू ने किया आत्मसमर्पण

**नक्सली हिंसा छोड़ मुख्यधारा से जुड़ें: पलामू आइजी**

मुकेश कुमार सिंह

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस को मंगलवार को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस महानिरीक्षक पलामू सुनील कुमार भास्कर, जिले के पुलिस कप्तान कुमार गौरव और सीआरपीएफ के कमांडेंट यादराम बुनकर के समझ राज्य सरकार के पुनर्वास नीति नयी दिशा से प्रभावित होकर जेजेएमपी के सब जोनल कमांडरा और पांच लाख का इनामी लवलेश गंझू ने एसपी कार्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इस संबंध में पत्रकारों को जानकारी देते हुए पलामू डीआइजी भास्कर ने कहा कि लवलेश गंझू जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर हैं और इस पर सरकार के द्वारा पांच लाख का इनाम घोषित है, इसमें विभिन्न थानों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। उग्रवादी लवलेश गंझू राज्य सरकार के पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर मुख्यधारा से जुड़ रहे है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह लातेहार पुलिस की बड़ी सफलता है। इससे जेजेएमपी को बड़ा झटका लगेगा। जिले में सीआरपीएफ, कोबरा, जिला पुलिस लगातार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी का नतीजा है की नक्सलियों के इस क्षेत्र से पांव उखड़ रहे हैं। अब जिले में नक्सलियों की संख्या नाम मात्र की बची है। पुलिस के अभियान के कारण कई नक्सली या तो मारे जा रहे हैं या गिरफ्तार किये जा रहे है। मेरा उन बचे हुए नक्सलियों से अपील है जो जंगल में भटक रहे है या तो वे मुख्यधारा से जुड़ जाएं या हिंसा छोड़ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें।



### अब नक्सलवाद का दौर खत्म: कुमार गौरव

जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू के आत्मसर्पण पर एसपी कुमार गौरव ने कहा कि अब नक्सलवाद का दौर खत्म हो गया है। यह सफलता सीआरपीएफ, कोबरा, जगुआर और लातेहार के पुलिस अधिकारियों और जवानों की है। अब जिले में कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं हैं जहां सीआरपीए, कोबरा, जगुआर या जिला पुलिस की मौजूदगी नहीं है। बचे हुए नक्सली भी अब मुख्यधारा से जुड़े जायें।

### बचे नक्सली भी आत्मसमर्पण कर बितायें शांतिपूर्ण जीवन: बुनकर

इस अवसर पर 11वीं बटालियन के कमांडेंट यादराम बुनकर ने कहा की राज्य सरकार की आत्मसमर्पण नीति बहुत अच्छी नीति है। मुख्यधारा को छोड़ जो जंगल का रास्ता अपनाए हैं उन सभी को संदेश है की वह भी जंगल के रास्ते को छोड़ मुख्यधारा से जुड़ अपने परिजनों के साथ सुख और शांतिपूर्ण जीवन व्यक्ति करें। यही कार्य आज जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू ने कर अपने साथियों को संदेश देने का कार्य है।

# मनरेगा योजना में गड़बड़ी की शिकायत

**बिचौलियों को मिली लूट की छूट, जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से कर रहे खेला**

आजाद सिपाही सवांददाता

**मनिका/लातेहार।** कोपे पंचायत में मनरेगा योजना के तहत संचालित योजनाओं में बिचौलियों को लूट करने का छूट मिला हुआ है जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से बिचौलिए खुलेआम खेला खेल रहे हैं जिससे योजना के लाभुक त्रस्त है, लाभुकों को सिर्फ उनके नाम से योजना मिलती है लेकिन निर्माण का काम बिचौलिए करवाते हैं और योजना में गोलमाल करके खुलेआम मोटी रकम डकार ले रहे हैं। बताते चलें कि कोपे पंचायत निवासी बैजनाथ राम के नाम से बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना दी गयी है, जिसका वर्क कोड -920446 और प्राक्कलित राशि 3 लाख 96 हजार है। वहीं योजना में लगभग 8 से 9 फीट गहराई करण कर मजदूरी की 2 लाख 28 हजार 752 रुपये का निकासी और मटेरियल में 80 हजार 986 रुपये साथ ही मिस्त्री के लिए 14 हजार



335 रुपये का निकासी कर लिया गया है, योजना निर्माण के लिए टोटल लगभग 3.25 लाख रुपए निकाल लिए गये हैं, योजना स्थल पर देखा जा सकता है कि योजना का निर्माण अभी बिल्कुल अधूरा है, लेकिन योजना निर्माण से अधिक पैसे का निकासी कर लिया गया है और योजना से संबंधित कोई बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। वहीं सूत्रों से पता चला कि इस योजना का निर्माण कोई बिचौलिया करवा रहा है और वह सिर्फ योजना में लीपापोती कर सारा पैसा डकारने में लगा है। जबकि योजना का निर्माण लाभुक स्वयं करवा सकता था लेकिन कोपे पंचायत में लाभुकों के नाम से सिर्फ मनरेगा योजना की स्वीकृति होती है और निर्माण का काम बिचौलिए के माध्यम से ही करवाया जाता है। वहीं आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि कोपे पंचायत अंतर्गत मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा आम बात हो गयी है यहां पर जनप्रतिनिधियों के मिली भगत से बिचौलिए सिर्फ निर्माण कार्य को कागज में फाइनल दिखाकर खुलेआम लूट मचाए हुए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बैजनाथ राम के जमीन पर कूप निर्माण का मनरेगा कर्मियों के द्वारा सोशल ऑडिट किया गया तो उस दौरान भी कई कमियां सामने आई है जिस पर मनरेगा कर्मियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए काम में सुधार करवाने की बात कही गयी थी। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने कोपे पंचायत में संचालित मनरेगा योजना के तहत सभी योजनाओं के निर्माण कार्यों की गंभीरता पूर्वक जांच करने का मांग किया है। वहीं जब मामले पर मनिका बीपीओ संतोष कुमार से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि कूप निर्माण में काम से अधिक पैसे निकासी का मामला मेरे संज्ञान में आया है, इसकी जांच किया जायेगा और मामले में संलिप्त लोगों के ऊपर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## बालूमाथ चंदवा एनएच 22 मुख्य मार्ग धंसा, हादसे को दे रहा है निमंत्रण



**बालूमाथ(आजाद सिपाही)।** बालूमाथ मे लगातार हो रही झमाझम बारिश ने बालूमाथ चंदवा एनएच 22 मुख्य मार्ग को गंभीर क्षति पहुंचाई है। संतजुली मिशन स्कूल से कुछ ही दूरी पर चंदवा की ओर जाने वाले रास्ते में दाईं तरफ सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया है, जिससे इस मार्ग पर बड़ा हादसा कभी भी हो सकता है। यह मार्ग भारी मालवाहक वाहनों के साथ-साथ छोटी-बड़ी गाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण है। रोजाना सैकड़ों वाहन इसी सड़क से गुजरते हैं, लेकिन सड़क धंसने से अब यह मार्ग हादसों को खुला निमंत्रण दे रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के कारण मिट्टी कटाव तेजी से बढ़ रहा है और सड़क किनारे गड्ढे गहराते जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि इस धंसे हुए हिस्से की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाये। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। अगर समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ेगा।

# परीक्षा को उत्सव के रूप में लें, परिणाम बेहतर होगा : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में भैया बहनों का फार्मेटिव असेसमेंट वन का परीक्षा मंगलवार से प्रारंभ हुआ। परीक्षा के लिये विद्यालय में भैया बहनों का आगमन के दौरान आचार्य आचार्याओं द्वारा भैया बहनों के माथे पर तिलक लगा कर स्वागत करते हुए परीक्षा में सम्मिलित कराया गया। वही प्रधानाचार्य विमलेश कुमार तिवारी ने भैया बहनों से कहा की परीक्षा को उत्सव के रूप ले परीक्षा परिणाम भी बेहतर होगा। कहा कि फार्मेटिव असेसमेंट परीक्षा वह प्रकिया होती है। जिसमें शिक्षण के दौरान विद्यार्थी को सीखने की प्रगति का आंकलन किया जाता है। जिसे आवश्यकता अनुसार शिक्षण में सुधार किया जा सके इसका मुख्य उद्देश्य छात्र छछात्राओ की समझ, ज्ञान और कौशल में विकास करना होता है। मौके पर प्रतिभा देवी, संध्या कुमारी आनंद पांडेय, मालती कुमारी, जयप्रकाश सिंह, मीना देवी, संजना कुमारी, सुधीर उरांव, अनुबाला कुमारी समेत सभी आचार्य आचार्या और भैया बहन उपस्थित रहे।



## नगड़ा-इरगांव सड़क एक दशक से जर्जर, ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब

# शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका सभी पर पड़ रहा असर



**एक दशक से सड़क की हालत जस की तस, प्रशासन मौन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड अंतर्गत नगड़ा गांव से इरगांव तक की मुख्य सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। करीब 3 किलोमीटर लंबे इस मार्ग की हालत इतनी खराब है कि ग्रामीणों का आना-जाना दूभर हो गया है। सड़क की बदहाल स्थिति पिछले एक दशक से जारी है, लेकिन अब तक न तो प्रशासन ने सुध ली और न ही सरकार ने कोई पहल की। नगड़ा गांव की छात्राएं शिल्पी कुमारी, बुधमुनिया उरांव और शांति कुमारी बताती हैं कि जो रास्ता महज 15 मिनट में तय हो जाना चाहिए, उसे अब पार करने में 40 मिनट तक का वक्त लग रहा है। कीचड़ भरे रास्ते के कारण उनके स्कूल ड्रेस गंदे हो जाते हैं, और कई बार मनोबल टूटने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ता है। सिर्फ नगड़ा-इरगांव ही नहीं, बल्कि इरगांव से नगड़ा होते हुए बसरी और नदी नगड़ा, और चिप्पोगर टोली से नगड़ा तक की सड़कें भी खस्ताहाल हैं। इससे पूरे क्षेत्र का यातायात बाधित है। ग्रामीणों और छात्र-छात्राओं की मांग है कि इस सड़क का शीघ्र निर्माण हो ताकि नगड़ा गांव मुख्यधारा से जुड़ सके और विकास की रफ्तार पकड़ सके।

### गर्भवती महिलाओं और बीमारों के लिए खतरा

गांव के लोग बताते हैं कि सड़क की हालत इतनी दयनीय है कि गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाने में जान जोखिम में पड़ जाती है। कई बार डर बना रहता है कि रास्ते की झटकों से कहीं गर्भपात न हो जाए।

### शिक्षा पर भी असर

उत्क्रमित उच्च विद्यालय बसरी नगड़ा और प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय इरगाँव जैसे स्कूल इसी मार्ग पर स्थित हैं। कई मेधावी छात्र उच्च शिक्षा के लिए लोहरदगा में नामांकन कराना चाहते थे, लेकिन खराब सड़क के चलते कुछ बच्चों को गाँव में ही दाखिला लेना पड़ा।

## सरोजनी देवी के निधन पर जमशेदपुर कलाकार मंच ने दी श्रद्धांजलि

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के निवासी आरती प्रसाद के निवास पर मंगलवार को जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक मुंबई पमपाई चक्रवर्ती की अगुवाई में की गयी। इस दौरान पिछले दिनों मुंबई की प्रख्यात सिनेमा कलाकार सरोजनी देवी के निधन पर शोक सभा आयोजित कर उन्हें मंच से जुड़े कलाकारों ने भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। कलाकार मंच के सदस्यों ने सरोजनी देवी के निधन को कला जगत के लिए अपूर्ण छती बताया। सरोजनी देवी के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि देने वालों में मंच के प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता, कुमारी शिल्पा नमता, पुष्पलता बाल भूमि, सीमा नमता बापी नमता, गायत्री नमता, छोटू कुमार भूमि, पमपाई चक्रवर्ती, शकुंतला देवी, ज्योति दास, रूपा सिंह, सपन सिंह, रुबिनी भूमि, फुलमणि दास, प्रीति मंडल, महेश रजक, डिंपल जायसवाल, बालेश्वर ठाकुर, साधना चक्रवर्ती, संजू वर्मा समेत मंच के अन्य सदस्य शामिल है।

## बारिश के कारण दीवार में दरार सरकारी लाभ मुहैया कराने की मांग



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो भंडरा प्रखंड कार्यालय के नजदीक भैया गांव निवासी स्व जुल्फान अंसारी की पत्नी फातिमा बीबी उम्र 62 वर्ष के घर विगत लंबे दोनों से हो रही बारिश के कारण दीवाल में बड़ी दरार हो गया जिसके बाद देखते ही देखते घर गिरने के कगार पर आ गया लेकिन परिवार वालों की सूझबूझ के वजह से घर को खाली कर दिया गया। जिससे बड़ी घटना होने से टल गयी। जिसके बाद भंडरा प्रखंड सदर सह अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष आफताब आलम को सूचना मिली तुरंत युवा कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी के साथ स्थल पर पहुंचकर पूरे मामला को संज्ञान में लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी से फोन पर संपर्क कर वस्तु स्थिति से अवगत कराया गया और निवेदन किया गया कि ऐसे परिवार को यथाशीघ्र सरकारी लाभ आपदा प्रबंधन के द्वारा मुहैया कराया जायें। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द ऐसे परिवार को ध्यान में रखते हुए सरकारी व्यवस्था मुहैया कराया जायेगा और गुलाम जिलानी के द्वारा तमाम जिले वासियों से यह अपील किया गया कि ऐसी स्थिति में जिनका भी घर क्षतिग्रस्त हो तो अपने नजदीकी जनप्रतिनिधि और प्रखंड से जुड़े पदाधिकारी को सूचना जरूर दें। मौके पर हसबुल खान, फैजान अंसारी, अब्दुल्लाह अंसारी, सरफुल्ला अंसारी, असलम अंसारी के अलावा दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## विश्व युवा कौशल दिवस समारोह का आयोजन




**मनिका (आजाद सिपाही)।** लातेहार मनिका में मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत यूनिवर्सल आइडियल सेवा समिति के द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही प्रशिक्षुओं और कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी ने एक कुशल और सशक्त युवा समुदाय के निर्माण के लिए केंद्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। बता दें कि विश्व युवा कौशल दिवस प्रतिवर्ष 15 जुलाई को युवाओं को रोजगार, सभ्य कार्य और उद्यमिता के लिए कौशल से लैस करने के रणनीतिक महत्व को मनाने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान यूआईएसएस मनिका केंद्र,लातेहार ने अपने प्रशिक्षुओं के लिए एक सार्थक और आकर्षक कार्यक्रम आयोजित करके इस वैश्विक पहल में सक्रिय रूप से भाग लिया। वहीं कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के बीच कौशल विकास के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और उन्हें आत्मनिर्भर और भविष्य के लिए तैयार बनने के लिए अपनी क्षमताओं को निरंतर उन्नत करने के लिए प्रोत्साहित करना था। साथ ही प्रशिक्षुओं के द्वारा कौशल प्रदर्शन, प्रशिक्षुओं ने सिलाई, विद्युत कार्य, कंप्यूटर अनुप्रयोग जैसे ट्रेडों में लाइव प्रदर्शनों के माध्यम से अपने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं ज्ञान-साझाकरण और संचार कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए कौशल विकास पहल पर एक प्रश्नोत्तरी और कौशल ही शक्ति है विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इस दौरान जीवन में बदलाव लाने में कौशल विकास की भूमिका पर प्रकाश डालने वाली लघु फिल्में कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को दिखाया गया। मौके पर सक्रिय और उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को उनकी भागीदारी और प्रदर्शन के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## विधायक के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** किस्को प्रखंड अंतर्गतके अशरफ नगर में विगत कुछ दिनों से 63 केवीए का ट्रांसफार्मर जली हुई थी। जिससे ग्रामीणों के रोशनी और छात्र-छात्राओं को पढ़ाई के लिए काफी परेशानी हो रही थी। उक्त समस्या को लेकर ग्रामीणों के द्वारा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव को समस्या से अवगत कराया गया। जिससे डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा प्राथमिकता देते हुए संबंधित विद्युत अभियंता से बात कर समस्या का समाधान किये। जिससे 63केवीए का ट्रांसफार्मर लगा और रोशनी आयी। जिसका उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल और कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने कहा कि लोहरदगा विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव अपने विधानसभा के क्षेत्र के समस्याओं और विकास के लिए संकल्पित है। ग्रामीण अपनी समस्या को रखे उनका समाधान किया जा रहा है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ने कहा कि डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाये जाने से लोगों में हर्ष। जिससे ग्रामीणों का समस्या दूर हुए जो भी समस्या आती है। मौके पर मुख्य रूप से किस्को 20सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष युनूस अंसारी, नुसरत अंसारी, एकरामुल अंसारी, उल्फत अंसारी, इमाम जफर, सेराज खान, कबीर अंसारी, तेतार खान, मुस्तफा अंसारी के साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बेतला में ट्रक ने चार वर्षीय बच्ची को कुचला

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बेतला में एक ट्रक ने 4 वर्षीय बच्ची को कुचल दिया। जिसके कारण बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। इसके बाद परिजनों के द्वारा घायल बच्ची को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बच्ची की पहचान लोहरदगा निवासी दिलशाद आलम की पुत्री आयत प्रवीण के रूप में की गई है। इस घटना के बारे में परिजनों ने बताया कि सभी परिवार पलामू जिले के सतबरवा अपने रिश्तेदार के घर आए हुए थे। इसी बीच सोमवार की सुबह सभी लोग बेतला पार्क घूमने गये थे। बेतला पार्क मुख्य गेट के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने आयत को धक्का मार दिया ट्रक के धक्के से आयात गंभीर रूप से घायल हो गयी।

## मिट्टी का घर गिरने से दबकर अधेड़ की मौत

छतरपुर (आजाद सिपाही)। थाना छतरपुर अंतर्गत ग्राम चोड़ार उर्फ उदयगढ़ में सोमवार की रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव के निवासी राजदेव यादव (उम्र 50 वर्ष), पिता गनौरी यादव, की मिट्टी का कच्चा घर अचानक गिर जाने से उसमें दबने से उनका मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार राजदेव यादव अपने घर में सोये हुए थे, तभी अचानक देर रात उनका कच्चा मकान भरभरा कर गिर गया। मिट्टी के मलबे में दबकर उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही छतरपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, मेदिनीनगर भेज दिया गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

## छतरपुर में बीएलओ प्रशिक्षण संपन्न, घर-घर जाकर मतदाता नामांकन का निर्देश



छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। छत्तरपुर प्रखंड सभागार में एसडीएम सह ईआरओ आशीष गंगवार की अध्यक्षता में छतरपुर एवं नौडीहा बाजार के बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण आगामी विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान ईआरओ सह एसडीएम ने बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को निर्वाचक नामावली के शुद्धिकरण, नए मतदाताओं के पंजीकरण, मृतक एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन समेत अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही एसडीएम ने सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर योग्य मतदाताओं को नामांकन हेतु प्रोत्साहित करें ताकि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार से वंचित न रह सके। इस अवसर पर संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, निर्वाचन शाखा के कर्मी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हैदरनगर से बाबाधाम के लिए पहला कांवरियों का जत्था रवाना, गूंजा बोल बम बोल का नारा



हैदरनगर(पलामू) (आजाद सिपाही)। सावन मास की शुरूआत के साथ ही शिवभक्तों में उत्साह चरम पर है। सोमवार को हैदरनगर से देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए पहला कांवरिया जत्था श्रद्धा और उल्लास के साथ रवाना हुआ। 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोषों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया। जत्थे में शामिल कांवरिया शिव शंकर बम, सुधीर सिंह, बबलू गुप्ता, संतोष बम, संभू ठाकुर, मनोज फल, छोटू साव और कमलेश प्रजापति आदि श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच परंपरागत वेशभूषा में सजधज कर निकले।

## डीसी ने डीइजीएस और ई गवर्नेंस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की



मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू डीसी समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को डीईजीएस/ई- ऑफिस यूआईडीएआई/ एनआईसी/ आधार संबंधी बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन का एक-एक कर जानकारी ली। इस दौरान सीएससी मैनेजर द्वारा निष्क्रिय सीएससी संचालकों का प्रशिक्षण आयोजित नहीं करने को लेकर सीएससी मैनेजर को फटकार लगायी गयी।डीआईओ रणवीर सिंह ने बताया कि पिछली बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में रामगढ़ प्रखंड में झारनेट स्थापित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी तरह पीवीटीजी बहुल गांवों आधार संबंधी विशेष कैम्प के जरिये 79 नया पंजीकरण तथा 165 आधार अपडेट का कार्य कराया गया है। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि बगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दौरान डीसी ने प्रत्येक पंचायत में वीएलई को अनिवार्य रूप से बैठने का भी निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने मैरेज प्रमाण पत्र के आवेदनों को रिजेक्ट होने के कारणों के विषय पर जानकारी ली। इसी तरह ई ग्रंथालय समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर पंकज पांडेय, यूआईडी के डीपीओ समेत अन्य उपस्थित रहे।

## लेस्लीगंज में तैनात पोस्टमास्टर का फंदे से लटका मिला शव, जांच में जुटी पुलिस



मृतका मधु कुमारी की फाइल फोटो।

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। पलामू के लेस्लीगंज में तैनात ब्रांच पोस्टमास्टर का किराये के मकान में फंदे से लटका शव मिला। मंगलवार को लाश सबसे पहले मकान मालिक की बेटी ने देखी और इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। इसके बाद घटना की जानकारी मृतका के फैमिली को दी गयी। मधु दारूडीह पंचायत भवन स्थित पोस्ट ऑफिस में कार्यरत थीं। मृतका की पहचान मधु कुमारी (20) के रूप में की गयी। वो बिलासपुर (छत्तीसगढ़) की रहने वाली थीं। मकान मालिक की बेटी नीलम बाला घर में थी और उसने मधु को आवाज लगाई और कोई जवाब नहीं मिला, तो दरवाजा खोलकर देखा। कमरे के अंदर मधु का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। लेस्लीगंज थाने के एसआई राजू मांझी ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पुलिस ने घटना को संदिग्ध बताया है। मधु पिछले आठ महीने से इस मकान में किराये पर रह रही थी। वह अपने काम के प्रति ईमानदार थी। यह हत्या है या आत्महत्या,पुलिस दोनों बिंदुओं पर जांच कर रही है। थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय ने बताया कि परिजनों के आने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जायेगा।

## सुलूमदाग के जावाखंड़ में मनाया गया 76वां वन महोत्सव

विश्रामपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत सिगसीगी पंचायत के जावखांड में मंगलवार को 76 वा वन महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पार्षद विजय रविदास, मुखिया किरण देवी, मोहम्मदगंज क्षेत्र के रेंजर प्रमोद कुमार, युवा नेता विकाश यादव, पूर्व मुखिया मुलायम सिंह यादव, समाजसेवी गोपाल राम व पिंटू चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। मुख्य अतिथि विजय रविदास ने कहा कि वन क्षेत्र की रक्षा करना सभी का सामाजिक दावित्व है। जल, जंगल व जमीन प्रकृति की धरोहर है, जिसका लाभ पूरे मानव समाज को मिलता है। रेंजर प्रमोद कुमार ने वन महोत्सव के आयोजन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालते हुये कहा कि वन क्षेत्र की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना इसका मुख्य उद्धेश्य है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में अब तक लगभग 50 हजार पौधा 30 हेक्टेयर भूमि में लगाया गया है।

# स्पेशल ट्रेन से भारी मात्रा में कैन बीयर और शराब बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर।** मधुपुर रेल पुलिस ने सावन को देखते हुए इन दोनों चौकन्ना है। मधुपुर जीआरपी के एएसआई दिवाकर चौधरी, एएसआई अवधेश राय, महिला आरक्षी रूबी महतो हवलदार रामानंद कुमार, आरक्षी विकास सिंह, एवं बबलू दास ने ट्रेन संख्या 04091 अप हावड़ा नयी दिल्ली स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में चेकिंग के क्रम में एक महिला को बैग, थैले, एवं बोरी में ले जा रहे शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्कर एवं शराब को रेल थाना में लाया गया, जहां खोलने पर विभिन्न प्रकार के शराब पाया गया। ब्लेंडर्स स्प्राइड व्हिस्की 750 एमएल 06 पीस ओल्डमंक रम 750 एमएल 07पीस HAY-WARDS 5000 स्ट्रांग 12पीस, ऑफिसर च्वाइस एलाइट व्हीस्की 180एमएल फ्रूटी 50 पीस जब्त किया गया। थाना प्रभारी कार्तिक महतो ने बताया कि गाड़ी संख्या 04091अप हावड़ा नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन के एसी कोच में चैकिंग अभियान के दौरान बाथरूम के पास बैग, थेला एवं प्लास्टिक के बोरी में छुपा कर ले जा रहे शराब को जब्त किया है। मामले में एक महिला तस्कर गिरफ्तारी हुई है, जिसकी पहचान हिना खातून 31 वर्षीय साकिन नागदह वार्ड नंबर 10 थाना सिंघौल, जिला बेगूसराय बिहार की रहने वाली है।

# विद्या मंदिर जपला में सम्मान समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में मेधावी छात्र और अभिभावक सम्मान समारोह सह संस्कृति बोध परियोजना सह जनजागरण अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस दौरान माध्यमिक परीक्षा -2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 17 छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कारणी समिति के माननीय संरक्षक सह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक दिनेश कश्यप,सचिव राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र चंदेल, कोषाध्यक्ष कामख्या नारायण सिंह, सतीश सिंह, राजेश सिंह, आलोक कुमार, प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती, भारत माता एवं चराचर जगत में व्याप्त ऊं के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिह्न, प्रमाण-पत्र एवं अभिभावकों को अंगवस्त्र भेंट की गयी। मौके पर जिला संघ चालक दिनेश कश्यप ने कहा कि परिश्रम करने वाले बच्चे ही सफल होते हैं। आज विद्या भारती देश में शिक्षा का अलख जगाने का काम कर रही है। सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली, जो भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति है, छात्रों को न केवल ज्ञान प्रदान करती थी, बल्कि नैतिक मूल्यों, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी सिखाती थी। प्रधानाचार्य कुशजी पांडेय ने कहा कि समाज को भारत, भारतीयता, अपने मान बिंदु, संस्कृति, सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थलों आदि का जन जागरण कराने के उद्देश्य से संस्कृति बोध परियोजना का महासंपर्क अभियान 16 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वर सिंह यादव, रणजीत मिश्रा, दीपक पांडेय, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, छाया कुमारी, हर्षदा उपाध्याय,नीतीश मिश्रा, सुनील गुप्ता सहित सभी आचार्य-दीदी जी योगदान रहा।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

**हैदरनगर (पलामू)।** हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय के भाई बिगहा में मंगलवार को विवाहिता की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। इसकी सूचना मिलने पर एसआई आशीष कुमार और एएसआई जितेंद्र कुमार और बसंत दुबे दलबल के साथ शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडल अस्पताल भेज दिया है। छानबीन के दौरान उन्होंने बताया कि भाई बिगहा निवासी गुलाम मुस्तफा उर्फ सोनू खान की पत्नी शहजादी खातून की संदिग्ध अवस्था मौत होने की शिकायत आई है। वैसे बिहार के कुटुंबा से मृतका के मायके से परिजन भी घटनास्थल तक पहुंचे हैं। उधर ससुराल के परिजनों ने बताया कि महिला शहजादी खातून सहित सभी परिजन सुबह का नास्ता बनाकर भींगे बिस्तर को सूखने के लिए डाल रही थी। इसी दौरान छत के ऊपर गुजरे विद्युत तार की चपेट आने से मौत हो गयी है।

## गढ़वा रोड जंक्शन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म, स्टेशन मास्टर ने दिखायी मानवता

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू)।** गढ़वा रोड जंक्शन (रेहला स्टेशन) पर मंगलवार को एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया। ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ने तत्काल महिला को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया और उसके बाद एम्बुलेंस से जच्चे - बच्चे को बिश्रामपुर सीएचसी भेजवाया। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के रोहतास निवासी माजीद अब्दुला की पत्नी लैला बानो डेहरी से स्टल पैसेंजर से गढ़वा रोड जंक्शन उतरी। प्लेटफॉर्म पर उतरते ही वह प्रसव पीड़ा से तड़पने लगी। स्टेशन मास्टर विनय पांडेय को नजर दर्द से कराहती महिला पर पड़ी, उन्होंने तत्काल उसे चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराया। जिसके बाद लैला बानो ने बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद विनय पांडेय ने एम्बुलेंस मंगवाकर जच्चे - बच्चे को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां समाजसेवी राजन पांडेय की मदद से दोनों का प्राथमिक उपचार हुआ। राजन पांडेय ने महिला के परिजनों को बुलाकर उसे घर भी भिजवाया।

## कुआं में मोटर बनवाने के दौरान पिता और पुत्र की जहरीली गैस से मौत

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** लेस्लीगंज के शंभू सिंह का कुआं में स्थित मोटर खराब हो गया, उसे बनाने के लिए वो कुआं में नीचे उतरे। काफी देर तक शंभू सिंह के वापस नहीं लौट के बाद उनके पिता विश्वनाथ सिंह भी कुआं में उतरे और वह भी जहरीली गैस की चपेट में आ गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद में लेस्लीगंज के सीओ और थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय मौके पर पहुंचे। पिता-पुत्र के शवों को कुआं से बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस के एक जवान ने हिम्मत दिखाते हुए कुएं में नीचे उतरा और दोनों के शव को बाहर निकाला।

# दूसरे राजनीतिक दलों को छोड़कर कई लोगों ने कांग्रेस का थामा दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** कांग्रेस के पलामू जिला अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक के अगुवाई में पाटन प्रखंड के सुगना पंचायत की मुखिया मंजू देवी पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत कुमार सिंह और समाजसेवी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में काफी संख्या में भाजपा और अन्य दलों के पदाधिकारी और समर्थक कांग्रेस के नीति और सिद्धांतों से राहुल गांधी जी के कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इन सबों का पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने स्वागत किया। कहा कि इन सभी लोगों के आने से कांग्रेस पार्टी पलामू जिला में मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि देश में बीजेपी की उल्टी गिनती शुरू हो गया है, क्योंकि झूठ फेयर हिंदू मुस्लिम के नाम पर राजनीति कर सत्ता के गलियारों में बैठने वाले भाजपा नेताओं की चाल चरित्र और सिद्धांत को देश की जनता भली भांति समझ चुकी है। इसलिए बहुत तेजी के साथ सिर्फ पलामू में ही नही बल्कि देश में भाजपा और अन्य दलों को छोड़कर कांग्रेस पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं।

### इन्होंने ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता

कांग्रेस पार्टी के सदस्य लेने वाले सगुना मुखिया मंजू देवी ,समाज सेवी सुरेंद्र सिंह,पूर्व पंचायत समिति सदस्य रंजीत सिंह, वकील अंसारी, विकाश कुमार, चंचल कुमार,मनोज राम, मुस्ताक अंसारी, एजाज अंसारी, रामसूरत मांझी, तालिब अंसारी, बुधन भुईया, रामरती देवी, सुगिया देवी, भरत राम, अजीम अंसारी, संमतुलाह अंसारी, गार्डन अंसारी, मंटू साव, विष्णु कुमार, राजन कुमार, सफीक अंसारी, रामरेखा मोची, मनु, छोटू, उदय, अनिल, मनोज, रविंदर, अनुज, जमीरुद्दीन, संतोष, रामप्रवेश, विनोद, सहित काफी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया।

# बिन आंखों के कांवर यात्रा: आस्था की मिसाल बने आजमगढ़ के मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** सावन का पावन महीना चल रहा है और बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में कांवरियों का तांता लगा हुआ है। आज सावन का पांचवां दिन है और बाबा पर जलार्पण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ रही है। हर कोई अपनी-अपनी श्रद्धा के साथ बाबा पर जल चढ़ा रहा है, लेकिन इसी कांवर यात्रा में एक ऐसी कहानी सामने आई है, जो आस्था और समर्पण की मिसाल बन गयी है। यह कहानी है उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले के रहने वाले मनोज की, जो अपनी आंखों से देख नहीं सकते। एक दुर्घटना में उन्होंने अपनी दोनों आंखें खो दीं, लेकिन बाबा बैद्यनाथ के प्रति उनका विश्वास कभी नहीं डगमगाया। मनोज ने सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर 108 किलोमीटर की कठिन पांव-पैदल यात्रा शुरू की है और अब बाबा की नगरी देवघर पहुंचने वाले हैं। बिना आंखों के, केवल आत्मबल और आस्था के सहारे यह यात्रा तय कर रहे मनोज का कहना है कि मैं अब आंखों से नहीं देख सकता, लेकिन मेरी आत्मा हर पल बाबा को देखती है। उनकी यह यात्रा न केवल श्रद्धालुओं के लिए प्रेरणा है, बल्कि यह दशार्ती है कि सच्ची आस्था किसी शारीरिक सीमा की मोहताज नहीं होती। मनोज जैसे श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ धाम की भक्ति को नई परिभाषा दे रहे हैं। देवघर की धरती एक बार फिर ऐसे ही आस्थावानों के कदमों से धन्य हो रही है।

# श्रावणी मेला 2025 : फतुहा, अथमल गोला और करौटा स्टेशनों पर ट्रेनों का मिलेगा अतिरिक्त ठहराव

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** श्रावणी मेला 2025 के दौरान कांवरियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व मध्य रेलवे ने विशेष पहल की है। दानापुर मंडल के अंतर्गत फतुहा, अथमल गोला और करौटा स्टेशनों पर कुछ प्रमुख ट्रेनों का अस्थायी ठहराव प्रदान किया गया है। यह व्यवस्था 15 जुलाई 2025 से 10 अगस्त 2025 तक प्रभावी रहेगी, जिससे बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी।

रेलवे की यह व्यवस्था कांवरियों की आवाजाही को सरल और सुगम बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि वे यात्रा के दौरान समय और सुरक्षा नियमों का पालन करें ताकि सभी को श्रद्धापूर्वक बाबा बैद्यनाथ के दर्शन का लाभ मिल सके।

### श्रावणी मेला को लेकर बनाये गये टेंट सीटी में श्रद्धालुओं की सुख-सुविधा के लिए व्यापक इंतजाम : उपायुक्त



देवघर (आजाद सिपाही)। राजकीय श्रावणी मेला, 2025 शुरू होते हीं देवघर में देवतुल्य श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। ऐसे में कई बार यहां के होटलों, धर्मशालाओं इत्यादि के पूरी तरह से भर जाने से श्रद्धालुओं को आवासन हेतु इधर-उधर घुमते देखा गया है और उनकी इसी कष्ट को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार के द्वारा देवघर में निःशुल्क टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है, ताकि यहां आए कांवरियों को आवासन संबंधी परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके अलावे इस परियोजना के अंतर्गत जिला प्रशासन ने इस वर्ष यहां आने वाले कांवरियों हेतु बाघमारा एवं कोठिया में दो चिन्हित स्थलों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया है। वहीं टेंट सिटी के संदर्भ में टेंट सिटी में विश्राम करने वाले कटिहार (बिहार) के उपेन्द्र, निवेश, राजेश, मुकेश व आनंद बम से जब टीम पीआरडी के सदस्यों ने बात की तो उन्होंने कहा कि सरकार ने यह बहुत अच्छा कदम उठाया है।

# श्रावण में बाबा नगरी देवघर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** सावन के पवित्र महीने में देवाधिदेव महादेव की नगरी देवघर में आस्था और श्रद्धा की बाढ़ सी आ गयी है। श्रावणी मेले के पांचवे दिन भी बाबा बैद्यनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गयी। देश के कोने-कोने से आये लाखों कांवरिये पांचवे दिन भी कतारबद्ध होकर बाबा बैद्यनाथ पर जलार्पण कर रहे हैं। हर-हर महादेव के जयकारों से गूंजते बाबा नगरी के वातावरण में एक अलग ही आध्यात्मिक ऊर्जा देखने को मिल रही है। श्रद्धालु सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर लगभग 105 किलोमीटर की कठिन पदयात्रा करते हुए देवघर पहुंचते हैं। इस दौरान वे 'बोल बम' के जयघोष के साथ अपनी आस्था की डोर को और मजबूत करते हैं। देवघर पहुंचकर बाबा बैद्यनाथ पर जल चढ़ाना हर भक्त की जीवन की सबसे बड़ी कामना मानी जाती है।श्र ाावणी मेला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक और आस्था की एक विशाल अभिव्यक्ति है। सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। श्रावणी मेले की भव्यता और कांवरियों की श्रद्धा ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि देवघर आस्था की राजधानी है, जहां हर साल सावन में भक्ति का महासागर उमड़ता है।

### मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के थकान को भक्तिमय मनोरंजन से किया जा रहा है दूर



देवघर (आजाद सिपाही)। राजकीय श्रावणी मेला, 2025 के मद्देनजर बाबा नगरी आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के साथ-साथ भक्तिमय मनोरंजन का भी उचित प्रबंध किया गया है। इसी कड़ी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा बाबा बैद्यनाथ की नगरी देवघर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सफल आयोजन को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में चार सांस्कृतिक मंच बनाए गए हैं, जो कि दुम्मा, कोठिया बस स्टैंड, बाघमारा बस स्टैंड, आध्यात्मिक भवन, सरासनी एवं बीएड कॉलेज शामिल हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रद्धालुओं के भक्तिमय मनोरंजन का खयाल रखा जा रहा है, जिससे भीड़ नियंत्रित करने में भी काफी मदद मिल रही है।

# सात सूत्री मांगों को लेकर हुसैनाबाद के पंचायत प्रतिनिधियों ने किया धरना-प्रदर्शन

### पंचायतों को पूर्ण अधिकार के बिना राज्य का विकास संभव नहीः प्रखंड प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय के समक्ष मंगलवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों ने सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि सरकार की नीति पंचायतों को मजबूत करने के बजाय उन्हें अधिकार विहीन रखने की है, जिससे मुखिया एवं अन्य प्रतिनिधि ग्रामीण विकास के कार्यों को पूरा करने में असमर्थ हैं।ऐसे में प्रतिनिधि अपने आप को बेबस महसूस कर रहे हैं। स्थानीय प्रतिनिधि पंचायत और ग्रामीणों का छोटा -छोटा विकास कार्य भी नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंचायतों को पूरा अधिकार दिए बिना राज्य का विकास संभव नही है। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों की यह लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान ने कहा कि झारखंड को छोड़कर देश के सभी राज्यों में पंचायत को पूरा अधिकार दिया गया है। लेकिन झारखंड के पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार से वंचित किया जा रहा है। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री के नाम बीडीओ को सात सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर जिप सदस्य रिंकी कुमारी, उप प्रमुख इंदु देवी, मुखिया नरेश पासवान, अमरेंद्र ठाकुर, विजय राम, लाल सिंह, डब्लू सिंह, सरिता कुमारी, मीना देवी, अनंती देवी, पंसस राजवंश यादव, धनंजय, अरबिंद मेहता समेत कई वार्ड सदस्य व स्थानीय प्रतिनिधि मौजूद थे।

# गुमला सदर अस्पताल में कैंसर डे केयर सेंटर शुरू

**उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने किया उद्घाटन, प्रत्येक सोमवार को होगी कीमोथेरेपी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले के कैंसर पीड़ित मरीजों को अब इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सदर अस्पताल, गुमला परिसर में कैंसर डे केयर सेंटर की स्थापना की गयी है, जिसका मंगलवार को विधिवत उद्घाटन उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के द्वारा किया गया। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि यह सुविधा गुमला जिला के लिए एक बड़ी चिकित्सा उपलब्धि है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित मरीजों को अब कीमोथेरेपी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस केंद्र में प्रत्येक सोमवार को कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी और यह सेवा जिले वासियों के लिए पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेगी। सभी आवश्यक दवाइयां भी पहले से उपलब्ध करा दी गयी हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित यह डे केयर सेंटर में कमजोर वर्ग के मरीजों को समय पर और समुचित उपचार उपलब्ध करायी जायेगी। कैंसर डे केयर सेंटर में प्रत्येक सोमवार को विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बाहर से आयेगी, जो कीमोथेरेपी प्रदान करेंगे। मरीजों को समुचित चिकित्सीय परामर्श, जांच और दवा एक ही स्थान पर उपलब्ध करायी जायेगी। यह सुविधा जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों से आने वाले मरीजों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगी।

सिविल सर्जन डॉ शंभूनाथ चौधरी ने जानकारी दी कि अस्पताल में कीमोथेरेपी हेतु आवश्यक बुनियादी ढांचा, प्रशिक्षित स्टाफ, दवाइयां और उपकरण उपलब्ध करा दिये गये हैं। मरीजों के बैठने, आराम करने तथा देखभाल की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गये है।

कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, उपाधीक्षक सदर अस्पताल, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, चिकित्सकगण, पंजीकृत कैंसर रोगी, उनके परिजन तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# लगातार हो रही बारिश से सड़क कीचड़ में तब्दील



आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के आनंदपुर से हुकड़ा पहाड़ बस्ती जाने वाली सड़क की दुर्दशा ने ग्रामीणों की परेशानी को बढ़ा दिया है। लगातार हो रही बारिश के कारण यह सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है जिससे सड़क से आवागमन करने वाले सैकड़ो लोग काफी परेशान हैं। इस बस्ती में डेढ़ सौ से अधिक की आबादी रहती है जिसमें बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी शामिल हैं। इस सड़क से होकर प्रत्येक दिन कई बच्चे स्कूल जाते हैं लेकिन कीचड़ युक्त सड़क से होकर स्कूल जाना उनकी मजबूरी बन गया है। ग्रामीण सोफिया बाड़ा, फरमा कुजुर, खरिस्तिना मिंज, आश्रिता कुजुर, अशोक गुप्ता सहित कई लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में सड़क कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे सड़क पर चलना काफी मुश्किल हो जाता है। कई बार तो अंधेरे में मोटरसाइकिल चालक और पैदल चलने वाले लोग भी फिसल कर गिर जाते हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बारिश के दिनों में चलने लायक सड़क बनवाने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाये।

## भरनो बस्ती से कांवरियों का जत्था बाबाधाम गया



**भरनो (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को भरनो बस्ती से कावरियों का एक जत्था बाबाधाम के लिए रवाना हुआ। देवघर के लिए निकलते हुए कांवरियों ने गांव के शिवालय, देवी मंडप और अपने माता पिता और बड़े बुजुर्ग को प्रणाम कर आशीर्वाद लिया। साथ ही गांव, पंचायत और प्रखंड सहित देश की सुख शांति और समृद्धि के लिए बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करने की बात कही। बाबाधाम जाने वालों में अजीतकेशरी, पिंटू केशरी, विकास केशरी, रोहितकेशरी, संतोषकेशरी, सुभम केशरी, महादेव उरांव शामिल हैं।

## भरनो हाइस्कूल में बैठक



**भरनो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के प्लस 2 हाई स्कूल मे प्रखंड प्रमुख पारस नाथ उरांव के अध्यक्षता में बैठक आयोजित किया गया। बैठक मे बीजेपी प्रखंड अध्यक्ष हरिशंकर साही, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, जहांगीर आलम, शिव केशरी बैठक में शामिल हुए। बैठक में स्कूल को सही ढंग से संचालन करने, बच्चों को नियमित स्कूल आने के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित और जागरूक करने, बच्चों को अनुशासन युक्त शिक्षा देने, शिक्षकों एवं बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल आने ओर छुट्टी के बाद स्कूल से घर जाने, स्कूल में बच्चों के द्वारा मोबाइल नहीं लाने, बाइक नहीं लाने, शिक्षकों की समस्याओं आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही इसे हरहाल में अमल में लाने पर विशेष जोर दिया गया। मौके पर एचएम वरदानी टोप्पो सहित शिक्षक-शिक्षिका मौजूद रहे।

# नागफेनी टोल प्लाजा के मनमाने रवैये के खिलाफ रमेश कुमार ने डीसी को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** नागफेनी टोल प्लाजा के मनमाने रवैये से आम लोगों में काफी असंतोष है। इस मामले में फेडरेशन आफ झारखंड चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज दक्षिणी छाटानागपुर, रांची के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने उपायुक्त को पत्र लिखा है।

पत्र में रमेश कुमार ने कहा कि रॉची पथ में नया नागफेनी लावागाई टोल प्लाजा के द्वारा गाड़ियों से अधिक वसुली की जा रही है। जबकि बेड़ो से भरनो तक सड़क अभी तक पुर्ण भी नहीं हुई है। बावजूद टोल बसूली चालू कर दी गयी है। गुमला रो रॉची मात्र 100 किले दुरी के इसी रास्ते पर पहले से नगडी टोल प्लाजा चालू है जिसके द्वारा भी टोल टैक्स वसूला जा रहा है।

पहले से स्थित नगड़ी टोल प्लाजा में एक साईड 110 रुपये एवं उसी दिन वापसीं 60 रुपये एक ट्रक का 175 रुपये लगता है जबकि नयां बन रहा नागफेनी लावागाई टोल प्लाजा में बस का एक साईड 360 रुपये एवं उसी दिन वापसी पर 180 रुपये एवं ट्रक का 565 रुपये वसूली जा रहा है। नात्र लगभग 50 किलो, की दूरी में स्थित दोनो टोल के टैक्स में इतना ज्यादा अंतर है जबकि यह अभी पूर्ण भी नही हुआ है। व्यवसायियों को मात्र एक जिला गुमला से रोंची जिसकी दूरी मात्र 95-100 किमी है, आगे जाने में दो बार टोल टैक्स देना पड़ रहा है। उन्होंने ध्यान आकृष्ट कराया कि टोल प्लाजा के नियमानुसार 20 किमी के दायरे में रहने वाले स्थानीय लोगों को छूट का प्रावधान है। गुमला सीमा से नागफेनी लावागाई टोल प्लाजा 20 किमी के अन्दर के दायरे में आत है। कहा कि इस समस्या का विरोध गुमला चेंबर ऑफ कामर्स के द्वारा भी किया गया है। उन्होंने उपायुक्त से व्यवसायी एवं आम जनता हित में अपने स्तर से उपरोक्त विषय में जांच करते हुए उचीत कारवाई करने की मांग की।

## लगातार बारिश से सिसई के छारदा में गिरा मकान



**सिसई (आजाद सिपाही)।** लगातार हो रही बारिश के कारण सिसई के छारदा रोड निवासी शमसुद्दीन अंसारी का मकान क्षतिग्रस्त हो गया। नयी बस्ती सिसई निवासी शमसुद्दीन का घर सोमवार की रात्रि गिरा। हादसे के समय शमसुद्दीन का पूरा परिवार दूसरे कमरे में सो रहे थे। इस लिए कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। लेकिन मकान के गिर जाने के बाद उन्हें काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# गैर लाइसेंसी दुकानों पर लगा जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने किया। निरीक्षण चैनपुर बस स्टैंड, एमएलए रोड और कुरुमगढ़ रोड स्थित विभिन्न प्रतिष्ठानों में किया गया। निरीक्षण के क्रम में निम्नलिखित प्रतिष्ठानों से खाद्य सामग्री के सैंपल एकत्र किये गये, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। महावीर होटल से रसगुल्ला, अजीत जनेरल स्टोर से मधुसूदन घी, विनीत किराना स्टोर से आधुनिक हल्दी पाउडर, विशाल किराना स्टोर से सुपर फ्रेश हल्दी पाउडर, धाना होटल से लड्डू। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, लेबलिंग, एक्सपायरी तिथि और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी दुकानदारों को सख्त निर्देश दिये गये। एफएसएसएआइ अधिनियम 2006 का उल्लंघन, स्वच्छता में कमी और बिना लाइसेंस संचालन के कारण अनिल बड़ा 2000, अंशु अभिषेक बड़ा 1000, अजीत जनेरल स्टोर 5000, अनुराग होटल 5000 और विनीत किराना स्टोर पर 2000 अर्थदंड लगाया गया। खाद्य सुरक्षा अभियान के साथ-साथ कोटपा अधिनियम के अंतर्गत भी एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान में निषेध सलाहकार वंदना स्मिता होरो एवं कंप्यूटर ऑपरेटर प्रियांशु कुमार शामिल रहे। अभियान के तहत स्कूल परिसरों से 100 मीटर की परिधि में आने वाले सभी दुकानों की छानबीन की गयी। निरीक्षण के दौरान टोंगो स्कूल के पास स्थित निम्न दुकानों में तंबाकू युक्त उत्पाद बेचते हुए कई दुकानदारों को रंगे हाथ पकड़ा गया। इन सभी दुकानदारों को तंबाकू उत्पाद न बेचने की सख्त चेतावनी दी गयी तथा कोटपा अधिनियम के अंतर्गत उचित जुर्माना भी लगाया गया।

## जमशेदपुर कलाकार मंच ने सलूजा देवी के निधन पर जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर कलाकार मंच की बैठक गुमला में आरती प्रसाद के आवास पर हुई इस बैठक में कलाकारों की उन्नति और कल के विस्तार से संबंधित कई प्रकार की चर्चाएं हुई। बैठक में फिल्म अभिनेत्री सलूजा देवी की मृत्यु पर शोक प्रकट किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए सदस्यों ने मौन धारण किया। गया मंच के प्रदेश मंत्री सपना गुप्ता ने कहा कि कलाकार अपने कल के प्रदर्शन के लिए दिल से मेहनत करता है और किसी भी किरदार को जीवन दशार्ने के लिए अपना सर्वस्व लगता है। कुमारी शिल्पा नमता ने स्व.सलूजा देवी के निधन को कला जगत की अपूरणीय क्षति बताया। शकुंतला देवी बाग, रूपा सिंह, सपन सिंह, रूमा बनर्जी, संजू वर्मा, ज्योति दास, सीमा नमिता, सुमन कुमार पाठक, उपेन्द्र पटेल, पुष्पलता बाला भूमिज, स्नेह भूमिज रुबीनी भूमिज, शिखा दुबे, प्रीति मंडल बापी नमता, गायत्री नमता, शर्मिष्ठा दास, डिंपल जायसवाल, सीमा जाएसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चुंदरी पंचायत सचिवालय में समन्वय बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** चुंदरी के पंचायत सचिवालय में समन्वय बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुखिया विनीता कुमारी ने किया। बैठक में मुखिया विनीता कुमारी ने पंचायत के सभी कर्मी को संबोधित करते हुए कहा कि समन्वय स्थापित कर कोई भी कार्य को बेहतर किया जा सकता है। आंगनबाड़ी सेविका जन्म मृत्यु का पंजी बनाएं, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में (एक से, दो बच्चे) की गर्भवती महिला को लाभ दिलाए, राशन दुकानदार समय पर राशन वितरण करें, (हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर) आरोग्य मंदिर को प्रत्येक दिन समय पर खोलने का निर्देश दिया गया। मौके पर उपस्थित उप मुखिया अजीत पाठक, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, मनमेंत देवी, शिक्षक दुर्गा भगत, पंकज महतो, सुखदेव पहान, आंगनबाड़ी सेविका, जॉर्ज मनी देवी, सुखमनिया देवी, वैजयंती देवी, सुमित्रा देवी, सीएचओ एलीन कुजूर, एएनएम प्रिसिला खाखा, राशन दुकानदार उमा देवी, बीना देवी, प्रदान से आलिया भारती, गोपीनाथ पत्र, आनंद महली सहित कई लोग मौजूद थे।

# जन शिकायत निवारण दिवस पर 50 आवेदन मिले

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मंगलवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी गये तथा आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिये गये।

घाघरा निवासी चक्रधारी सिंह वर्ष 2007 से 2017 तक बिजली विभाग में लाइनमैन के रूप में कार्यरत थे। 11 हजार वाट के पोल पर काम करने के दौरान इन्हें बिजली का करेंट लग गया था, जिससे इनका पैर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी वजह से यह चलने फिरने में असमर्थ हैं। आज जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर उपायुक्त महोदया के समक्ष इन्होंने बैटरी चलित तीन पहिया साइकिल प्रदान करने का अनुरोध किया है जिससे यह अपने आसपास के क्षेत्र में बिजली मिस्त्री का काम कर अपना जीवन यापन कर सकें।

रामवृक्ष उरांव का कहना है कि उत्तर प्रदेश निवासी रिंकू यादव द्वारा देवाकी गांव के कुछ लोगों बहला फुसलाकर ईंट भट्ट में काम करने के लिए उत्तर प्रदेश ले जाया गया। किंतु काम हो जाने के बाद इन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है।

मुख्यमंत्री उज्ज्वला झारखंड योजना के तहत कार्य कर रही एजेंसी लानारसि इंफ्रा प्राईवेट लि. द्वारा कर्मियों को भुगतान नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इनका कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में कंपनी द्वारा काम करवा लिया गया और पैसे का भुगतान नहीं किया जा रहा जिससे इनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो गयी।

जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर पेंशन, राशन, आधार कार्ड से जुड़े कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटरा किया गया। जन शिकायत निवारण दिवस के अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 50 आवेदक अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे। प्राप्त आवेदनों में मुख्य रूप से भूमि विवाद, सरकारी सहायता, रोजगार,राशि, जमीन ऑनलाइन करने के संबंध में, आर्थिक सहायता स्थानांतरण, बकाया मानदेय, अनुकंपा नियुक्ति एवं शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

**धनबाद की खबरें**

# रैयती जमीन पर जबरन गाड़ा पोल, रैयतों ने रोका सिवरेज सिस्टम प्लांट का काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/ कतरास।** रामपुर स्थित कतरी नदी किनारे बन रही सिवरेज सिस्टम प्लांट का रैयती जमीन पर कंपनी द्वारा जबरन बिजली पोल गाड़ने के विरोध में रैयतो ने काम रोक दिया। मेजिस्ट्रेट के साथ कंपनी के अधिकारी मौके पर पहुंच रैयतो को समझाने का प्रयास किया गया लेकिन रैयत अपने मांग पर अड़े रहे। जमीन अधिग्रहण कर मुआवजा देने की मांग की।

अधिग्रहण की मांग खारिज होने पर उनके जमीन पर गाड़े गये पोल को हटाने की बात कही। वही उनलोगो की रैयती जमीन पर बने निजी सड़क के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही। प्लॉट नंबर 90 में प्लांट क निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके बगल के प्लॉट नंबर 88 व 89 उनलोगो की रैयती जमीन है। उनलोगो के पास जमीन से संबंधित सारा पूर्ण कागजात है।

मजिस्ट्रेट की मध्यस्थता में रैयत, निर्माण कंपनी के अधिकारी व स्थानीय जनप्रतिनिधियों की बैठक हुई। जबतक पोल नही हटता निर्माण कार्य शुरू नही होने दी जाएगी। इसके अलावा कंपनी सिर्फ 8 फीट सड़क ही इस्तेमाल कर सकती है। फैसला नही होने तक पोल हटाने का निर्देश दिया गया। साथ ही कहा गया कि उक्त 8 फीट सड़क का ही इस्तेमाल होगा। मौके पर मुखिया यशोदा देवी, पंसस मो नासिर, विधायक प्रतिनिधि सोनु श्रीवास्तव, जिप प्रतिनिधि जितेश रजवार, रैयतो में रिक्की सरकार, प्रवीण सरकार, मलय सरकार आदि मौजूद थे।

# सीपीआरएमएस ने कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** गैर-अधिकारियों के लिए सेवानिवृत अंश दाई चिकित्सा योजना बोर्ड (सीपीआरएमएस) के ट्रस्टी सदस्य ओम कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को बीसीसीएल के कतरास क्षेत्रीय चिकित्सालय का ओचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारीयों से मिलकर उनकी समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनका अवलोकन किया। फिर सुधार हेतु स्थानीय प्रबंधक डॉ आशा मिश्रा एवं क्षेत्रीय प्रबंधक और प्रबंधक प्रशासन असैनिक अभियंता से सारी जानकारी ली गयी। इसके बाद रिपोर्टकार्ड बना कर सुधार हेतु सीएमडी/ डीपी को सौंपी जायेगी। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सेवानिवृत्त कोयला कर्मचारी संघ बीसीसीएल के अध्यक्ष उमाकांत तिवारी महामंत्री मुबारक हुसैन धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के स्थानीय पदाधिकारियों सहित अमरेश चौधरी, रामजीत महतो, प्रेमानंद, संतोष सिंह, दीपक मिश्रा आदि लोग थे।

## टोटांबी में कुआं में डूबा युवक, मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टोटाम्बी गांव में दिलीप उरांव की कुआं में डूबने से मौत हो गयी। पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के चचेरा भाई झूबा पहान ने बताया कि वह पूरे परिवार खेत में काम करने सोमवार को सुबह गये थे। इसके बाद देर रात 8 बजे वह अपने घर लौटे। इस क्रम में ग्रामीणों ने बताया कि दिलीप घर से डेढ़ सौ मीटर दूरी पर एक कुएं में जाकर देर शाम लगभग 7:30 बजे छलांग लगा दिया। आनन फानन में उसे निकालने की कोशिश की गयी। लेकिन वह मृत हो चुका था। घटना किन कारणों से हुई समाचार चलाये जाने तक कोई पता नहीं चल सका है।

# एसबीआइ ने साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर किया जागरूक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** डिजिटल बैंकिंग लेन-देन की उपयोगिता बढ़ी है तो वहीं इस बीच साइबर धोखाधड़ी का खतरा भी बढ़ा है। साइबर क्रीमनल फ्रॉड के नये- नये तरीके अपना रहे हैं ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि वे ठगी के शिकार होने से बच सकें और इसी उद्देश्य के साथ एसबीआइ ग्राहकों को साइबर फ्रॉड से बचाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। आधुनिकता के इस दौर में आज डिजिटल बैंकिंग का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है और साथ ही साईबर फ्रॉड का खतरा भी बढ़ गया है ऐसे में जरुरी है कि लोग सतर्क रहें। एसबीआई की ओर से धनबाद क्लब में साइबर सुरक्षा पर आयोजित टाउन हॉल मीटिंग आरबीओ धनबाद में डिजिटल बैंकिंग में लेन देन के दौरान फिशिंग, मैलिशियस लिंक, ओटीपी फ्रॉड और यूपीआई धोखाधड़ी जैसे खतरों से बचने, संदिग्ध लिंक या ईमेल पर क्लिक न करने की सलाह दी गयी।

**स्पोर्ट्स**



20 और 29 को मेडल मैच, लॉस एंजिल्स में अस्थायी स्टेडियम बनाया जायेगा। क्रिकेट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी 2 बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है।

# 2028 ओलिंपिक में क्रिकेट की वापसी, मुकाबले 12 से शुरू

एजेंसी



**लॉस एंजिल्स।** 2028 के लॉस एंजिल्स ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट के मुकाबले 12 जुलाई से शुरू होंगे। जबकि, 20 और 29 जुलाई को मेडल मैच खेले जायेंगे। टी-20 टूर्नामेंट में ज्यादातर डबल हेडर मैच होंगे। 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। सभी मैच स्थानीय समयानुसार सुबह 9 बजे और शाम 6.30 बजे शुरू होंगे। सभी मुकाबले फेयर ग्राउंड्स स्टेडियम में खेले जायेंगे। इतना ही नहीं, लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किमी दूर पोंमोना शहर में एक अस्थायी स्टेडियम बनाया जायेगा। इसमें महिला और पुरुष की की 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसमें 180 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। हर टीम 15 खिलाड़ी चुने जायेंगे। लॉस एंजिलिस की मेयर करेन बास ने एक स्टेटमेंट में कहा कि जब दुनिया इन खेलों के लिए यहां आयेगी, तो हम सभी के लिए खेलों की मेजबानी करते हुए हर इलाके को उजागर करेंगे। यह तय करने के लिए काम करेंगे कि यह एक यादगार विरासत छोड़े।

बास ने कहा कि हम उस विरासत को पहले ही पूरा कर रहे हैं, क्योंकि हम घोषणा करते हैं कि प्ले एलए में 10 लाख से ज्यादा नॉमिनेशन हो चुके हैं। मैं एलए 28 और इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी को धन्यवाद करना चाहती हूं, जिनकी वजह से ये कार्यक्रम मुमकिन हो पाये।

**यूएसए ने पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप होस्ट किया था :** यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका ने पिछले टी-20 वर्ल्ड कप मैचों की मेजबानी की थी। ये मुकाबले न्यूयॉर्क, फ्लोरिडा और डलास में खेले गये थे। टूर्नामेंट का पहला मैच यही खेला जायेगा था। इतना ही नहीं, भारत और पाकिस्तान हाईवोल्टेज मैच की मेजबानी न्यूयॉर्क ने की थी।

**ओलिंपिक में 128 साल बाद वापसी कर रहा क्रिकेट :** क्रिकेट ओलिंपिक गेम्स में 128 साल बाद वापसी कर रहा है। 1900 में यह खेल पहली बार ओलिंपिक में शामिल किया गया था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था।

क्रिकेट कॉमनवेल्थ गेम्स में भी 2 बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है। वहीं एशियन गेम्स में 2010, 2014 और 2023 में तीन बार क्रिकेट को जगह मिली।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 16 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# सीइजेड के पास अंडरपास में जलजमाव की तस्वीरें बीएसएल प्रबंधन से कुछ कहना चाहती हैं





## अन्याय के खिलाफ एक-एक रैयत के साथ खड़ी हूं : शारदा सिंह




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर प्रखंड के आसनबानी गांव में हाल ही में घटी घटना को लेकर धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने प्रशासनिक व्यवस्था को झकझोरते हुए मंगलवार को उपायुक्त से सीधे मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित रैयतों की आवाज को प्रशासन के सामने मजबूती से रखा और कहा कि रैयतों के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। प्रशासन दोषियों पर सख्त कार्रवाई करे, यही जनता की अपेक्षा है। इस उच्चस्तरीय मुलाकात में शारदा सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पीड़ित रैयत उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपने साथ हो रहे मानसिक, सामाजिक और प्रशासनिक उत्पीड़न की व्यथा बतायी। शारदा सिंह ने उपायुक्त को कहा कि प्रशासनिक चूक या पक्षपात बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने मामले की निष्पक्ष और तेज जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह केवल कुछ रैयतों की नहीं, बल्कि पूरे समाज की लड़ाई है। मैं एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि इन रैयतों की बहन, बेटी और आवाज बनकर यहां आयी हूं, ऐसा कहकर उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को जवाबदेह और सजग रहने का संदेश दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल में जिला परिषद सदस्य स्वेता कुमारी, बलियापुर प्रमुख पिंकी देवी, दिलीप कुमार महतो, संजय कुमार महतो, किशोर महतो, अनूप महतो, कविता देवी, लक्ष्मी देवी, नीलू देवी, निर्मल देवी, अनिल कुमार सोरेन, रवि सोरेन, एवं रविंदर सोरेन समेत अनेक ग्रामीण शामिल थे। ग्रामीणों ने बताया कि उन्हें निरंतर डराया-धमकाया जा रहा है और सामाजिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। रैयतों ने उपायुक्त से सुरक्षा की मांग के साथ-साथ दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की भी अपील की। शारदा सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता है, तो वे जिला परिषद के मंच से लेकर सड़क तक, हर स्तर पर रैयतों के हक की लड़ाई लड़ेंगी।

## अपर्णा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में पर्यावरण पर कविता प्रतियोगिता आयोजित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इनर क्लब ऑफ धनबाद माइलस्टोन डिस्ट्रिक्ट 325, चैप्टर 8181 ने कुसुम विहार, फेस वन स्थित अपर्णा पब्लिक स्कूल के जूनियर विंग में बच्चों के बीच पर्यावरण विषय पर कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि आइपीपी रश्मी सहाय थीं। प्रतियोगिता को सरल एवं सुलभ बनाने के लिए बच्चों को दो ग्रुप में बांट कर करवाया गया। बच्चों द्वारा कविता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर अपने अपने विचार प्रस्तुत किये गये। साथ ही बच्चों ने मॉडल, पोस्टर और विभिन्न क्राफ्ट किये गये आकृतियां के जरिए जल,वायु,ध्वनी प्रदूषण से बचाव के संदेश दिए। प्रतियोगिता इनरवियर क्लब की उपाध्यक्ष रेनू कौशल, क्लब की आईएसओ गीता चौबे, इंदिरा महापात्र, उषा सिंह के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर क्लब की उपाध्यक्ष रेनू कौशल ने कहा नन्हे बच्चों ने कविता के माध्यम से लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की कोशिश की है। उन्होंने सभी से अपील किया की बच्चों को पर्यावरण, पेड़ों का संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण की विकसित आदतें सिखाएं एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए तैयार करें। इससे भविष्य में नई पीढ़ी के द्वारा पर्यावरण के संदर्भ में दूरगामी परिमाण बहुत ही सुखद होंगे। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपर्णा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर करुणेश कौशल, स्कूल इंचार्ज अनुप्रिया का महत्वपूर्ण योगदान था।

## पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने किया पौधरोपण




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्प को पूरा करने के उद्देश्यय से उनके मार्गदर्शन में लिटिन एंजेल किंडरगार्डेन एंड प्ले स्कूल, कोनहाराघाट के प्रागंण में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाली के सकंल्प को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हमें समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करना चाहिए ताकि हमारे आस-पास हरियाली रहे तथा साथ ही साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रह सके। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी दी गयी तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरुकता लाने के उद्देश्य से एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि पेड़-पौधे कार्बन डाइआक्साइड एवं अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित कर हमें ऑक्सीयजन प्रदान करते हैं जिससे हमें अधिक मात्रा में ऑक्सीजन प्राप्त होता है जो हमारे जीवन के लिए बहुत लाभदायक हैं। उपस्थित सभी बच्चों से भी पौधरोपण कराया गया। विद्यालय में उपस्थित सभी बच्चों के साथ-साथ सिलाई केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही सभी महिलाओं को उपहार स्वरुप गमले सहित एक-एक पौधा दिया गया तथा घर में इसकी देखभाल करते रहने के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर संगठन की सचिव मीनाक्षी, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।

# जेवर दुकान में दो लाख के गहने की चोरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया/ जोड़ापोखर।** सुदामडीह थाना क्षेत्र स्थित बिरसा पुल के समीप भौरा निवासी शम्भू कुमार वर्मा के दिलीप ज्वेलर्स के सोने चांदी की दुकान के छत का एल्वेस्टर सीट तोड़कर अज्ञात चोरो ने सोने चांदी के आभूषण लेकर चलते बने। वही दुकान संचालक शम्भू कुमार वर्मा ने बताया की रविवार की शाम प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर अपने घर चला गया था सोमवार को डॉक्टर से जांच कराने के लिए गया हुआ था वापस आने पर अपने घर चला गया दुकान नहीं जा सका। जब मंगलवार को दुकान खोलने पहुंचा तो देखा की दुकान के ऊपर का एलवेस्टर सीट टुटा हुआ है और दुकान के अंदर बरसात के पानी भरा हुआ है तथा समान बिखरा पड़ा है और सोने चांदी के आभूषण गायब है। जिसकी कीमत दुकान संचालक वर्मा ने लगभग दो लाख की जेवरात गायब है।

सुदामडीह पुलिस घटना स्थल पहुंच मामले की छानबीन जांच मे जुट गयी है। सुदामडीह थाना के प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया की घटना की जानकारी मिली है पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है।

## कतरी नदी में मिला अज्ञात शव जांच में जुटी पुलिस

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बाघमारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रामकनाली ओपी के ओझा बागान के समीप कतरी नदी में मंगलवार की अहले सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कतरी नदी में कुछ महिलाएं स्नान कर रही थीं, तभी उन्होंने नदी में एक शव को बहता हुआ देखा, जो पास के एक दलदली और झाड़ीदार क्षेत्र में जाकर फंस गया। यह खबर तुरंत आसपास के ग्रामीणों तक पहुंची, जिसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गयी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, राँची (ग्रामीण)।**
लाईन टैंक रोड, लकड़ा गोदाम, राँची, पिन कोड नं० : 834001
ई-मेल : eercdranchi-gramin@jharkhandmail.gov.in

पत्रांक : दिनांक :

**प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना में संशोधन**

दिनांक-12.07.2025 को PR No.- 357043 Road (25-26)_D से प्रकाशित अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-RCD/RANCHI( GRAMIN)-02/ 2025 -26, Dt. 10.07.2025 के क्रम संख्या-05 पर अंकित कार्य में निम्नवत संशोधन किया जाता है :-

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | बुंडू-सोनाहातू-जामुदाग-जरिया पथ के कि०मी० 0.00 से 10. 00 तक में साधारण मरम्मति कार्य। | 25.00 | 50000.00 | 5000.00 | 45 दिन |

2. निविदा की शेष शर्तें यथावत रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR.NO.357318 Road(25-26):D


# बोकारो इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण सह आधुनिकीकरण के लिए लोक सुनवाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** सेल द्वारा बोकारो इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और ब्राउनफील्ड विस्तार के माध्यम से बोकारो में लगभग 25000 करोड़ रुपये के निवेश का अनुमान है। इसके लिए, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बोकारो में सेल/ बोकारो इस्पात संयंत्र के मौजूदा 5.77 एमटीपीए से 9.10 एमटीपीए हॉट मेटल और 5.006 एमटीपीए से 8.806 एमटीपीए क्रूड स्टील के प्रस्तावित विस्तार सह आधुनिकीकरण के लिए 15 जुलाई को बोकारो क्लब में एक लोक सुनवाई आयोजित की। मेनका, निदेशक परियोजनाएं, भूमि एवं पुनर्वास, बोकारो ने बैठक की अध्यक्षता की। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, रांची से गीता एक्का और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, धनबाद से विवेक कुजूर ने जन सुनवाई का संचालन किया।

प्रस्तावित विस्तार सह आधुनिकीकरण के बारे में एक संक्षिप्त प्रस्तुति बोकारो स्टील प्लांट की महाप्रबंधक/ पर्यावरण प्रीति झा द्वारा दी गयी। उल्लेखनीय है कि प्रस्तावित विस्तारीकरण -सह-आधुनिकीकरण में सेल/ बोकारो स्टील प्लांट द्वारा नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। यह प्लांट ऊर्जा कुशल होगा और कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा क्योंकि आधुनिकीकरण के साथ स्टैंप चार्ज बैटरी, हाई वॉल्यूम ब्लास्ट फर्नेस, थिन स्लैब कास्टर और डायरेक्ट रोलिंग मिल जैसी अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग किया जायेगा। लोक सुनवाई में बोकारो जिले के 200 से अधिक निवासियों ने भाग लिया और लोक सुनवाई के दौरान रोजगार, टाउनशिप, पर्यावरण संरक्षण, विस्थापन आदि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने प्रश्न और सुझाव रखे।

बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक, पर्यावरण डीके सक्सेना ने पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया और बताया कि बोकारो स्टील प्लांट के विस्तार और आधुनिकीकरण से इस क्षेत्र के समग्र विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। संयंत्र के आधुनिकीकरण से न केवल प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बल्कि बोकारो और आसपास के क्षेत्रों में संचालित स्थानीय और सहायक लघु एवं मध्यम उद्योगों के समग्र विकास में भी मदद मिलेगी। लोक सुनवाई में इआइए-इएमपी सलाहकार मेसर्स एमएन दस्तूर भी उपस्थित थे, साथ ही परियोजना, मानव संसाधन, एलएंडडी, नगर प्रशासन, सीएसआर, हॉर्टिकल्चर आदि विभिन्न विभागों के प्रमुख भी उपस्थित थे।


**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग**

**-: आम सूचना :-**

एतत् द्वारा सभी आम एवं खास को सूचित किया जाता है कि खास महाल लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु झारखण्ड सरकार के विभागीय परिपत्रांक 5727/रा0, दिनांक 30.11.2017 के आलोक में वंशावली प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उक्त परिपत्रांक के आलोक में निम्न लीजधारियों का वंशावली प्रमाण पत्र अंचल अधिकारी, सदर के कार्यालय से प्राप्त है।

अंचल अधिकारी, सदर द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि उक्त वंशावली प्रमाण पत्र विहित प्रक्रिया का पालन करते हुए निर्गत किया गया है, लेकिन खासमहाल की लीज भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु उक्त वंशावली प्रमाण पत्र का सत्यापन अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, हजारीबाग के स्तर से कराना आवश्यक प्रतीत होता है।

अतः उक्त के आलोक में खास महाल भूमि के लीज नवीकरण/नामान्तरण हेतु प्रेस-विज्ञप्ति के माध्यम से वंशावली की आम सूचना प्रकाशित की जा रही है। यदि उक्त वंशावली के संबंध में किसी भी आम एवं खास को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिनों के अन्दर साक्ष्यों के साथ अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करें। सूचना प्रकाशन के पंद्रह दिनों बाद कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा।

स्व0 बाबू जितेन्द्र नाथ सेन
↓
स्व0 डा0 रतेन्द्र नाथ सेन (मृत)(लीजधारी) | श्री रविन्द्र नाथ सेन (लीजधारी) | श्री अम्ब्रीश सेन (लीजधारी) | श्रीमति रेखा रॉय (लीजधारी)

स्व0 डा0 रतेन्द्र नाथ सेन → श्रीमति संध्या सेन (पत्नी)
↓
डा0 परसनजीत सेन | श्रीमति गोपा सेन | श्रीमति अनुराधा सेन गुप्ता

अनुमण्डल पदाधिकारी,
सदर, हजारीबाग

PR 357315 District (25-26)_D


# बीसीसीएल ने सुरक्षा को लेकर महेशपुर कोलियरी का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** महेशपुर कोलियरी में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बीसीसीएल की आईएसओ टीम ने सोमवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने खदान क्षेत्र में जल निकासी व्यवस्था, नाला, महेशपुर आउटसोर्सिंग एरिया तथा जल जमाव वाले स्थलों का गहन मुआयना किया। आइएसओ टीम के धर्मेंद्र कुमार और नरेश राय ने कोलियरी प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये तथा जल निकासी व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के मानकों का पालन सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर क्षेत्रीय सेफ्टी पदाधिकारी नारायण सिंह, कोलियरी प्रबंधक नारायण हांसदा, रमेश विश्वकर्मा, सेफ्टी पदाधिकारी अंकित वर्णवाल, विकास कुमार सहित अंन्य अधिकारी मौजूद थे।

# धरने पर बैठे ग्रामीणों ने चानक बंद करने को लेकर किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/ जोड़ापोखर।** सेल कंपनी की जीतपुर कोलियरी को जल रिसाव से खतरा बताकर प्रबंधन द्वारा खदान को बंद किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने चौदहवे दिन लगातार धरने पर बैठे ग्रामीणों कोलयरी गेट हंगामा किया सेल चासनाला कोलयरी से सेल कर्मी वाइंडर और वेल्डर को बुलाकर नूनीडीह चानक को बंद करने को लेकर कोलयरी से समान ले जा रहे वाहन को मजदूर एव ग्रामीणों रोककर हंगामा करने लगे राष्ट्रीय जनता श्रमिक संघ के शाखा सचिव रंजीत यादव उर्फ गुड्डू के नेतृत्व में दंडाधिकारी आशुतोष राणा के बीच घंटो वार्ता हुई शाखा सचिव रंजीत यादव ने कहा कि इस तरह के कार्य से जांच प्रभावित होगा जब तक श्रमायुक्त का निर्णय नही आता है तब तक कोलयरी में इस तरह का कार्य को बंद रखा जायेगा। जब तक मजदूरों तथा स्थानीय लोगों को न्याय नहीं मिलता है तब तक उनके संगठन का आंदोलन जारी रहेगा। खदान चालू कराने की मांग किया तो वही ठेका कर्मियों एवं स्थानीय समस्याओं अविलंब समाधान करने की मांग किया। मौके पर रंजीत कुमार यादव (गुड्डू यादव), शिव कुमार तिवारी, बिरेन्द्र ठाकुर ,सुभाष शर्मा, बिनय पाण्डेय, सीताराम पासवान, सूरज पासवान, सुरेश यादव, संजय थापा आदि मौजूद थे।


**न्यायालय , प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल**

**न्यायालय सूचना**

एतद द्वारा निम्नलिखित सूचीबद्ध कम्पलेन (एफ0) केस में जप्त वाहनों/ जप्त वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जप्त वाहनों/ वन पदार्थो के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में राज्यसात की कार्रवाई चलाई जा रही है जिसमें अधिकतर वादों में विपक्षी या तो प्रारंम्भिक स्तर से ही अनुपस्थित हैं या किसी-किसी वादों में काफी लम्बे समय से लगातार अनुपस्थित हैं ।

अतः इस सूचना के माध्यम से अंतिम मौका देते हुए जप्त निम्नलिखित सूचीबद्ध वाहनों एवं वन पदार्थो से संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि संबंधित राज्यसात वादो में सुनवाई की निर्धारित तिथि 24.07.2025 को प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल के न्यायालय में स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | कम्पलेन (एफ0) संख्या | घटना स्थल एवं तिथि | राज्यसात वाद संख्या | जप्त वाहन / वन पदार्थ | सुनवाई हेतु निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कम्पलेन केस संख्या 1999/ 2024 | बलोदर वन 09.07.2024 | 75/2024 | महिन्द्रा ट्रैक्टर B275 DI- Eng. N0. NLD2EME0026 Ch. No. BNABEXKLJD02421 ट्रेलर पर बालु लदा | 24.07.2025 |
| 2 | कम्पलेन केस संख्या 2235/ 2024 | नवादा वन 28.07.2024 | 83/2024 | ओमनी वैन निबंधन सं0 - BR-17D-0777 उस पर लदा साल बोटा-19 पीस | 24.07.2025 |
| 3 | कम्पलेन केस संख्या 2035/ 2024 | असनाचुआ वन 09.07.2024 | 82/2024 | आयसर ट्रैक्टर मोडल- 242 - Eng. N0. 5142-29885847 Ch. No. 914310214035 ट्रेलर पर बालु लदा | 24.07.2025 |
| 4 | कम्पलेन केस संख्या 2242/ 2024 | जागोडीह वन 29.07.2024 | 81/2024 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर 475 DI- Eng. N0 RLG2KBA2614 Ch. No. MBNABAJAKLRG07697 डाला पर लकडी लदा हुआ । 2. बिना नम्बर प्लेट का एक नीला रंग का हीरो ग्लैमर मोटरसाईकल | 24.07.2025 |
| 5 | कम्पलेन केस संख्या 1673/ 2024 | राउतपारा वन 06.06.2024 | 66/2024 | स्वराज ट्रैक्टर 834- Eng. N033.1003/SLF0075 Ch. No. QZTG22705008599 डाला पर कोयला लदा 02 टन | 24.07.2025 |
| 6 | कम्पलेन केस संख्या 1745/ 2024 | बरबनिया वन 15.06.2024 | 69/2024 | 1. पावर ट्रैक ट्रैक्टर 434 DS Plus चेचीस सं0- TB 53304340CE ई0 नं0 E339945 2. पावर ट्रैक ट्रैक्टर 434 DS Plus चेचीस सं0- T053352312 EF ई0 नं0 E3395017 3. साईकल-18 पीस कोयला लदा | 24.07.2025 |
| 7 | कम्पलेन केस संख्या 1453/ 2024 | पकरीबरवावन 16.05.2024 | 61/2024 | पावर ट्रैक ट्रैक्टर - Eng. N0. C3096403 SL. No. 88916379 पटरा- 60 Cft. | 24.07.2025 |
| 8 | कम्पलेन केस संख्या 1618/ 2024 | हरली ग्राम 30.05.2024 | 62/2024 | टाटा मिनी ट्रक ACE ex निबंधन सं0 JH-02AA-8326 शिशम बोटा- 07 पीस | 24.07.2025 |
| 9 | कम्पलेन केस संख्या 3839/ 2023 | झुरझुरी गंगटियाही रास्ता 21.11.2023 | 46/2024 | स्वराज ट्रैक्टर 834 XM बिना नम्बर का , डाला पर 11 पीस शिशम बोटा | 24.07.2025 |
| 10 | कम्पलेन केस संख्या 4055/ 2023 | खोडाआहर वन 11.12.2023 | 22/2024 | ACE कम्पनी का ट्रैक्टर हल लगा हुआ , ई0 नं0 A40TRAE0000729 | 24.07.2025 |
| 11 | कम्पलेन केस संख्या 367/ 2024 | सोहरा वन 03.02.2024 | 27/2024 | 1. टाटा मैजिक निबंधन सं0 - JH-02BA-0345 चिरान पटरा- 15 सी0एफ0टी0 2. बिना नम्बर का हिरो ग्लैमर मोटर साईकल | 24.07.2025 |
| 12 | कम्पलेन केस संख्या 44/ 2024 | भगहर वन 03.01.2024 | 13/2024 | 1. महिन्द्रा ट्रैक्टर डाला सहित ई0 सं0 - RJL2EAN0724 लकडी लदा 2. महिन्द्रा ट्रैक्टर डाला सहित ई0 सं0 - DR077A लकडी लदा | 24.07.2025 |
| 13 | कम्पलेन केस संख्या 4205/ 2023 | कांटी वन 26.12.2024 | 17/2024 | तीन पहिया टेम्पू-2 बिना नम्बर का , चिरान पटरा लदा | 24.07.2025 |
| 14 | कम्पलेन केस संख्या 74/ 2024 | बरकनगांगो वन 05.01.2024 | 12/2024 | हीरो होण्डा मोटर साईकल सं0 - JH-12B-8868 | 24.07.2025 |
| 15 | कम्पलेन केस संख्या 1007/ 2024 | एन0एच0 2 03.04.2024 | 47/2024 | टाटा 207 पिकअप वैन सं0 - BR-27-8509 पटरा लदा- 55 सी0एफ0टी0 | 24.07.2025 |

प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-
वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल

PR 357329 Forest, Environment and Climate Changes(25-26)D

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड विभा सिंह को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। मंगलवार 15 जुलाई, 2025 को राजधानी के शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य के लिए नन्हें कदम प्ले स्कूल की संस्थापक निदेशक विभा सिंह को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने नन्हें कदम प्ले स्कूल की संस्थापक निदेशक विभा सिंह को प्रमाण पत्र सौंपा।

## यमन में भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा टली

**सना (एजेंसी)।** यमन में मौत की सजा पाने वाली केरल की नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा फिलहाल टाल दी गयी है। उसे 16 जुलाई को सजा-ए-मौत दी जानी थी। न्यूज एजेंसी ने मंगलवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्टिविस्ट ग्रुप और प्रभावशाली धार्मिक नेताओं ने इस मामले में दखल दिया, जिसके बाद निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित कर दी गयी है। इससे पहले निमिषा को मौत की सजा से बचाने के लिए डिप्लोमैटिक लेवल पर भी कई कोशिशें की गयी थीं। खबर यह भी है कि पीड़ित का परिवार अभी तक क्षमादान या ब्लड मनी स्वीकार करने के लिए सहमत नहीं हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कंथापुरम के ग्रैंड मुफ्ती एपी अबूबकर मुसलियार और यमन के चर्चित सूफी विद्वान शेख हबीब उमर बिन हाफिज इस मसले पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें यमन के सुप्रीम कोर्ट के एक जज और मृतक के भाई भी शामिल हैं। यमन के शेख हबीब को बातचीत के लिए मुफ्ती मुसलियार ने मनाया। ऐसा भी पहली बार हुआ है, जब पीड़ित परिवार का कोई करीबी सदस्य बातचीत को तैयार हुआ है। यह बातचीत शरिया कानून के तहत हो रही है, जो पीड़ित परिवार को दोषी को बिना किसी शर्त के या फिर ब्लड मनी के बदले में माफ करने का कानूनी अधिकार देता है। मुफ्ती कांथापुरम ने न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि इस्लाम में हत्या के बदले दीया (मुआवजा) देने का भी रिवाज है। मैंने उनसे दीया स्वीकार करने की अपील की क्योंकि यहां पार्टी इसके लिए तैयार है। इस बारे में बातचीत चल रही है।

## उत्तराखंड में 150 मीटर गहरी खाई में गिरी जीप, बच्ची समेत आठ की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिथौरागढ़।** उत्तराखंड में मंगलवार शाम पिथौरागढ़ जिले में एक मैक्स जीप बेकाबू होकर 150 मीटर गहरी नदी में गिर गई। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक स्कूली बच्ची समेत 4 महिलाएं हैं। जबकि 5 घायल हुए हैं। हादसा सोनी पुल के पास हुआ। जीप मुवानी से बकटा जा रही थी। जिसमें 13 लोग सवार थे। सूचना पाकर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। एसडीआरएफ, पुलिस और अन्य रेस्क्यू टीमों ने घायलों को नदी से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल भिजवाया। मृतक बोकटा क्षेत्र के निवासी हैं। घायलों में तीन की हालत गंभीर है। सभी का मुवानी पीएचसी में इलाज चल रहा है।जीप शाम करीब 4 बजे यात्रियों को लेकर मुवानी से बकटा जा रही थी। जीप बकटा से थोड़ी ही दूर पर थी। तभी ड्राइवर संतुलन खो बैठा और जीप खाई में पलटते हुए नदी में जा गिरी।




## भारत में लांच हुई टेस्ला मॉडल वाई



**मुंबई (आजाद सिपाही)।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी इलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला का पहला शोरूम 15 जुलाई को मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में खुल गया है। अभी केवल मॉडल वाइ कार भारत में बेची जायेगी। इसकी कीमत 60 लाख रुपये से शुरू है। ये अमेरिका की तुलना में 28 लाख रुपये ज्यादा है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने टेस्ला शोरूम का उद्घाटन किया। मुंबई का ये स्टोर लोगों के लिए एक एक्सपीरियंस सेंटर के तौर पर काम करेगा। यानी यहां न सिर्फ गाड़ियां बेची जायेंगी, बल्कि लोग टेस्ला की टेक्नोलॉजी और फीचर्स को भी करीब से देख सकेंगे। कंपनी का दावा है कि ये कार एक बार फुल चार्ज में 622 किलोमीटर तक चल सकती है। कार में सेफ्टी के लिए 8 एयरबैग के साथ लेवल-2 एडास जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कार की बुकिंग शुरू कर दी गई है। आप कंपनी की ऑफिशियल वेबसाइट से 22 हजार रुपये की टोकन मनी देकर इसे बुक कर सकते हैं। ईवी की डिलीवरी अक्टूबर से शुरू की जायेगी।

## क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज (आजाद सिपाही)।** क्रिकेटर यश दयाल की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोर्ट ने कहा कि आपको एक दिन, दो दिन के लिए मूर्ख बनाया जा सकता है। मगर 5 साल के रिश्ते में किसी को मूर्ख नहीं बनाया जा सकता। यौन उत्पीड़न की एफआइआर के खिलाफ यश दयाल ने याचिका दाखिल की थी। मंगलवार को न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा एवं अनिल कुमार की खंडपीठ ने सुनवाई की। हाईकोर्ट ने इस मामले में विपक्षी पार्टी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। क्रिकेटर पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता के मुताबिक दोनों की मुलाकात लगभग पांच साल पहले हुई थी। 27 साल के दयाल के खिलाफ 6 जुलाई को गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 69 के तहत एफआइआर दर्ज की गयी थी।





































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**